



# जागरूक टाइम्स

मुंबई, सिरोही, जयपुर से प्रकाशित

www.jagruktimes.co.in

▶ वर्ष 21 ▶ अंक-226 ▶ मुंबई, शनिवार, 15 मार्च 2025 ▶ मुंबई ▶ पृष्ठ 12 ▶ मूल्य ₹4


नोरा फतेही ने कार्तिक आर्यन पर कसा तंज

...पेज 11












## तमिलनाडु में भी दिल्ली जैसा शराब घोटाला

# 1000 करोड़ की हेराफेरी!

▶▶ बीजेपी ने स्टालिन सरकार पर लगाया आरोप

▶▶ भ्रष्ट आचरणों का संकेत देने वाले 'साक्ष्य' मिले : ईडी

**चेन्नई।** डीएमके चीफ एमके स्टालिन के नेतृत्व वाली तमिलनाडु सरकार पर बीजेपी ने सरकारी तमिलनाडु राज्य विपणन निगम (टीएएसएमएसी, टैसमैक) के जरिए 1,000 करोड़ रुपए का शराब घोटाला करने का आरोप लगाया है। भाजपा ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की छापेमारी के बाद ये दावा किया है और आरोप लगाया है कि ईडीकी छापेमारी ने बड़े पैमाने पर वित्तीय अनियमितताएं उजागर हुई हैं। दूसरी तरफ डीएमके ने इन आरोपों को निराधार करार दिया है।



भाजपा ने मुख्यमंत्री एमके स्टालिन पर जानबूझकर भाषा विवाद खड़ा करने का भी आरोप लगा या है और कहा कि वह त्रिभाषा नीति पर तमिलनाडु के लोगों को गुमराह कर रहे हैं। भाजपा ने डीएमके सरकार पर तब हमला बोला है, जब डीएमके सरकार विधानसभा में 2025-26 का वार्षिक बजट पेश कर रही थी।

### टैसमैक के संचालन में 'कई अनियमितताएं' : ईडी

इससे पहले प्रवर्तन निदेशालय ने छापेमारी के बाद बृहस्पतिवार को कहा कि उसे तमिलनाडु की सरकारी शराब कंपनी टैसमैक के संचालन में 'कई अनियमितताएं' मिली हैं, जिनमें निविदा प्रक्रियाओं में हेराफेरी और डिस्टिलरी कंपनियों के जरिए 1,000 करोड़ रुपये के 'बेहिसाब' नकद लेनदेन शामिल हैं। आर्थिक जांच एजेंसी ने एक बयान में कहा कि उसे छह मार्च को तमिलनाडु राज्य विपणन निगम लिमिटेड (टैसमैक) के कर्मचारियों, डिस्टिलरी के कॉरपोरेट कार्यालयों और उत्पादन संयंत्रों पर छापेमारी के बाद इन भ्रष्ट आचरणों का संकेत देने वाले 'साक्ष्य' मिले।

### रुपए का सिंबल तमिल भाषा में

▪ केंद्र सरकार से तनाव के बीच तमिलनाडु सरकार ने राज्य बजट में रुपए के प्रतीक चिह्न को बदलकर तमिल भाषा में कर दिया है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने इस कदम को लेकर तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन पर निशाना साधा है। इस मुद्दे से जुड़ी एक खास बात ये भी है कि रुपये के प्रतीक चिह्न को एमके स्टालिन की पार्टी डीएमके के ही पूर्व विधायक के बेटे ने डिजाइन किया था।



### मुझे जानकारी नहीं : धर्मलिंगम

आईआईटी गुवाहाटी के प्रोफेसर उदय कुमार धर्मलिंगम, जिन्होंने भारतीय रुपए के प्रतीक चिह्न को डिज़ाइन किया था, उन्होंने कहा– "मुझे इस सिंबल चेंज के पीछे के कारणों के बारे में पूरी जानकारी नहीं है, संभवतः राज्य सरकार के पास परिवर्तन करने के अपने तरीके, विचार और कारण हैं। मैंने इसे 15 साल पहले डिज़ाइन किया था जब तत्कालीन केंद्र सरकार ने एक प्रतियोगिता आयोजित की थी और मैंने इसे जीता था, जिसके बाद उन्होंने इसे लागू किया और इसका व्यापक रूप से उपयोग किया जा रहा है।
मैं रुपये के प्रतीक चिह्न का डिजाइनर होने के कारण वास्तव में खुश हूँ, लेकिन मैंने कभी नहीं सोचा था कि कभी इस तरह की बहस होगी।



## कर्नाटक : होली के रंग में भंग

# छात्राओं पर डाला केमिकल कलर



▶▶ सात लड़कियां अस्पताल में भर्ती

▶▶ परीक्षाएं देने जा रही थीं सभी

**गडग।** कर्नाटक के गडग जिले से एक हैरान कर देने वाली खबर सामने आई है। यहां पर होली के रंग में भंग में उस समय पड़ गया जब होली मनाते समय बदमाशों के एक गिरोह ने कम से कम सात स्कूली छात्राओं पर केमिकल युक्त रंग डाल दिया। केमिकल वाले रंग के कारण छात्राओं की तबीयत बिगड़ गई और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। यह घटना जिले के लक्ष्मेश्वर कस्बे की है।

पुलिस ने बताया कि छात्राएं लक्ष्मेश्वर शहर के सुवर्णगिरी टांडा के पास बस स्टैंड पर बस का इंतजार कर रही थीं। छात्राएं बस से अपने स्कूल जा रही थीं। आज इन छात्राओं को परीक्षा देनी थी। बाइक से आए आरोपी इस घटना को अंजाम देने के बाद फरार होने में कामयाब हो गए। पुलिस स्थानीय लोगों और स्कूल बस में सवार अन्य यात्रियों से जानकारी जुटा रही है, जिससे आसानी से बदमाशों तक पहुंचा जा सके। अधिकारियों ने अभी तक मामले पर कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया है। जानकारी के अनुसार चार छात्राओं की हालत गंभीर है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, उन्हें आगे के इलाज के लिए गडग इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (जीआईएमएस) में भर्ती कराया गया है, जबकि बाकी लड़कियों का लक्ष्मेश्वर के स्थानीय सरकारी अस्पताल में इलाज चल रहा है।

# यूपी एटीएस के हत्थे चढ़ा पाक जासूस

**आगरा।** उत्तर प्रदेश के आगरा से यूपी एटीएस ने शुक्रवार को पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई एजेंट को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आईएसआई एजेंट की पहचान रविंद्र कुमार के रूप में हुई है। वह फिरोजाबाद जिले में स्थित ऑर्डिनेंस फैक्ट्री में चार्जमेन के पद पर है। रविंद्र आईएसआई के फैलाए हनी ट्रैप के जाल में फंसकर ऑर्डिनेंस फैक्ट्री के कई महत्वपूर्ण गोपनीय जानकारियां उनकी महिला जासूस को भेजता था। एटीएस एडीजी नीलाब्जा चौधरी ने इसकी जानकारी दी है।



आईएसआई को भेजता था फिरोजाबाद ऑर्डिनेंस फैक्ट्री की गोपनीय जानकारियां

### मोबाइल से मिले कई सुबूत

रविंद्र ने आईएसआई एजेंट नेहा शर्मा का नंबर 'चंदन स्टोर कीपर-2' के नाम से सेव किया था।उसके मोबाइल गैलरी में ऑर्डिनेंस फैक्ट्री के सीनियर अफसर और 51 गोरखा राइफल्स के अफसर के द्वारा लॉजिस्टिक ड्रोन के ट्रायल संबंधी जानकारी भी मिली हैं। पकड़े गए रविंद्र सिंह के मोबाइल से व्हाट्सएप चैट व भेजे गए कई गोपनीय दस्तावेज एटीएस के हाथ लगे हैं।

### पाक महिला ने की थी फेसबुक पर दोस्ती

आरोपी रविंद्र कुमार पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई के फैलाए हनी ट्रैप के जरिए महिला एजेंट से फंस गया था। वह रविंद्र से नेहा शर्मा बनकर बता करती थी। उनकी दोस्ती कई साल पहले फेसबुक के जरिए हुई थी। रविंद्र ने महिला एजेंट नेहा शर्मा को अपने मोबाइल से फिरोजाबाद के हजरतपुर में स्थित ऑर्डिनेंस फैक्ट्री के कई महत्वपूर्ण गोपनीय जानकारियां भेजी थीं। खुलासा हुआ है कि महिला ने बातचीत के दौरान बता दिया था कि वह पाक खुफिया एजेंसी के लिए काम करती है। लेकिन पैसों के लालच में रविंद्र सिंह गोपनीय दस्तावेज नेहा को भेज रहा था।

## राजकोट में तीन की मौत, 40 रेस्क्यू



▪ शहर के एक 12 मंजिला मकान में लगी आग

**राजकोट।** गुजरात के राजकोट शहर में शुक्रवार को सुबह-सुबह 12 मंजिला एक आवासीय इमारत में भीषण आग लग गई। इस हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि एक व्यक्ति घायल हो गया है। 40 निवासियों को बचा लिया गया। एक पुलिस अधिकारी ने इस बात की जानकारी दी। यह घटना 150 फुट रिंग रोड इलाके में हुई। सहायक पुलिस आयुक्त बी. जे. चौधरी ने कहा कि सुबह लगभग साढ़े नौ बजे अटलांटिस अपार्टमेंट की छठी मंजिल पर एक फ्लैट में शॉर्ट सर्किट के कारण आग लग गई। इस घटना में तीन लोगों की मौत हो गई जबकि एक घायल व्यक्ति को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मृतकों में से दो की पहचान कल्पेश लेउवा और मयूर लेउवा के रूप में हुई है। वहीं तीसरे व्यक्ति की पहचान अभी नहीं हो पाई है। मृतकों में से दो लोग बाहरी थे और किसी काम से इमारत में आए थे।

# चेन्नई के मशहूर डाक्टर ने परिवार संग की खुदकुशी

**चेन्नई।** चेन्नई में एक डाक्टर ने पत्नी और दो किशोर बेटों के साथ खुदकुशी कर ली। वजह बताया जा रहा है कि डाक्टर को पांच करोड़ रुपए का नुकसान हुआ था। पीड़ितों की पहचान मशहूर सोनोलॉजिस्ट डा. बालामुरुगन, उनकी पत्नी सुमति ( प्रैक्टिसिंग वकील), उनके बेटे दासवंत और लिंगेश के तौर पर की गई है। पुलिस के अनुसार, डा. बालामुरुगन और सुमति के शव उनके अन्ना नगर पश्चिम स्थित आवास के एक कमरे में पाए गए, जबकि उनके बेटों के शव दूसरे कमरे में पाए गए। गुरुवार सुबह जब परिवार का ड्राइवर उनके घर पहुंचा तो उसने शव को देखा। परिवार से कोई प्रतिक्रिया न मिलने पर उसने पड़ोसियों को इसकी जानकारी पुलिस को दी। खिड़कियों से झांकने पर पड़ोसियों के डा. बाला और उनकी पत्नी के शव दिखे।



▪ नुकसान और कर्ज से दबा था डाक्टर परिवार

पुलिस घर पहुंची और शवों को पोस्टमार्टम के लिए किलपौक मेडिकल कॉलेज (केएमसी) अस्पताल भेज दिया। डा. बालामुरुगन चेन्नई में कई अल्ट्रासाउंड डायग्नोस्टिक सेंटर के मालिक थे। डाक्टर को भारी वित्तीय नुकसान हुआ था, जिससे उन पर काफी कर्ज हो गया था। उनकी पत्नी सुमति शहर की अदालत में वकालत करती थीं। उनका बड़ा बेटा दासवंत अपनी बारहवीं कक्षा की बोर्ड परीक्षा की तैयारी कर रहा था, जबकि उनका छोटा बेटा लिंगेश दसवीं कक्षा में था। रिपोर्ट के अनुसार दासवंत 'नीट' मेडिकल प्रवेश परीक्षा की भी तैयारी कर रहा था।

## न्यूज BRIEF

### पाकिस्तान की मस्जिद में बम ब्लास्ट

**पेशावर।** उत्तर-पश्चिमी पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के दक्षिण वजीरिस्तान में मौलाना अब्दुल अजीज मस्जिद में शुक्रवार की नमाज के दौरान बम विस्फोट होने से एक वरिष्ठ मौलवी सहित चार लोग घायल हो गए। यह जानकारी जिला पुलिस अधिकारी आसिफ बहादर ने दी। यह विस्फोट मस्जिद में मौलवी द्वारा तकरीर देने के लिए बनाए गए मंच में लगाया गया था।

### जेके और लद्दाख में भूकंप के झटके

**कश्मीर।** जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में शुक्रवार को भूकंप के झटके महसूस किए गए. नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी के मुताबिक, शुक्रवार सुबह लद्दाख के कारगिल में 5.2 तीव्रता का भूकंप आया, जबकि जम्मू-कश्मीर में भी कई इलाकों में भूकंप के झटके महसूस किए गए. यहां भूकंप सुबह 2.50 बजे 15 किलोमीटर की गहराई पर आया।

### एयरपोर्ट कर्मी ने चुराए यात्री के 2500 डॉलर

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने एयरपोर्ट के दो कर्मचारियों को गिरफ्तार किया है। इन कर्मचारियों पर यात्रियों के बैग से 2,500 डॉलर चोरी करने का आरोप लगाया गया था। गौरव कुमार और प्रकाश चंद, इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट पर खोया-पाया विभाग में काम करते हैं। यात्री रोशन पटेल ने इस मामले में शिकायत दर्ज कराई है।

# नशे का अड्डा बना कोच्चि का सरकारी कॉलेज

**कोच्चि।** केरल के कलमस्सेरी स्थित राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज के बॉयज हॉस्टल से दो किलोग्राम गांजा जब्त किया गया। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि गुरुवार रात की गई छापेमारी में तीन छात्रों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस के अनुसार दो छात्रों को थाने से जमानत पर रिहा कर दिया गया, जबकि कोल्लम के कुलाथुपुझा निवासी 21 वर्षीय आकाश के खिलाफ एक अलग FIR दर्ज की गई। इस छात्र के कमरे से प्राधिकारियों ने 1.909 किलोग्राम गांजा बरामद किया। पुलिस ने बताया कि दूसरी एफआईआर में दो अन्य छात्रों- अलाप्पुझा के हरिपद निवासी आदित्यन (21) और करुनागपल्ली, कोल्लम निवासी अभिराज (21) के नाम शामिल हैं, जिनके पास से 9.70 ग्राम गांजा बरामद किया गया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि उन्हें थाने से जमानत मिल गई है। पुलिस के अनुसार, यह प्रतिबंधित सामान बिक्री और निजी इस्तेमाल दोनों के लिए था। थ्रीक्काकारा के एसीपी पी.वी. बेबी ने बताया कि पुलिस ने होली समारोह से पहले परिसर में भारी मात्रा में गांजा जमा किए जाने की गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी की।



▪ बॉयज हॉस्टल से दो किलोग्राम गांजा बरामद

▪ तीन आरोपी छात्र गिरफ्तार



## पश्चिम बंगाल: सात की मौत, आठ घायल

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के नादिया जिले में शुक्रवार को छपरा इलाके के लक्ष्मीगाछा में तेज रफ्तार कार ने एक के बाद एक तीन ई-रिक्शा को टक्कर मारी। इस भीषण सड़क हादसे में सात लोगों की मौत हो गई, वहीं आठ अन्य लोग घायल हो गए। पुलिस ने इस बारे में जानकारी दी है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि यह घटना तब हुई जब ई-रिक्शा सवार लोग आगामी ईद के त्योहार के लिए खरीदारी करने के बाद घर लौट रहे थे। विपरीत दिशा से आ रही तेज रफ्तार एसयूवी ने एक के बाद एक तीन ई-रिक्शा को टक्कर मारी, जिससे इलेक्ट्रिक वाहनों में सवार सात लोगों की मौके पर ही मौत हो गई और आठ अन्य घायल हो गए, जिनमें से दो की हालत गंभीर है। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## सुवेंदु अधिकारी ने 'दीदी' के खिलाफ खोला मोर्चा

# प. बंगाल में होंगी 2000 रैलियां



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल बीजेपी के सीनियर नेता सुवेंदु अधिकारी ने ममता सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। उन्होंने कहा कि राम नवमी के मौके पर एक करोड़ हिंदू लगभग दो हजार रैलियों में शामिल होंगे। इन 2000 रैलियों को निकालने वाले लोग प्रशासन से अनुमति न लें। अधिकारी ने कहा कि रैलियों के दौरान सभी लोग शांतिपूर्ण रहें यह सुनिश्चित करना प्रशासन की जिम्मेदारी है।

▪ राम नवमी रैली में शामिल होंगे एक करोड़ हिंदू

### रैली के लिए न लें अनुमति

विधानसभा में विपक्ष के नेता ने किसी समुदाय का नाम लिए बिना कहा, "रैली निकालने के लिए प्रशासन से कोई अनुमति न लें। हमें भगवान राम की प्रार्थना करने के लिए अनुमति की आवश्यकता नहीं है। हम शांतिपूर्ण रहेंगे। लेकिन यह सुनिश्चित करना प्रशासन का काम है कि अन्य लोग भी शांतिपूर्ण रहें।"


### छह अप्रेल को होगी रैली

सुवेंदु अधिकारी ने शुक्रवार को कहा कि पश्चिम बंगाल में छह अप्रेल को लगभग 2,000 रामनवमी रैलियों में "एक करोड़ से अधिक हिंदू" भाग लेंगे। पूर्व मेदिनीपुर जिले में अपने निर्वाचन क्षेत्र नंदीग्राम में एक कार्यक्रम में बोलते हुए अधिकारी ने रामनवमी आयोजकों से रैलियां निकालने के लिए प्रशासन से अनुमति न लेने का आह्वान किया क्योंकि 'हमें भगवान राम की प्रार्थना करने के लिए अनुमति की आवश्यकता नहीं है'।

## यूनेस्को में बढ़ा भारत का कद

# 64 योगिनी मंदिर समेत छह धरोहरों को अस्थायी सूची में मिली जगह

नई दिल्ली। यूनेस्को में भारत को बड़ी सफलता मिली है। भारत की अशोकन एडिक्ट साइट्स और 64 योगिनी मंदिर समेत छह धरोहरों को यूनेस्को की विश्व धरोहरों की अस्थायी सूची में जगह मिली है। यूनेस्को में भारत के स्थायी प्रतिनिधिमंडल ने यह जानकारी दी। यूनेस्को में भारत ने एक्स पर लिखा कि इन स्थलों को सात मार्च को सूची में जोड़ा गया था। यदि भविष्य में विश्व धरोहर सूची में शिलालेख के लिए किसी संपत्ति को नामांकित किया जाना है, तो विश्व धरोहर केंद्र की अस्थायी सूची में जोड़ना अनिवार्य है।



▪ छह धरोहरों में छत्तीसगढ़ में कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान, तेलंगाना में मुदुमल मेगालिथिक मेनहिर, उत्तर भारत के गुप्त मंदिर और मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश में बुंदेलों के महल शामिल

अस्थायी सूची में जोड़ी गई छह धरोहरों में छत्तीसगढ़ में कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान, तेलंगाना में मुदुमल मेगालिथिक मेनहिर, कई राज्यों में बनी मौर्य मार्गों में आने वाली अशोकन एडिक्ट साइट, कई राज्यों में बने चौसठ योगिनी मंदिर, उत्तर भारत के गुप्त मंदिर और मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश में बुंदेलों के महल शामिल हैं। अब यूनेस्को में भारत में अब संभावित सूची में 62 स्थल हैं। अस्थायी सूची' उन संपत्तियों की सूची है, जिन पर प्रत्येक देश यूनेस्को नामांकन के लिए विचार करना चाहता है। यूनेस्को की वेबसाइट के अनुसार चौसठ योगिनी मंदिरों में देश के कई स्थानों पर स्थित स्थल शामिल हैं। इन मंदिरों में जटिल पत्थर की नक्काशी के साथ 64 योगिनियों की छवियां हैं। ये मंदिर ज्यादातर पहाड़ी की चोटियों पर स्थित हैं।

## होली के दिन मौसम ने बदला रंग

# राजस्थान में गिरे ओले

▶▶ फसलों को भारी नुकसान

▶▶ दिल्ली-यूपी में हल्की बारिश

**जयपुर।** होली के मौके पर दिल्ली और यूपी सहित कई उत्तर भारतीय राज्यों में बारिश से मौसम सुहावना हो गया। राजस्थान में दिन में ही बारिश हुई और ओले भी गिरे। ओले गिरने से फसलों को खासा नुकसान हुआ। मौसम विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि पिछले 24 घंटों में पूर्वी राजस्थान के कुछ हिस्सों में हल्की बारिश दर्ज की गई। शुक्रवार की सुबह 8:30 बजे तक पिछले 24 घंटों में भरतपुर के वैर में 12 मिमी, बयाना, रूपवास और कामा में 9-9 मिमी, सीकर में 8 मिमी, राजगढ़ (अलवर), मनिया (धौलपुर) और नदबई (भरतपुर) में 7-7 मिमी, भुसावर (भरतपुर) में 6 मिमी और सेपऊ (धौलपुर) में 5 मिमी बारिश दर्ज की गई। भरतपुर में गुरुवार शाम तेज आंधी और बारिश के कारण बाइक सवार पिता और उसके दो बेटों पर बिजली का खंभा गिर गया। पुलिस ने बताया कि हादसे में पिता की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दोनों बेटे गंभीर रूप से घायल हो गए।



### ▪ सरसों एवं चने की पकी फसलें चौपट

▪ झुंझुनूं और चूरू जिले के कई इलाकों में हुई भारी ओलावृष्टि ने किसानों का होली का जश्न फीका कर दिया। शुक्रवार शाम को अचानक बदले मौसम के कारण झुंझुनूं जिले के मलसीसर सहित आसपास के इलाकों और चूरू जिले के कई भागों में तेज बारिश के साथ ओलावृष्टि हुई। करीब 10 मिनट तक लगातार गिरे ओलों ने खेतों और सड़कों पर सफेद चादर बिछा दी। ओलावृष्टि से सबसे अधिक नुकसान खेतों में पक चुकी सरसों और चने की फसलों को हुआ है।

पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे

# जोगीघोपा में बन रहा एमएमएलएच



## जीएम ने किया कार्य प्रगति का निरीक्षण

**मालीगांव।** पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे (पू. सी. रेलवे) के महाप्रबंधक चेतन कुमार श्रीवास्तव ने गति शक्ति मल्टी-मॉडल कार्गो टर्मिनल मास्टर प्लान के तहत विकसित किए जा रहे जोगीघोपा के मल्टी मॉडल लॉजिस्टिक्स हब (एमएमएलएच) में चल रहे रेल बुनियादी संरचना के विकास कार्यों का निरीक्षण किया। यह परियोजना पू. सी. रेलवे के रंगिया मंडल के अंतर्गत है। अपने दौरे के दौरान, उन्होंने ट्रैक बिछाने, यार्ड विकास और कनेक्टिविटी बढ़ाने सहित रेलवे निर्माण से संबंधित कार्यों की प्रगति का बारीकी से आकलन करते हुए यह सुनिश्चित किया कि टर्मिनल हब के शीघ्र पूरा होने के लिए सभी कार्य योजनाबद्ध कार्यक्रम के अनुरूप हो।

### एमएमएलपी एक महत्वपूर्ण परियोजना

जोगीघोपा एमएमएलपी रणनीतिक रूप से एक महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचा की परियोजना है, जो पूर्वोत्तर भारत के लिए एक लॉजिस्टिक हब के रूप में कार्य करेगी। इससे रेलवे और अंतर्देशीय जलमार्गों के माध्यम से कनेक्टिविटी बढ़ेगी। यह गेलेफू (भूटान) से 91 कि.मी., बांग्लादेश सीमा से 108 कि.मी. और गुवाहाटी से 147 कि.मी. दूर स्थित है, जो इसे बांग्लादेश, भूटान और नेपाल के साथ सीमा पार व्यापार के लिए एक प्रमुख प्रवेश द्वार बनाता है। यह टर्मिनल गोदामों, कोल्ड स्टोरेज, सीमा शुल्क क्लीयरेंस सुविधा और कई रेल साइडिंगों से सुसज्जित होगा, जिससे माल परिवहन को काफी बढ़ावा मिलेगा।

### परियोजना में तीन रेल लाइनों का निर्माण

इस परियोजना के रेलवे घटकों में तीन रेल लाइनों का निर्माण शामिल है, तथा भविष्य में पांच लाइनों तक विस्तार किए जाने की योजना है। पूर्ण परिचालन के पश्चात, टर्मिनल से प्रति माह 25 आवक तथा 25 जावक रेकों की हैंडलिंग होने की उम्मीद है, जिससे ऑटो घटकों, उर्वरकों, खाद्यान्नों, इस्पात, कोयला, क्लिंकर, स्टोन चिप्स तथा अन्य आवश्यक वस्तुओं के परिवहन में सुविधा होगी। हाल ही में उद्घाटन किए गए अंतर्देशीय जलमार्ग घटक ने पहले ही परिचालन शुरू कर दिया है, जिससे बांग्लादेश के लिए कार्गो की निर्बाध आवाजाही संभव हुई है।

### परियोजना पूर्ण होने से मिलेगा लाभ

यह कार्य पूर्ण हो जाने पर टर्मिनल परियोजना के अपार आर्थिक और लॉजिस्टिक लाभ प्रदर्शित होंगे। इससे परिवहन लागत कम होगी, आपूर्ति श्रृंखला दक्षता में सुधार होगा और पूर्वोत्तर क्षेत्र एवं उसके आस-पास के क्षेत्रों में औद्योगिक विकास को बढ़ावा मिलेगा। यह एमएमएलपी व्यापार को बढ़ावा देने, स्थानीय उद्योगों को सहयोग करने और पड़ोसी देशों के साथ व्यापारिक संबंधों में सुधार कर भारत की एक्ट ईस्ट नीति को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। जोगीघोपा मल्टी मॉडल लॉजिस्टिक्स हब का कार्य तीव्र गति से आगे बढ़ रहा है, जिससे यह इस क्षेत्र में माल लॉजिस्टिक्स के लिए एक बड़ा परिवर्तनकारी कदम साबित होगा। इससे आर्थिक विकास और कनेक्टिविटी के लिए रेलवे की बुनियादी संरचना को बढ़ाने के प्रति पू. सी. रेलवे की प्रतिबद्धता मजबूत होगी।

मध्य रेल मुंबई मंडल

# मेगा ब्लॉक 16 को



- नेरुल/बेलापुर-उरण पोर्ट लाइन को छोड़कर

### पनवेल-वाशी अप और डाउन हार्बर लाइन

पनवेल से सुबह 10.33 बजे से दोपहर 3.49 बजे तक सीएसएमटी मुंबई की ओर जाने वाली अप हार्बर लाइन की सेवाएं और सीएसएमटी मुंबई से सुबह 9.45 बजे से दोपहर 3.12 बजे तक पनवेल/बेलापुर की ओर जाने वाली डाउन हार्बर लाइन की सेवाएं निलंबित रहेंगी।पनवेल से सुबह 11.02 बजे से दोपहर 3.53 बजे तक ठाणे की ओर जाने वाली अप ट्रांस-हार्बर लाइन की सेवाएं और ठाणे से सुबह 10.01 बजे से दोपहर 3.20 बजे तक पनवेल की ओर जाने वाली डाउन ट्रांसहार्बर लाइन की सेवाएं निलंबित रहेंगी। ब्लॉक अवधि के दौरान सीएसएमटी-वाशी सेक्शन पर विशेष लोकल ट्रेनें चलेंगी। ब्लॉक अवधि के दौरान ठाणे-वाशी/नेरुल स्टेशनों के बीच ट्रांस-हार्बर लाइन की सेवाएं उपलब्ध रहेंगी। ब्लॉक अवधि के दौरान बेलापुर/नेरुल और उरण स्टेशनों के बीच पोर्ट लाइन सेवाएं उपलब्ध रहेंगी। नेरुल/बेलापुर-उरण पोर्ट लाइन को छोड़कर।

**मुंबई।** मध्य रेलवे, मुंबई मंडल 16 मार्च को विभिन्न इंजीनियरिंग और रखरखाव कार्यों को पूरा करने के लिए अपने उपनगरीय खंडों पर मेगा ब्लॉक परिचालित करेगा, जो इस प्रकार है। ठाणे और कल्याण स्टेशनों के बीच अप और डाउन फास्ट लाइन सुबह 10.40 बजे से दोपहर 3.40 बजे तक। सीएसएमटी मुंबई से सुबह 09.34 बजे से दोपहर 03.03 बजे तक छूटने वाली डाउन फास्ट/सेमी-फास्ट लोकल सेवाओं को ठाणे और कल्याण स्टेशनों के बीच डाउन स्लो लाइन पर डायवर्ट किया जाएगा, जो अपने संबंधित ठहरावों के अलावा कलवा, मुंब्रा और दिवा स्टेशनों पर रुकेंगी और अपने निर्धारित आगमन से 10 मिनट देरी से गंतव्य पर पहुंचेंगी। सुबह 10.28 बजे से दोपहर 03.40 बजे तक कल्याण से छूटने वाली अप फास्ट/सेमी-फास्ट सेवाएं कल्याण और ठाणे स्टेशनों के बीच अप स्लो लाइन पर डायवर्ट की जाएंगी। ये अपने संबंधित ठहरावों के अलावा दिवा, मुंब्रा और कलवा स्टेशनों पर रुकेंगी और आगे मुलुंड स्टेशन पर अप फास्ट लाइन पर डायवर्ट की जाएंगी। ये ट्रेनें अपने निर्धारित आगमन से 10 मिनट देरी से गंतव्य पर पहुंचेंगी। सीएसएमटी/दादर से छूटने वाली डाउन मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों को ठाणे और कल्याण स्टेशनों के बीच 5वीं लाइन पर डायवर्ट किया जाएगा। सीएसएमटी/दादर पहुंचने वाली अप मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों को कल्याण और ठाणे/विक्रोली स्टेशनों के बीच 6वीं लाइन पर डायवर्ट किया जाएगा।

# सीपी झील में डंपिंग अभी भी जारी

**ठाणे।** ठाणे के वागले एस्टेट क्षेत्र में सीपी झील स्थित बस डिपो के बगल में डंपिंग ग्राउंड में लगी आग को भी बुझा दिया गया। हालांकि, बुधवार को यह बात सामने आई कि डंपिंग की आग अंदर ही अंदर सुलग रही है। दमकल विभाग ने पानी की बौछार कर आग को पूरी तरह से बुझाने का काम शुरू कर दिया। दूसरी आग की घटना गायमुख गांव में हुई। सड़क किनारे खड़ी मारुति सुजुकी अर्टिगा कार में आग लग गई। आग लगने से कार पूरी तरह नष्ट हो गई। दमकल विभाग ने आग पर काबू पा लिया। किसी भी घटना में कोई हताहत नहीं हुआ। मंगलवार की रात, ठाणे (पश्चिम) के गायमुख गांव, गायमुख, ठाणे नगर परिवहन बस स्टॉप के सामने ठाणे-घोड़बंदर रोड पर एक मारुति सुजुकी एर्टिका कार में अचानक आग लग गई। घटना की सूचना मिलते ही शहर यातायात पुलिस के जवान और दमकल कर्मी मौके पर पहुंचे और तुरंत आग पर काबू पा लिया। ठाणे आपदा प्रबंधन विभाग ने बताया कि आग लगने से वाहन पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। वाहन में केवल ड्राइवर ही यात्रा कर रहा था। कासरवडावली पुलिस ने बताया कि वाहन में आग लग गई और चालक वाहन को सड़क के किनारे खड़ा कर मौके से फरार हो गया।


**मुंबई रेलवे विकास कॉर्पोरेशन लिमिटेड**

**निविदा हेतु आमंत्रण**
**MRVC/W/PNVL-KJT/Tunnel/OHE Fixing**
**(दो लिफाफा ई-प्रोक्योरमेंट निविदा प्रक्रिया)**

मुंबई रेलवे विकास कॉर्पोरेट लि., कॉर्पोरेट कार्यालय, दूसरी मंजिल, चर्चगेट स्टेशन भवन, मुंबई-400020 द्वारा, **मध्य रेलवे के मुंबई डिवीजन में एमयूटीपी-।।। के अंतर्गत पनवेल-कर्जत डबल लाइन उपनगरीय कॉरिडोर की सुरंगों (3 संख्या) के अंदर ओएचई फिक्सिंग व्यवस्था" हेतु ई—निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं।** निविदा के विवरण तथा निविदा दस्तावेज ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाइट https://www.ireps.gov.in पर उपलब्ध हैं। वेबसाइट https://www.ireps.gov.in पर परिपूर्ण ई-निविदा जमा करने की अंतिम तिथि **09.04.2025,** दोपहर **15:00 बजे** तक है। **शुद्धिपत्र, यदि कोई हो, केवल वेबसाइट पर ही प्रदर्शित किया जायेगा।** SNP 06



**उत्तर मध्य रेलवे**

**शुद्धि पत्र सं. 1**

**कार्य का नाम :** चुनार-चोपन दोहरीकरण परियोजना से संबंधित चुनार (सहित) से सोनभद्र (सहित) खंड में रेलवे लाइन बिछाने का कार्य" (दो चरणों वाली रिवर्स नीलामी)

**निविदा सूचना सं-CEN-CAR-CPU-2024-25-08**
**दिनांक : 24.02.2025**

उपरोक्त संदर्भित निविदा सूचना क्रमांक सं. के संबंध में निविदा दस्तावेज और एनआईटी में **CEN-CAR-CPU-2024-25-08** दिनांक : **24.02.2025** में निविदा खुलने की तिथि दिनांक : **27.03.2025** के बजाय **15.04.2025** पढ़ी जाए। उपरोक्त निविदा सूचना की अन्य सभी शर्तें यथावत रहेगी। **375/25 (C)**

@CPRONCR | North central railways | cproncrly | CPRONCR | www.ncr.indianrailways.gov.in



**10 केवीए सहायक ट्रांसफार्मर की आपूर्ति का प्रावधान**

**निविदा सूचना सं.: TRD/LMG/24 of 2024-25, दिनांक: 11-03-2025।** निम्नलिखित कार्यों के लिए अधोहस्ताक्षरी द्वारा ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: **निविदा सं.:** ईएल-टीआरडी-एनएफआर-एलएमजी-ओएचई-एमओडी30आर; **कार्य का नाम:**- लामडिंग मंडल के अंतर्गत सेक्शन गुवाहाटी-फरकटिंग जं., चापरमुख जं.-सेंचोवा जं.-आमोनी और बदरपुर जं.-अगरतला में 17 नग मानवयुक्त नन-इंटरलॉकिंग एलसी गेट स्थानों में 10 केवीए सहायक ट्रांसफार्मर की आपूर्ति का प्रावधान। विज्ञापित मूल्य: ₹54,71,277.23; धरोहर राशि: ₹1,09,400.00। **ई-निविदा** 03-04-2025 को 15:00 बजे **बंद होगी**। उपरोक्त ई-निविदा के निविदा कागजात के साथ संपूर्ण सूचना वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है।

**सीनि. डीईई/टीआरडी एवं जीएस/लामडिंग**

**पूर्वोत्तर सीमा रेलवे**
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


चोरों ने ठाणे पुलिस को दी चुनौती

# चौदह दुकानों में लगाई सेंध

- टेंभी नाका के पास चराई क्षेत्र में हड़कंप

**ठाणे।** ठाणे के टेंभिनकाया के पास चराई इलाके में मंगलवार की आधी रात के बाद चोरों ने लगातार 14 दुकानों में सेंध लगाकर चोरों ने ठाणे पुलिस को चुनौती दे डाली। चोर आठ दुकानों से केवल 27,950 रुपए ही ले जाने में सफल रहे। पुलिस ने बताया कि 14 दुकानों के शटर तोड़कर चोरी करने वाले चोर की तस्वीर सीसीटीवी में कैद हो गई है। नौपाड़ा थाने में अज्ञात चोर के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। नौपाड़ा पुलिस अज्ञात सीसीटीवी के जरिए चोर की तलाश कर रही है। शिकायतकर्ता हरीश बक्तावरमल जैन (43) निवासी 703, शेरोन सोसाइटी, चराई नौपाड़ा ठाणे द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत के अनुसार, चराई क्षेत्र में व्यावसायिक दुकानें हैं, जो टेंभी नाका से पैदल दूरी पर है। घटना की सूचना मिलने के बाद नौपाड़ा पुलिस और अपराध जांच शाखा की एक टीम मौके पर पहुंची। इस मामले में दुकानदारों का जवाब दर्ज कर लिया गया है। वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक अभय महाजन ने बताया कि इस संबंध में नौपाड़ा थाने में मामला दर्ज कर लिया गया है और घटनास्थल से हाथ के निशान लेकर जांच की जा रही है।



# मुंब्रा में एमडी के साथ एक गिरफ्तार

**ठाणे।** मुंब्रा में नशेड़ियों और नशीली दवाओं के सामान का व्यापार धड़ल्ले से चल रहा है। मुंब्रा में एक खुले स्थान पर एक नशेड़ी द्वारा एमडी (मेफेड्रोन) बेचने की सूचना के आधार पर, मुंब्रा पुलिस ने परवेज खान (22) को गिरफ्तार किया और उसके पास से एक मोबाइल फोन और 63 ग्राम मेफेड्रोन (एमडी) जब्त किया। मुंब्रा पुलिस स्टेशन की एक टीम को गोपनीय सूचना मिली थी कि मुंब्रा में मित्तल ग्राउंड नामक खुले स्थान पर मेफेड्रोन (एमडी) नामक दवा बेची जा रही है। पुलिस ने तुरंत सोमवार की रात जाल बिछाया और मित्तल मैदान में संदिग्ध हरकतें कर रहे युवक को हिरासत में ले लिया। उसका नाम परवेज खान (22) बताया गया। परवेज ने पुलिस को बताया कि वे अमृतनगर, मुंब्रा का रहने वाले हैं। एमडी का पैकेट उसकी जेब से मिला। उसका वजन 63 ग्राम था। उसने स्वीकार किया कि ड्रग्स उसकी हैं। मुंब्रा पुलिस स्टेशन में उसके खिलाफ मामला दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया है।



# पश्चिम रेलवे चलाएगा त्रि-साप्ताहिक स्पेशल

## असारवा और आगरा केंट के बीच चलेगी ट्रेन

**मुंबई।** पश्चिम रेलवे द्वारा होली फेस्टिवल और समर सीजन के दौरान यात्रियों की सुविधा तथा यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को देखते हुए उनकी यात्रा मांग को पूरा करने के उद्देश्य से आसरवा-आगरा केंट के बीच विशेष किराए पर त्रि-साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया गया है। जिसका विवरण निम्नानुसार है।

**ट्रेन संख्या 04170/04169 (16 फेरे)**

ट्रेन संख्या 04170 आसरवा-आगरा केंट स्पेशल 16 मार्च से एक अप्रेल तक प्रति मंगलवार, गुरुवार और रविवार को असारवा से प्रातः 09.15 बजे प्रस्थान करेगी तथा अगले दिन 02.30 बजे आगरा केंट पहुंचेगी। इस तरह ट्रेन संख्या 04169 आगरा केंट-असारवा स्पेशल 15 से 31 मार्च तक प्रति सोमवार, बुधवार और शनिवार को आगरा केंट से दोपहर 13.30 बजे प्रस्थान करेगी तथा अगले दिन प्रातः 05.45 बजे असारवा पहुंचेगी।



# सादगी और सौहार्द के साथ लोगों ने मनाई होली

- ठाणे पुलिस की बदमाशों/उपद्रवियों पर कड़ी नजर
- धूलि वंदना, शिव जयंती पर पुलिस ने किए व्यापक इंतजाम

**ठाणे।** ठाणे एक सांस्कृतिक शहर है, इसलिए यहां सभी त्यौहार बड़े उत्साह के साथ मनाए जाते हैं। वर्तमान में होली समाप्त हो गई, धूलि वंदना और शिव जयंती जैसे त्यौहार और समारोह बाकी हैं। इस बीच, ठाणे पुलिस ने कानून एवं व्यवस्था बनाए रखने के लिए एक अच्छी तरह से सुसज्जित पुलिस बल की योजना बनाई है। इस बीच, ठाणे पुलिस की गश्ती टीम उपद्रवियों पर कड़ी नजर रखेगी। होली 14 मार्च को, धूलिवंदन शुक्रवार, 14 मार्च को तथा शिव जयंती सोमवार, 17 मार्च को थी, जो शांति के साथ निपट गई। लोगों ने बहुत ही सौहार्द वातावरण में होली मनाई । 19 मार्च को रंग पंचमी जैसे त्यौहार और उत्सव मनाए जाएंगे। इस दौरान विभिन्न स्थानों पर विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए। ठाणे आयुक्तालय सीमा के भीतर कुल 570 होली दहन कार्यक्रम आयोजित किए गए थे। शिव जयंती के अवसर पर 99 स्थानों पर प्रतिमा पूजन, 373 स्थानों पर उतला पूजा तथा 97 स्थानों पर शिव जयंती जुलूस निकाले जाएंगे। सुरक्षा के दृष्टिकोण से, ठाणे पुलिस ने ठाणे पुलिस आयुक्तालय के भीतर किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए अच्छी तरह से सुसज्जित सुरक्षा व्यवस्था की योजना बनाई है। विभिन्न त्योहारों और जयंती के अवसर पर, ठाणे पुलिस ने ठाणे आयुक्तालय की विशेष शाखा के माध्यम से चार अतिरिक्त पुलिस आयुक्त, पांच उप पुलिस आयुक्त, दस सहायक पुलिस आयुक्त, 85 पुलिस निरीक्षक, 268 सहायक पुलिस निरीक्षक और 2979 पुलिस कर्मचारी, एसआरपीएफ की 2 कंपनियां, 525 होमगार्ड, 11 स्ट्राइकिंग मोबाइल, 5 पुलिस निरीक्षक, 10 सहायक पुलिस निरीक्षक और 77 पुलिस कर्मचारी, 77 महिला और पुरुष पुलिस कर्मचारी, और 5 पुलिस निरीक्षक, 10 सहायक पुलिस निरीक्षक और 10 पुलिस उप-निरीक्षक तैनात किए हैं। पुलिस गश्ती दल संभावित स्थानों पर स्थिति पर नजर बनाए रखेंगे।



# महाराष्ट्र के प्रथम मुख्यमंत्री यशवंतराव चव्हाण को नमन

## नवी मुंबई मनपा मुख्यालय में कार्यक्रम आयोजित

**नवी मुंबई।** नवी मुंबई मनपा मुख्यालय के एम्फीथिएटर में आधुनिक महाराष्ट्र की नींव रखने वाले महाराष्ट्र राज्य के पहले मुख्यमंत्री यशवंतराव चव्हाण की जयंती के अवसर पर उनकी प्रतिमा का पूजन कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर प्रशासन विभाग के उप आयुक्त शरद पवार, शहर अभियंता शिरीष आरदवाड, परिमंडल 1 के उप आयुक्त सोमनाथ पोटरे, समाज विकास विभाग के उप आयुक्त किसनराव पलांडे, प्रशासनिक अधिकारी उत्तम खरात, रवी जाधव सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।





**MAHATRANSCO**
Maharashtra State Electricity Transmission Co.Ltd.

**SRM TENDER NOTICE**

**MSETCL invites online bids (E-Tender) from reputed & registered Electrical contractors on Mahatransco Website http://srmetender.mahatransco.in for the following Tender specification.**

| | |
|---|---|
| **Tender No.** EE/EHV(O&M)/DN/DMB/e-Tender - 01/2025-2026 **RFx No.-7000035753** **Name of Tender:** Notice for SRM Tender for providing services of 11 Nos. of Outsource Manpower (05 Skilled outsource as LDC (HR)/Typist / LDC Cum Computer Operator and 04 Skilled labours as Peon at EHV O&M Division Dombivali) and 02 Skilled labour against outsource sanctioned (1 LDC (HR) at EHV Lines Maint. S/dn. Padghe-1 (Zone-III)and 1 LDC (HR) at EHV Lines Maint. S/Dn. Padghe-II(Zone-I) under EHV O&M Division, Dombivali for the period01.04.2025 to 31.03.2026 (F.Y. 2025-26) with ESIC **Estimated Cost :**Rs. 39,57,965/- [Including all taxes] **Tender Fee** :- Rs.500/- +5% Applicable Taxes (For all above tender) | **Online Downloading the RFx** :13.03.2025, 15:00 Hrs to 22,03.2025, 23:59Hrs. **Online Submission of the RFx:** On or Before 22.03.2025, 23:59Hrs. **Online Opening of the Techno Commercial response opening date:** 24.03.2025 at 11:00 hrs (If possible). **Price Bid Opening Date:** 25.03.2025 at 11:00 hrs (If possible). |
| **Tender No.** EE/EHV(O&M)/DN/DMB/e-Tender - 02/2024-2025 **RFx No.-7000035754** **Name of Tender**: Notice for SRM Tender for providing services of 86 Nos. of outsource manpower (59 Skilled outsource as ITI certified Technicians (Zone-I) and 27 Skilled outsource as ITI Certified Technicians (Zone-III) for operation & Maintenance of EHV substation at various substations under EHV (O&M) Dn., Dombivali for the period from 01.04.2025 to 31.03.2026 **Estimated Cost** :Rs. 3,16,28,622/- [Including all taxes] **Tender Fee** :- Rs.500/- +5% Applicable Taxes (For all above tender) | **Online Downloading the RFx :**13.03.2025, 15:00 Hrs to 27.03.2025, 11:00 Hrs. **Online Submission of the RFx:** On or Before 27.03.2025, 11:00 Hrs. **Online Opening of the Techno Commercial response opening date:** 27.03.2025 at 11:05 hrs (If possible). **Price Bid Opening Date:** 28.03.2025 at 11:00 hrs (If possible). |

For further details visit our website: http://srmetender.mahatransco.in
Contact Person :-The Dy. Manager (HR), Mob No. :- 9769020024
**Note:** All eligible Supplier / Contractors are mandated to get enrolled on SRM E-Tenders (New) portal of MSETCL.

**Executive Engineer**
**EHV O&M Dn Dombivali**



**उत्तर मध्य रेलवे**

**निविदा सूचना**

**निविदा सूचना संख्या 07/2025/आर.एस./जे.एच.एस. दिनांक 11.03.2025**

भारत के राष्ट्रपति के लिये तथा उनकी ओर से **वरि. मंडल विद्युत इंजीनियर (चल स्टॉक), उत्तर मध्य रेल, झाँसी** द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिये ऑनलाईन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से खुली निविदायें आमंत्रित की जाती हैं।

**कार्य का विवरण:** पारंपरिक इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव की लाइन और शंटिंग कॉन्टैक्टर (सीएलडब्ल्यू प्रकार) की मरम्मत/ओवरहालिंग।

| निविदा सं. | निविदा मूल्य | बयाना राशि | निविदा बंद होने की तिथि |
|---|---|---|---|
| झाँसी-आर.एस.-डब्ल्यू-सी.-टी35-2024-25 | ₹ 26153487.00 | ₹ 280800.00 | 08.04.2025 |

**स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन अवधि:** 30 माह। • निविदाकार निविदा दिनांक **08.04.2025** को **15.00** बजे तक आन लाईन जमा कर सकेंगे। • पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेल के वेबसाईट http://www.ireps.gov.in पर देखें। **471/25 FA**

North central railways | @CPRONCR | www.ncr.indianrailways.gov.in



**उत्तर मध्य रेलवे**

**क्रमांक झॉसी/डब्ल्यू/टी/टेण्डर जनरल** **दिनांकः 12.03.2025**

**ई-टेन्डरिंग निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये मण्डल रेल प्रबन्धक/कार्य/झाँसी निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाईन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित करते है।

**क्र. सं.: 1 ई-निविदा सूचना सं.:** झाँसी-इन्जी.-एन-2025-37, **कार्य का नामः** रिप्लेसमेंट ऑफ़ वेरियस पीएसआई इकुइप्मेन्टस ऑन ओवरएज्ड एंड कंडीशन वेसिस अलोंग विथ अदर एसोसिएटेड वर्क्स इन वेरियस स्विचिंग स्टेशन ऑफ झाँसी डिवीज़न (सिविल इंजीनियरिंग वर्क अंडर सीनियर/डीईएन/नार्थ/झाँसी।

**अनुमानित लागत (₹):** ₹ 34,48,306.30 | **अमानत राशि (₹):** ₹ 69,000.00

**क्र. सं.: 2 ई-निविदा सूचना सं.:** झाँसी-इन्जी.-एन-2025-38, **कार्य का नामः** प्रोविजन ऑफ़ आरसीसी बाउंड्री वाल अलोंग दी ट्रैक ऑन एप्रोच ऑफ़ भिंड स्टेशन अंडर एडीईएन/ग्वालियर।

**अनुमानित लागत (₹):** ₹ 2,92,000,90.19 | **अमानत राशि (₹):** ₹ 2,96,000.00

**निविदा बंद होने की तिथिः क्र. सं.: 1 एवं 2 के लिये:** 09.04.2025 at 15:00 hrs.

**स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथिः क्र. सं.: 1 के लिये:-** 09 माह, **क्र. सं. 2 के लिये**- 06 माह।

- निविदा दिनांक 09.04.2025 को 15:00 बजे तक ऑन लाईन जमा कर सकेंगे।
- पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेल के वेब साइट www.ireps.gov.in पर देखें। **476/25 (MG)**

North central railways | @ CPRONCR | www.ncr.indianrailways.gov.in


# जैसे होली के रंग उतर जाते हैं, वैसे ही सुख-दुख आते-जाते रहते : श्री श्री आनन्दमूर्ति

एक बार एक भक्त ने प्रश्न किया, बाबा! होली के रंगों का कोई आध्यात्मिक महत्व भी है? होली केवल एक पर्व नहीं, रंगों का उत्सव है जो हमारे जीवन और ब्रह्मांड की ऊर्जा को दर्शाता है। जीवन एक रंगीन यात्रा है, जिसमें हर भावना, हर क्षण और हर संबंध एक विशिष्ट रंग की तरह है। लेकिन क्या हमने कभी सोचा है कि ये रंग केवल दृश्य जगत तक सीमित नहीं हैं? बल्कि ये रंग ब्रह्मांड की तरंगों के ही प्रतिबिंब हैं। ब्रह्माण्ड समस्त सृष्टि, विभिन्न तरंगों और ऊर्जा के स्तरों पर स्पंदित होती है। हमारे चारों ओर जो कुछ भी है, चाहे वह ध्वनि हो, प्रकाश हो, या भावनाएं सब तरंगें हैं। इन्हीं तरंगों से रंगों की उत्पत्ति होती है। प्रकृति में तीन प्रमुख रंग होते हैं- श्वेत, लाल और काला। भारतीय दर्शन में इन तीनों रंगों का विशेष महत्व है। श्वेत रंग सत्व गुण का प्रतीक है। यह शांति, ज्ञान और पवित्रता का प्रतिनिधित्व करता है। श्वेत रंग आध्यात्मिक शुद्धता को दर्शाता है और आत्मा की मुक्ति की ओर इशारा करता है। होली पर जब गुलाल उड़ता है, तो उसका हल्का और उज्ज्वल स्वरूप हमें इस दिव्यता का अनुभव कराता है। लाल रंग रजस गुण का प्रतीक है। यह सृजन, क्रिया और प्रेम का रंग है। यह जीवन की सक्रियता और ऊर्जा को दर्शाता है। होली में लाल गुलाल लगाना प्रेम और उल्लास का प्रतीक माना जाता है। जबकि काला रंग तमस गुण का प्रतीक है। यह अज्ञान, रहस्य और आत्म-अवलोकन का प्रतिनिधित्व करता है। यह हमें यह सिखाता है कि जीवन में केवल प्रकाश नहीं, बल्कि अंधकार भी आवश्यक है, क्योंकि बिना अंधकार के प्रकाश की अनुभूति अधूरी है। भारतीय दर्शन के अनुसार, सृष्टि में जितनी भी चीज़ें हैं, वे एक ही मूल स्रोत से आई हैं, वह है पुरुष। यह पुरुष ही है जो इन रंगों की रचना करता है और उनके माध्यम से आकर्षण उत्पन्न करता है। यदि यह आकर्षण न हो, तो सृष्टि में कोई आनंद नहीं रह जाएगा। होली केवल रंगों का खेल नहीं, बल्कि यह हमें इस संसार की अस्थायी प्रकृति का भी अनुभव कराती है। जीवन के रंग भी इसी प्रकार क्षणिक होते हैं। कभी सुख, कभी दुख, कभी प्रेम, कभी वियोग। यदि यह रंग न होते, तो संसार की लीला भी फीकी हो जाती। बच्चे जब रोते हैं, तो माता-पिता उन्हें खिलौने देते हैं ताकि वे खेल में रम जाएं। ठीक इसी प्रकार, ब्रह्माण्ड ने हमें रंगों से भरा यह संसार दिया है ताकि हम इसमें जीने का आनंद लें। लेकिन असली उद्देश्य कुछ और है। यदि मनुष्य इस माया के पीछे का रहस्य जान ले, तो वह मुक्ति की ओर अग्रसर होगा। लेकिन जब तक यह रहस्य गुप्त है, तब तक वह इन रंगों में लीन रहकर संसार का आनंद ले सकता है। होली हमें केवल आनंद ही नहीं देती, बल्कि आत्मचिंतन का अवसर भी देती है। जब हम रंगों से सराबोर होते हैं, तो हमारा अहंकार समाप्त हो जाता है, हमारी पहचान केवल रंगों में विलीन हो जाती है। यही सच्ची आध्यात्मिक अनुभूति है— जहां व्यक्ति स्वयं को भूलकर समष्टि का अनुभव करता है। 'हमारी बुद्धि कल्याण से न भटके', यह हमारी प्रार्थना होनी चाहिए। होली हमें यह भी सिखाती है कि जीवन में परिवर्तन अपरिहार्य है। जिस प्रकार होली के रंग कुछ समय के लिए हमारी त्वचा पर रहते हैं और फिर धुल जाते हैं, वैसे ही जीवन के सारे अनुभव भी अस्थायी हैं। कोई भी दुख या सुख स्थायी नहीं होता। यह पर्व हमें सिखाता है कि हमें जीवन को खुलकर जीना चाहिए, लेकिन किसी भी रंग से चिपकना नहीं चाहिए। ब्रह्मांड की अनगिनत तरंगे हैं। हर चीज़ एक प्रवाह में है, एक नृत्य में है। होली उसी दिव्य नृत्य का उत्सव है। इसलिए जब इस बार होली के रंग आप पर पड़ें, तो केवल बाहरी रंगों को न देखें, बल्कि उनके भीतर छिपे आध्यात्मिक संदेश को भी आत्मसात करें।



प्रस्तुति : दिव्यचेतनानंद अवधूत

# आरोपी अजीत पुरी गिरफ्तार



▪ जागरूक टाइम्स संवाददाता

- फर्जी वीजा पर 80 युवाओं को भेजा विदेश
- तीन साल में भेजा कनाडा, टर्की, पोलैंड और यूएई
- प्रत्येक बेरोजगार से लेते थे 30-60 लाख रुपए

**मुंबई।** भारत के सबसे बड़े कबूतरबाजों में से एक अजित पुरी ने अब तक सैकड़ों युवाओं को विदेश भेजा है। क्राइम ब्रांच उसकी संपत्ति समेत उसके माध्यम से गए लोगों की जांच करने वाली है। मुंबई क्राइम ब्रांच मानव तस्करी के मामले की जांच कर रही है जिसमें फर्जी वीजा का इस्तेमाल कर 80 युवाओं को तीन साल में कनाडा, टर्की, पोलैंड और यूएई भेजा गया। इस मामले में क्राइम ब्रांच ने अजित पुरी सहित अब तक पांच एजेंट्स को गिरफ्तार किया है। डीसीपी दत्ता नालावड़े ने बताया कि इस मामले का मुख्य आरोपी अजित पुरी है जो कि मुंबई के अंधेरी इलाके का रहने वाला है। अजित पुरी के खिलाफ 14 ह्यूमन ट्रैफिकिंग के मामले दर्ज हैं। पुलिस ने बताया कि पुरी के खिलाफ सबसे पहला मामला साल 2006 में सामने आया था जिस मामले में उसे क्राइम ब्रांच की यूनिट 1 ने गिरफ्तार भी किया था। उसके खिलाफ कई मामले सामने आई और हर मामले में वो जमानत पर रिहा हो जाता था।

### आरोपी पर 15 साल से कोई नया केस नहीं

▪ अजित पुरी पर आखिरी मामला साल 2010 का था और उसके बाद से 15 साल से उसके खिलाफ कोई मामला सामने नहीं आया। एक अधिकारी ने बताया कि हम उसके द्वारा भेजे गए तमाम लोगों की पहचान कर रहे हैं और इन सैकड़ों लोगों को भेजकर उसने जो पैसे कमाए उसका क्या हुआ, किस-किस को कितना दिया गया उन तमाम चीजों की जांच करेंगे।

### लोगों से लाखों वसूलते थे एजेंट

आरोपी भारतीयों को अमेरिका का सपना दिखाकर उनसे 30-60 लाख रुपए लेते थे। एक अधिकारी ने बताया कि कई ऐसे लोग होते हैं जिनपर कोई न कोई केस या लीगल मामला होता है जिसकी वजह से उन्हें वीजा नहीं मिलता। डंकी रूट से विदेश जाने वालों के मामले को अब अमेरिका ने भी गंभीरता से लिया है। अमेरिकी अधिकारियों ने मुंबई पुलिस से जानकारी मांगी है।

### अमेरिकन काउंसलेट ने मुंबई पुलिस से समय मांगा

अमेरिकन काउंसलेट के अधिकारियों ने मुंबई पुलिस को चिट्ठी लिखकर मिलने का समय मांगा। सूत्रों ने बताया कि अमेरिकी अधिकारी ने मुंबई पुलिस से इस मामले में एक साथ मिलकर काम करने को लेकर मीटिंग करने को कहा है। दोनों देश एकसाथ कानूनी कार्रवाई करें, ऐसी बात कही गई है।

## अजित गुट में शामिल होंगे जयंत पाटील?

**मुंबई।** महाराष्ट्र में शिवसेना नेता और महाराष्ट्र के मंत्री संजय शिरसाट ने अपने दावे से महाराष्ट्र में सियासी हड़कंप मचा दिया है। शिरसाट ने दावा किया है कि राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एसपी) के वरिष्ठ नेता जयंत पाटील शरद पवार की पार्टी छोड़कर अजित पवार के नेतृत्व वाली एनसीपी में शामिल होंगे। दरअसल, संजय शिरसाट ने गुरुवार (13 मार्च) को कहा, "मैंने पहले भी यह कहा है। जयंत पाटील लंबे समय तक एनसीपी (एसपी) में रहने के मूड में नहीं हैं। शरद पवार की पार्टी में भूचाल आएगा। आप जयंत पाटील को अजित पवार की राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी में शामिल होते देखेंगे।" शिरसाट की पार्टी, एनसीपी और बीजेपी राज्य में सत्तारूढ़ महायुति गठबंधन के घटक हैं। संजय शिरसाट की टिप्पणी एनसीपी (एसपी) के प्रदेश अध्यक्ष पाटील के उस बयान के बाद आई है जिसमें उन्होंने कहा था कि उनके बारे में कुछ भी निश्चित नहीं है। उनकी टिप्पणियों से यह भी चर्चा शुरू हो गई कि वह एनसीपी (एसपी) छोड़ सकते हैं।

# हिंदुस्तान चैंबर ने मनाया होली उत्सव



▪ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मुंबई।** मुंबई के कपड़ा व्यवसाय की प्रमुख संस्था हिंदुस्तान चैंबर ऑफ़ कॉमर्स द्वारा प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी 13 मार्च को होली स्नेह सम्मेलन आयोजित किया था। चेंबर के अध्यक्ष सुशील गाड़ियां ने बताया कि काशीनाथ गाड़ियां सभागार एमसीएच स्कूल एवं जूनियर कॉलेज गजधर स्ट्रीट चिरा बाजार में आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कपड़ा व्यापारियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में महाराष्ट्र विधानसभा के अध्यक्ष राहुल नार्वेकर कैबिनेट मंत्री मंगल प्रभात लोढ़ा, पूर्व नगरसेवक आकाश पुरोहित, जनक संघवी शरद पेटी वाला चेंबर के संरक्षक बैजनाथ रुंगटा उत्तम वी जैन, शिखर चंद जैन स्कूल अध्यक्ष देवीचंद चोपड़ा चिकित्सालय अध्यक्ष रामप्रसाद बिदावतका अतिथि के रूप में उपस्थित थे। अध्यक्ष सुशील गाड़ियां एवं उपाध्यक्ष गोविंद सराफ आपने अतिथियों का पुष्प गुच्छ एवं तिलक लगाकर अभिनंदन किया। मंगल प्रभात लोढ़ा ने चैंबर की ओर से आयोजित होली स्नेह सम्मेलन पर सभी व्यापारियों को शुभकामनाएं दी। राहुल नार्वेकर ने होली के शुभ अवसर पर सभी व्यापारियों को व्यापार में निरंतर वृद्धि और उद्योग बड़े ऐसी शुभकामनाएं दी। चेंबर के समान्य मंत्री रामकिशोर दरक महेंद्र जैन एवं अमृत खिवेसर ने सभी अतिथियों को होली की शुभकामनाएं दी और पुष्प एवं चंदन लगाकर स्वागत किया। कोषाध्यक्ष अनुराग पोद्दार ने सबको धन्यवाद देते हुए होली को बुराइयों पर जीत का त्योहार बताया। कार्यक्रम में कपड़ा व्यवसाय से संबंधित अन्य संस्थाओं के पदाधिकारी प्रमुख व्यवसायगण उपस्थित थे। सबने एक दूसरे को शुभकामनाएं दी।

## सर्वोत्कृष्ट आशा स्वयंसेविका पुरस्कार 2023-24

# शारदा बोरसे को प्रथम स्थान

- नाशिक में आशा दिवस समारोह संपन्न
- शानदार कार्य के लिए 700 आशा स्वयं सेविकाओं को दी बधाई



**नाशिक।** नाशिक में सर्वोत्कृष्ट आशा स्वयंसेविका पुरस्कार 2023-24 के लिए प्रथम स्थान शारदा बोरसे, द्वितीय स्थान संगीता हिरवे और तृतीय स्थानः वैशाली पाटील को दिया गया है। इन सभी विजेताओं को सम्मानित कर पुरस्कार प्रदान किए गए।
कार्यक्रम की सफलता हेतु सभी विभागीय नोडल अधिकारी, शहर लेखा प्रबंधक गौरी बागूल,तालुका समूह संघटक सविता सूर्यवंशी एवं आशा गटप्रवर्तक वनिता कामडी ने विशेष योगदान दिया। इस अवसर पर शहरी राष्ट्रीय स्वास्थ्य अभियान अंतर्गत कार्यरत 700 आशा स्वयंसेविकाओं को मनीषा खत्री (आयुक्त, नाशिक मनपा) और डॉ. कपिल आहेर (उपनिदेशक, नाशिक मंडल, नाशिक) के कार्यक्रम में प्राप्त शुभेच्छाएं, तथा स्मिता झगडे (अति. आयुक्त-सेवा, नाशिक मनपा) और प्रदीप चौधरी (अति. आयुक्त-शहर, नाशिक मनपा) के मार्गदर्शन में चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. तानाजी चव्हाण, डॉ. अजिता सालुंखे (अति. चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी एवं आर.सी.एच. अधिकारी) और शहर अभियंता संजय अग्रवाल द्वारा दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस कार्यक्रम में सुनीता कुमावत (सह. आयुक्त, गोदावरी संवर्धन कक्ष) और जयश्री बैरागी (विभागीय अधिकारी, सिडको, नाशिक मनपा) को स्पर्धा के विजेता चयन हेतु आमंत्रित किया गया।

### विजेताओं की घोषणा

▪ **रंगोली स्पर्धा विजेता:** 1) वैशाली पाटील, 2) सुजाता शिंदे, 3) सुरेखा देवरे। **कविता वाचन स्पर्धा :** (1) अंजली गोडसे, (2) कल्याणी अहिरे और (3) एमएचबी कॉलनी ग्रुप। **गायन एवं नृत्य स्पर्धा:** (1) कल्पना जाधव, (2) वैशाली पाटील, (3) सातपूर मायको ग्रुप।

# डिप्टी सीएम शिंदे ने परिवार संग खेली होली





**मॉरीशस का सर्वोच्च पुरस्कार मिलने पर दी बधाई**

**मुंबई।** राज्य की महायुति सरकार विकास कार्यों और जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से आम जनता के जीवन में खुशियों के सतरंग बिखेर रही है। राज्य की जनता के जीवन में सुख और समृद्धि आए, इसी भावना के साथ उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने राज्यवासियों को धुलिवंदन की शुभकामनाएँ दीं। इस अवसर पर उन्होंने भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को मॉरीशस सरकार द्वारा दिए गए सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार के लिए बधाई दी और कहा कि उनके नेतृत्व में भारत की वैश्विक प्रतिष्ठा बढ़ी है, जो प्रत्येक भारतीय के लिए गर्व की बात है। ठाणे स्थित अपने निवास पर उपमुख्यमंत्री शिंदे ने परिवार के साथ प्राकृतिक रंगों से धुलिवंदन का पर्व मनाया। इस दौरान उनकी पत्नी लता, पुत्र सांसद डज्ञ. श्रीकांत शिंदे, बहू वृषाली, पोता रुद्रांश, कार्यकर्ता, मीडिया प्रतिनिधि और पुलिस कर्मियों के साथ उन्होंने धुलिवंदन का उत्सव मनाया। उपमुख्यमंत्री ने सभी से यह पर्व पर्यावरण-संवेदनशील तरीके से मनाने और केवल प्राकृतिक रंगों का उपयोग करने की अपील की। उन्होंने कहा कि धुलिवंदन खेलते समय रासायनिक रंगों से बचना चाहिए और प्राकृतिक रंगों का ही इस्तेमाल करना चाहिए। पर्यावरण संतुलन बनाए रखना हमारी जिम्मेदारी है। होली के अवसर पर महाराष्ट्र के सुख-समृद्धि से परिपूर्ण होने की कामना की गई थी। महाराष्ट्र में त्योहारों की समृद्ध परंपरा है और राज्य सरकार के माध्यम से जनता के जीवन में समृद्धि और खुशहाली आए, इस कामना के साथ उन्होंने शुभकामनाएं दीं।

## राज्यमंत्री मेघना साकोरे-बोर्डीकर का बंजारा रंग में रंगा होली उत्सव !

▪ जिंतूर तहसील के आडगाव तांडा में बंजारा समाज ने पारंपरिक तरीके से बड़े उत्साह के साथ होली का उत्सव मनाया। महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में मनमोहक नृत्य प्रस्तुत कर होली के रंगों में चार चांद लगा दिए। इस अनोखे उत्सव में महाराष्ट्र की महिला एवं बाल कल्याण राज्यमंत्री मेघना साकोरे-बोर्डीकर ने भी भाग लिया।





## सरिता बाला को 'गौरव पुरस्कार'

▪ **मुंबई।** महिला दिवस 2025 के उपलक्ष्य में कला सदन नृत्य कला संस्थान की प्रसिद्ध भरतनाट्यम नृत्यांगना और कोरियोग्राफर श्रीमती सरिता बाला को 20 वर्षों से भी अधिक नृत्य कला के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए श्री क्रांति शाह द्वारा स्थापित 'युवक बिरादरी संस्थान' द्वारा "गौरव पुरस्कार "से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उन्हें विले पार्ले में आयोजित एक भव्य समारोह में प्रसिद्ध अभिनेत्री रोहिणी हट्टंगडी से रजत पदक और युवक बिरादरी प्रबंध समिति के अध्यक्ष प्रसिद्ध अभिनेता अभिषेक बच्चन से योग्यता प्रमाण पत्र भी मिला।

# कैंसर पेशेंट्स एड एसोसिएशन (रिहैब) ने होली के रंगों से बिखेरी खुशियां

जागरूक टाइम्स/संवाददाता

**मुंबई।** कैंसर पेशेंट्स एड एसोसिएशन (सीपीएए) रिहैबिलिटेशन सेंटर ने कैंसर मरीजों के लिए एक भावनात्मक होली उत्सव का आयोजन किया, जिससे पूरा वातावरण खुशी, संगीत और आपसी मेलजोल से भर गया। यह रंगों का त्योहार उनके संघर्षों से एक आवश्यक अवकाश लेकर आया, जिससे हर चेहरे पर मुस्कान खिल उठी। CPAA (रिहैब) की कार्यकारी निदेशक मंजू गुप्ता के करुणामयी नेतृत्व में, केंद्र अब तक 35,000 से अधिक मरीजों का पुनर्वास कर चुका है।उन्हें सिलाई, प्रिंटिंग, बॉक्स बनाने, दिए बनाने जैसी कई कौशलों में दक्ष किया गया है।
उनकी अथक निष्ठा यह सुनिश्चित करती है कि इन बहादुर व्यक्तियों को केवल चिकित्सा ही नहीं, बल्कि गरिमा, उद्देश्य और खुशियां भी मिलें। यह होली उत्सव बेहद जीवंत रहा, जहां मरीजों ने स्वादिष्ट मिठाइयों, स्नैक्स, चाय, कॉफी और कोल्ड ड्रिंक्स का आनंद लिया। पूरा दिन मजेदार गतिविधियों, जैसे म्यूजिकल चेयर्स और ट्रेजर हंट से भरा रहा, जिससे हर चेहरा खिल उठा। जैसे ही संगीत बजा, मरीजों ने अपनी तकलीफों को पीछे छोड़ दिया और दिल खोलकर नाचने लगे—यह एक अनमोल और दुर्लभ दृश्य था। इस कार्यक्रम का आयोजन पीआर डायरेक्टर डॉ. सुमन आर अग्रवाल, सीएसआर कोऑर्डिनेटर रूपा दलाल और सलोनी द्रोलिया द्वारा शानदार तरीके से किया गया। उनकी अथक मेहनत ने इस दिन को यादगार बना दिया और सुनिश्चित किया कि हर मरीज खुद को खास, प्यार भरा और सम्मानित महसूस करे। अपनी गहरी कृतज्ञता व्यक्त करते हुए, मरीज वैशाली गमरे, बैसी नादर, दीपा पटेल, गीता पवार, गंगामणि बच्चवाल, रिजवाना मंसूरी, साधना थोरात और कई अन्य मरीजों ने अपने केयरगिवर्स के साथ मिलकर साझा किया कि इस उत्सव ने उन्हें असीम आनंद दिया।



# मनपा आयुक्त ने विधायक नरेंद्र मेहता से मांगी माफी



**भायंदर।** फ्लाई ओवर ब्रिज उद्घाटन के अवसर पर भाजपा विधायक को निमंत्रण नहीं देने से स्थानीय भाजपा में नाराजगी के सुर। मीरा भायंदर के विधायक नरेंद्र मेहता ने कहा कि मैं स्थानीय विधायक हूं मुझे भी इस उद्घाटन की जानकारी नहीं दी गई, इस पर मीरा भायंदर मनपा आयुक्त राधाबिनोद शर्मा ने माफी मांगते हुए कहा कि उन्होंने हाल ही में पदभार संभाला था इसलिए उनको इस मामले में कोई जानकारी नहीं थी। दोबारा ऐसी कोई गलती नहीं होगी। मेहता ने कहा कि मनपा आयुक्त के माफी के बाद वो मामले को आगे नहीं बढ़ाना चाहते पर जो अपमान हुआ है वो दोबारा ना हो। मीरा भायंदर भाजपा नेताओं के अनुसार मीरा भायंदर के विकास में मुख्यमंत्री और विधायक नरेंद्र मेहता का महत्वपूर्ण योगदान है यह सब जानते हुए उनके शीर्ष नेता और विधायक की अनदेखी पार्टी कार्यकर्ता बर्दाश्त नहीं करेंगे। मेहता ने कहा कि उन्होंने इस मामले की जानकारी मुख्यमंत्री को दी, जिसके बाद मुख्यमंत्री ने एमएमआरडीए आयुक्त को फोन कर चेताया कि दोबारा ऐसी गलती ना हो। मुख्यमंत्री ने एमएमआरडीए आयुक्त से कहा कि ऐसा कैसे हुआ कि मुझे और स्थानीय विधायक को इसकी जानकारी नहीं है। विधायक मेहता के अनुसार मुख्यमंत्री ने इस मामले में संबंधित अधिकारि को नोटिस जारी करने का आदेश दिया। गौरतलब है हाल ही में कोर्ट और फ्लाई ओवर ब्रिज का उद्घाटन हुआ था जिसमें भाजपा को एक सिरे से नजरअंदाज करने की शिकायत स्थानीय भाजपा नेताओं ने की थी।

## भायंदर में आरोपी 24 घंटे में गिरफ्तार



**भायंदर।** काशीमीरा अपराध शाखा एक ने शुभ लक्ष्मी ज्वेलर्स के यहां से सोने की चैन लेकर भागने वाले आरोपी को 24 घंटे में गिरफ्तार कर लिया है।पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ज्वेलर्स विष्णु किशनलाल राठौड़ ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई कि एक युवक सोने की चैन खरीदने के बहाने उनकी दुकान में आया और बोला कि एक तोले से ऊपर की चैन दिखाए। राठौड़ ने एक चैन निकाल कर उसे दी उसने गले में डाल कर देखा और बोला कि उसका साल बाहर खड़ा है उसे दिखा कर आता हू।
राठौड़ ने बताया कि वह युवक बाहर गया और अपने साथी की स्कूटर पर सवार हो कर भाग गया। राठौड़ ने पुलिस को बताया कि 12 ग्राम की चैन लेकर दोनों भागे है जिसकी कीमत 80 हजार है। काशीमीरा अपराध शाखा एक ने जब सीसीटीवी फुटेज खंगाले तो एक संदिग्ध दिखा।पुलिस ने जब अंश साहिल राज को पकड़ कर जांच की तो इसने अपना गुनाह कबूल कर लिया और कहा कि इस घटना को अंजाम देने में नितेश प्रमोद शर्मा ने उसकी मदद की।

# महापारेषण के सात ऑटोमेशन प्रोजेक्ट पूर्ण

- डिजिटल और ऑनलाइन प्रणाली से कामकाज पर विभाग का जोर

▪ जागरूक टाइम्स संवाददाता



**मुंबई।** महाराष्ट्र राज्य विद्युत पारेषण कंपनी (महापारेषण) ने डिजिटल क्षेत्र में एक और कदम आगे बढ़ाया है। महापारेषण के मानव संसाधन विकास विभाग ने सभी कार्यों को डिजिटल प्रणाली से संचालित करने पर जोर देते हुए कुल सात ऑटोमेशन प्रोजेक्ट सफलतापूर्वक पूर्ण किए हैं। इस उपलब्धि के लिए महापारेषण के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक डॉ. संजीव कुमार (भा.प्र.से.) ने विभाग को बधाई दी है। महापारेषण के निदेशक (मानव संसाधन विकास) सुगत गमरे के मार्गदर्शन में मानव संसाधन विकास विभाग ने ईआरपी और सूचना प्रौद्योगिकी के संयुक्त प्रयासों से यह निरंतर सफलता प्राप्त की है। इसमें अनुशासनात्मक कार्रवाई विभाग ने एसएपी डिजिटल प्रणाली के माध्यम से सभी रिपोर्ट और वर्तमान स्थिति की जानकारी को एक क्लिक पर उपलब्ध कर दिया है, जिससे अधिकारियों और कर्मचारियों को सेवाओं का त्वरित और सुगम लाभ प्राप्त हो रहा है। ई-सर्विस बुक प्रणाली के माध्यम से अब कर्मचारियों को वास्तविक स्थिति (रियल-टाइम डेटा) तुरंत प्राप्त करना संभव हो गया है। इसका लाभ क्षेत्रीय कार्यालयों के साथ-साथ मुख्यालय में कार्यरत अधिकारियों और कर्मचारियों को भी होगा। ऑनलाइन अवकाश प्रबंधन प्रणाली के अंतर्गत वर्ग-1 से वर्ग-3 तक के अधिकारी और कर्मचारी ऑनलाइन अवकाश आवेदन कर सकते हैं, जिससे महापारेषण पेपरलेस कार्यप्रणाली की ओर बढ़ रहा है। साथ ही, मोबाइल ऐप के माध्यम से अधीक्षण अभियंता, मुख्य अभियंता और निदेशक अपने अवकाश रिकॉर्ड और स्वीकृति प्रक्रिया को सरलता से प्रबंधित कर सकते हैं।

### महापारेषण की डिजिटल यात्रा जारी : डॉ. संजीव कुमार

राज्य के मुख्यमंत्री तथा ऊर्जा मंत्री देवेंद्र फडणवीस के नेतृत्व और अपर मुख्य सचिव (ऊर्जा) आभा शुक्ला के मार्गदर्शन में महापारेषण की प्रगति तेजी से हो रही है। महापारेषण के विभिन्न प्रकल्प वर्तमान में डिजिटल और ऑनलाइन प्रणाली पर संचालित किए जा रहे हैं। ई-गवर्नेंस और ई-ऑफिस प्रणाली से कार्यों की गति बढ़ेगी और अधिक पारदर्शिता सुनिश्चित होगी। सूचना प्रौद्योगिकी और कृत्रिम बुद्धिमत्ता का अधिकतम उपयोग कर महापारेषण को सतत अग्रणी बनाए रखने के लिए हम निरंतर प्रयासरत हैं।

## जलगांव में ट्रक-ट्रेन में टक्कर

**जलगांव।** महाराष्ट्र के जलगांव के बोदवड रेलवे स्टेशन पर एक बड़ा हादसा हो गया, जहां एक ट्रक मुंबई-अमरावती एक्सप्रेस ट्रेन से टकरा गया। यह हादसा इतना खतरनाक था कि ट्रक पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। ये हादसा उस समय हुआ, जब ट्रक बंद रेलवे क्रॉसिंग को पार कर रहा था और अमरावती एक्सप्रेस जलगांव के बोदवड से गुजर रही थी। तभी ट्रक ट्रेन के इंजन में जा घुसा। हालांकि राहत की बात ये रही कि ट्रक चालक या किसी अन्य यात्री को कोई चोट नहीं आई है। इस हादसे में ट्रक के परखच्चे उड़ गए। ट्रक अनाज से लदा हुआ था। घटना के बाद इंजन का अगला हिस्सा भी बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। जब हादसे हुआ तो ट्रक चालक ट्रक से कूद गया था, जिस वजह से उसकी जान बच गई। फिर वह ट्रक को उसी हालात में छोड़कर मौके से फरार हो गया, जिसकी तलाश अब पुलिस कर रही है। बताया जा रहा है कि हादसे में ट्रेन के अगले हिस्से में आग भी लग गई थी।

# बेस्ट का परिवहन विभाग सम्मानित



**मुंबई।** बृहन्मुंबई विद्युत आपूर्ति और परिवहन उपक्रम (बेस्ट) के परिवहन विभाग को उसकी उत्कृष्ट कार्यप्रदर्शन के लिए राष्ट्रीय सार्वजनिक बस परिवहन उत्कृष्टता पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। आठ मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर असोसिएशन ऑफ स्टेट रोड ट्रांसपोर्ट अंडरटेकिंग्स (एएसआरटीयू) द्वारा नई दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में किरण बेदी (पूर्व राज्यपाल) के कर कमलों से बेस्ट उपक्रम के महाप्रबंधक एस.वी.आर. श्रीनिवास को पुरस्कार एवं प्रमाणपत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। संपूर्ण भारत के शहरी क्षेत्रों से 1,000 से अधिक यात्री बसों के बेड़े वाले विभिन्न परिवहन उपक्रमों में से बेस्ट उपक्रम को 2023 के पुरस्कार के लिए चयनित किया गया। इस अवसर पर बेस्ट के महाप्रबंधक एस. वी. आर. श्रीनिवास के साथ सहायक महाप्रबंधक (परिवहन अभियांत्रिकी) श्रीनिवास राव और मुख्य प्रबंधक (परिवहन) रमेश मडावी सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

▪ **राष्ट्रीय सार्वजनिक बस परिवहन उत्कृष्टता पुरस्कार 2023-2024**

### बेस्ट उपक्रम को प्राप्त पुरस्कार

- विना प्रवर्तन राजस्व पुरस्कार (विजेता)
- सड़क सुरक्षा पुरस्कार (उपविजेता)
- वैकल्पिक वाहन ईंधन पुरस्कार (उपविजेता)

## विशेष सूचना

जागरूक टाइम्स अपने पाठकों के सुख-दु:ख का साथी है। अपने पाठकों के साथ हमेशा खड़ा रहने वाले जागरूक टाइम्स में अब राजस्थानी समाज के शोक संदेश (संक्षिप्त में) नि:शुल्क प्रकाशित किए जाएंगे। राजस्थानी समाज के समस्त पाठक प्रकाशानार्थ शोक संदेश jagruktimes@gmail.com पर मेल अथवा मोबाइल नंबर- 9930850102 पर व्हाट्सएपकरसकते हैं।

# स्टारलिंक की एंट्री से पहले केंद्र ने रखीं शर्तें

**नई दिल्ली।** देश में सैटेलाइट इंटरनेट सर्विस शुरू करने से पहले केंद्र सरकार ने स्टारलिंक से शटडाउन कंट्रोल के लिए भारत में कंट्रोल सेंटर बनाने और इंटरनल डेटा सिक्योरिटी के लिए सुरक्षा एजेंसियों को कॉल इंटरसेप्शन यानी संचार निगरानी की फैसेलिटी प्रोवाइड करने की मांग की है। एक रिपोर्ट के मुताबिक में इस बात का खुलासा हुआ है कि सरकार की ये शर्तें पहले से देश की टेलीकॉम कंपनियों जियो, एयरटेल और वोडाफोन-आइडिया (वीआई) पर भी लागू है। इसीलिए भारत में एंट्री से पहले सरकार चाहती है कि स्टरलिंक भी इन शर्तों को मानने के लिए तैयार हो जाए।




### भारत में बनी स्टारलिंक गेटवे से विदेशों में कॉलिंग

केंद्र सरकार के मुताबिक सैटेलाइट के जरिए विदेशों में किए जाने वाले कॉल्स को सीधे फॉरवर्ड के बजाए भारत में स्टारलिंक के गेटवे पर लाना होगा। फिर टेलीकॉम चैनलों के जरिए फोन को विदेश में फॉरवर्ड किया जाएगा। रिपोर्ट के मुताबिक स्टारलिंक की सैटेलाइट कम्युनिकेशन लाइसेंसिंग की प्रोसेस लगभग पूरी होने वाली है। कंपनी भारत में इंटरनेट सेवाओं के लिए जियो और एयरटेल के साथ मार्केटिंग और नेटवर्क एक्सपेंशन के लिए समझौते कर रही है।

### भारत में जरूरी कंट्रोल सेंटर

देश के किसी भी हिस्से में कानून-व्यवस्था बिगड़ने की स्थिति में संचार सेवाओं को तत्काल बंद करने के लिए कंट्रोल सेंटर जरूरी है। इसमें सैटेलाइट सर्विसेज भी शामिल हैं। भारत में सैटेलाइट इंटरनेट सर्विस प्रोवाइड करने के लिए देश की दो बड़ी टेलिकॉम कंपनियां जियो और एयरटेल ने एलन मस्क की कंपनी स्टारलिंक के साथ करार किया है। समझौते के तहत, स्पेसएक्स और एयरटेल बिजनेस, शैक्षणिक संस्थानों, स्वास्थ्य सेवा केंद्रों और दूरदराज के क्षेत्रों में स्टारलिंक सर्विसेस देने के लिए मिलकर काम करेंगे। एयरटेल के मौजूदा नेटवर्क इंफ्रास्ट्रक्चर में स्टारलिंक टेक्नोलॉजी इंटीग्रेट करने की संभावनाएं तलाशी जाएंगी।

# भारत से बहुत बड़ी कीमत चाहता अमेरिका

**नई दिल्ली।** अमेरिका भारत से बहुत बड़ी कीमत चाहता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इसके लिए कतई तैयार नहीं हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की धमकियों को इससे जोड़ कर देखा जा सकता है। दरअसल, इसके केंद्र में भारतीय किसान हैं। अमेरकिा चाहता है कि भारत अपना कृषि क्षेत्र उसके लिए खोल दे। अमेरिका के वाणिज्य मंत्री हॉवर्ड लुटनिक ने एक इंटरव्यू में कहा है कि भारत अमेरिकी किसानों के लिए बाजार बंद कर रहा है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप समझते हैं कि अमेरिकी किसानों की वैश्विक बाजारों तक पहुंच बढ़ाने का सबसे अच्छा तरीका उन देशों (जिनमें भारत भी शामिल है) के साथ व्यापार समझौते करना है जो



वर्तमान में उनके उत्पादों को रोक रहे हैं। लुटनिक ने कहा कि ट्रंप अमेरिका के राष्ट्रपति हैं, दुनिया के नहीं। इंटरव्यू के दौरान उन्होंने अमेरिका के साथ टैरिफ युद्ध में न उलझने के लिए ब्रिटेन और मेक्सिको की प्रशंसा की। उन्होंने चेतावनी दी कि जो व्यापारिक साझेदार अमेरिकी संरक्षणवादी कदमों पर अपनी प्रतिक्रिया से ट्रंप को नाराज करते हैं, वे खुद को कड़ी प्रतिक्रिया के लिए तैयार कर लें। लुटनिक ने ट्रंप के उस कदम के बारे में कहा, जिसमें उन्होंने ईयू की ओर से नए अमेरिकी स्टील और एल्युमीनियम टैरिफ के जवाब में यूरोपीय संघ के शराब उत्पादों पर 200% टैरिफ लगाया था। वह बोले, 'अगर आप उन्हें (ट्रंप को) दुखी करते हैं तो वह दुखी होकर जवाब देते हैं।' लुटनिक ने बताया कि ट्रंप का इरादा अमेरिकी उत्पादों के रास्ते में आने से वाली दीवारों को तोड़ना है। साथ ही राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण उद्योगों में मैन्यूफैक्चरिंग क्षमता का निर्माण करना है। उन्होंने कहा कि जो देश इस मकसद को समझते हैं और अमेरिका के साथ काम करने के लिए तैयार हैं, उनके साथ अलग तरह का व्यवहार किया जाएगा। उन देशों के लिए जो 'पुराने जमाने के' टैरिफ युद्ध के उपायों पर वापस जाते हैं, राष्ट्रपति उनसे ताकत और शक्ति से निपटेंगे। लुटनिक ने पहले भारत से व्यापार के लिए कृषि क्षेत्र को खोलने का आह्वान किया था। कहा था कि यह बंद नहीं रह सकता।

# सातवें आसमान पर सोने का भाव

**92,000 पर पहुंचने की उम्मीद**

**नई दिल्ली।** सोने की कीमतें रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गई हैं, जो MCX पर 87,866 प्रति 10 ग्राम और अंतरराष्ट्रीय बाजार



में 3,000 डॉलर प्रति औंस के करीब पहुंच गई हैं। यह तेजी आर्थिक अनिश्चितता, भू-राजनीतिक तनाव और केंद्रीय बैंकों द्वारा सोने की बढ़ती खरीद से प्रेरित है। यूएस-चीन ट्रेड वॉर और ट्रम्प की यूरोपीय आयातों पर 200% टैरिफ की धमकी ने सुरक्षित निवेश की मांग को बढ़ा दिया है। पिछले एक साल में, वैश्विक आर्थिक अस्थिरता और केंद्रीय बैंकों द्वारा डॉलर-आधारित भंडार से दूरी बनाने के कारण सोने की मांग में तेजी आई है। रूस-यूक्रेन युद्ध के बीच पश्चिमी देशों द्वारा रूस पर प्रतिबंध लगाने से केंद्रीय बैंकों ने सोने की होल्डिंग बढ़ाई है। पोलैंड, तुर्की और भारत 2024 में सबसे बड़े खरीदार रहे हैं। खबर के मुताबिक2025 में MCX पर सोने की कीमत 92,000 प्रति 10 ग्राम तक पहुंचने का अनुमान है, लेकिन ट्रेड टेंशन, मजबूत आर्थिक डेटा या दरों में कटौती पर फेड का विराम कीमतों में उतार-चढ़ाव ला सकता है।

# भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 1.33 लाख करोड़ बढ़ा

**नई दिल्ली।** भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 7 मार्च को समाप्त हुए सप्ताह (28 फरवरी से 7 मार्च तक) में 15.26 बिलियन डॉलर (1.33 लाख करोड़) बढ़कर 653.97 बिलियन डॉलर (करीब 56.86 लाख करोड़) पर पहुंच गया है। इससे पहले यानी 21 फरवरी से 28 फरवरी वाले सप्ताह में 15 हजार करोड़ घटकर 55.53 लाख करोड़ रुपए रह गया था। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (RBI) की ओर से जारी डेटा के मुताबिक, फॉरेन करेंसी एसेट्स (FCAs) 13.93 बिलियन डॉलर (1.21 लाख करोड़) बढ़कर 557.28 बिलियन डॉलर (48.46 लाख करोड़) हो गई। इस दौरान सोने के भंडार में बढ़ोतरी देखी गई। यह 1 बिलियन डॉलर (8,700 करोड़ रुपए) बढ़कर 74.32 बिलियन डॉलर (6.46 लाख करोड़ रुपए) हो गया। वहीं, स्पेशल ड्राइंग राइट यानी SDRs 1843 करोड़ रुपए बढ़कर 1.68 लाख करोड़ रुपए हो गया।

# इंडसइंड बैंक को बुरे दौर में मिला म्यूचुअल फंड का साथ

**मुंबई।** इंडसइंड बैंक के शेयरों की स्थिति बहुत खराब है। बीते कुछ कारोबारी सत्रों के दौरान कंपनी के शेयरों में भारी गिरावट देखने को मिली है। इंडसइंड बैंक के शेयरों की कीमतों में एक हफ्ते में 30 प्रतिशत की गिरावट आई है। यह गिरावट इतनी बड़ी है कि बीते 10 सालों में जितनी बढ़त इस बैंक के शेयरों ने बटोरी थी। सब गंवा दी। लेकिन इसी मौके की तलाश में मानों एक म्यूचुअल फंड था। जिसने इंडसइंड बैंक के शेयरों में गिरावट को देखते ही दांव लगा बैठा है। इंडसइंड बैंक ने शेयर बाजारों को दी जानकारी में बताया है कि एचडीएफसी म्यूचुएल फंड की कुल होल्डिंग 5 प्रतिशत को क्रॉस कर गई है। इस फंड हाउस ने 15.92 लाख नए शेयर मार्केट से खरीदे हैं। रेगुलेटरी के साथ साझा की जानकारी में इस बैंक ने बताया है कि 11 मार्च को बाजार के बंद होने के समय पर एचडीएफसी म्यूचुअल फंड की कुल होल्डिंग 5.03 प्रतिशत हो गई थी। इंडसइंड बैंक ने कुल 0.20 प्रतिशत हिस्सेदारी को बढ़ाया है। इस खरीदारी के पहले इंडसइंड बैंक में एचडीएफसी म्युचुअल फंड की कुल होल्डिंग 4.82 प्रतिशत थी। हालांकि, यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि एचडीएफसी म्युचुअल फंड ने कितने रुपए में ये शेयर खरीदे हैं। इंडसइंड बैंक के शेयर गुरुवार को एनएसई में 672.65 रुपए के लेवल पर बंद हुआ था। बीते 6 महीने के दौरान इस प्राइवेट बैंक के शेयरों की कीमतों में 54 प्रतिशत की गिरावट आई है। इस प्राइवेट बैंक का मार्केट कैप घटकर 52,360.25 करोड़ रुपए रह गया है।




# 100 रुपए से भी नीचे आया यह रिटेल स्टॉक

**मुंबई।** रिटेल चेन चलाने वाली कंपनी विशाल मेगा मार्ट के शेयर गुरुवार 13 मार्च 2025 को 2 पर्सेंट से अधिक की गिरावट के साथ 99.50 रुपए पर बंद हुए हैं। कंपनी के शेयर 100 रुपए से नीचे आ गए हैं। विशाल मेगा मार्ट के शेयर सोमवार 17 मार्च को फोकस में होंगे, क्योंकि इस दिन शेयरहोल्डर्स के लिए लॉक-इन पीरियड खत्म हो रहा है। विशाल मेगा मार्ट के शेयरों का 52 हफ्ते का हाई लेवल 126.85 रुपए है। वहीं, कंपनी के शेयरों का 52 हफ्ते का लो लेवल 96.05 रुपए है नुवामा अल्टरनेटिव एंड क्वॉन्टिटेटिव रिसर्च के डेटा के मुताबिक, विशाल मेगा मार्ट में तीन महीने का लॉक-इन पीरियड सोमवार 17 मार्च को खत्म होगा। इसके बाद, विशाल मेगा मार्ट के 15.38 करोड़ शेयर ट्रेडिंग के लिए उपलब्ध होंगे। यह बात सीएनबीसी-टीवी 18 की एक रिपोर्ट में कही गई है। दिसंबर 2024 तिमाही के आखिर में विशाल मेगा मार्ट में घरेलू म्यूचुअल फंड्स की 8.66 पर्सेंट हिस्सेदारी थी।

# 15,000 करोड़ का IPO लाएगी LG इंडिया

**देश के टॉप-5 IPO में से एक होगा**

**मुंबई।** साउथ कोरिया की LG इलेक्ट्रॉनिक्स जल्द ही अपनी भारतीय यूनिट का इनिशियल पब्लिक ऑफरिंग यानी, IPO लाने वाली है। मार्केट रेगुलेटर सिक्योरिटी एक्सचेंज बोर्ड ऑफ इंडिया यानी, SEBI ने LG के ड्राफ्ट पेपर्स को अप्रूवल दे दिया है। इस IPO का इश्यू साइज 15,000 करोड़ रुपए होगा। यह इश्यू ऑफर फॉर सेल है, इसके जरिए 10 रुपए फेस वैल्यू के 10.18 करोड़ इक्विटी शेयरों की बिक्री की जाएगी। कंपनी को IPO से कोई इनकम नहीं होगी। इससे पहले कंपनी ने 19 दिसंबर को SEBI के पास ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (DRHP) फाइल किया था। इस इश्यू साइज के साथ यह पब्लिक इश्यू देश के अब तक के टॉप-5 सबसे बड़े IPO में से एक होगा। DRHP में मॉर्गन स्टेनली, जेपी मॉर्गन, एक्सिस कैपिटल, बोफा




सिक्योरिटीज और सिटीग्रुप को इस इश्यू का लीड मैनेजर बनाया गया है। 1.8 बिलियन डॉलर के IPO के बाद जब शेयर लिस्ट होंगे तो LG इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड की वैल्यूएशन करीब 13 बिलियन डॉलर यानी 1.10 लाख करोड़ रुपए हो सकती है। LG इलेक्ट्रॉनिक्स यह IPO एक स्ट्रैटेजी के तहत ला रही है, क्योंकि कंपनी ने 2030 तक 7,500 करोड़ डॉलर यानी 6.35 लाख करोड़ रुपए के इलेक्ट्रॉनिक्स रेवेन्यू का टारगेट रखा है और यह कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक बिजनेस को फिर से ट्रैक पर लाने की कोशिशों का हिस्सा है।

# 1.3 करोड़ तक कमाने वालों पर टैक्स खतम करना चाहता अमेरिका

**नई दिल्ली।** अमेरिका के वाणिज्य मंत्री हॉवर्ड लुटनिक ने एक बड़ा टैक्स प्लान पेश किया है। इस प्लान से लाखों अमेरिकी टैक्स-फ्री हो सकते हैं। सीबीएस के साथ इंटरव्यू में लुटनिक ने बताया कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप $150,000 (लगभग 1.3 करोड़ रुपए) सालाना से कम कमाने वालों का फेडरल टैक्स खत्म करना चाहते हैं। इससे अमेरिका का वित्तीय ढांचा बदल सकता है। यह कदम काफी कुछ भारत से मिलता-जुलता है। हाल में निर्मला सीतारमण ने 2025-26 का बजट पेश करते हुए 12 लाख रुपए तक की इनकम को टैक्स फ्री करने का ऐलान किया था। मिडिल क्लास को राहत देने के लिए यह कदम उठाया गया है। ट्रंप प्रशासन भी अमेरिका में कम कमाने वालों पर टैक्स का बोझ कम करना चाहता है। लुटनिक ने कहा, 'मुझे पता है उनका (ट्रंप का) टारगेट क्या है $150,000 सालाना से कम कमाने वाले किसी को भी टैक्स नहीं देना पड़े। यही उनका लक्ष्य है। मैं इसी के लिए काम कर रहा हूं।' यह प्लान फरवरी में हाउस ऑफ रेप्रेजेंटेटिव्स से पास हो चुका है। अब सीनेट की वोटिंग का इंतजार है। इस टैक्स कट के साथ ट्रंप सरकारी खर्च में कटौती और सरकारी एजेंसियों को छोटा करने जैसे वित्तीय सुधारों की भी वकालत कर रहे हैं। इस पर ऑनलाइन मिलीजुली प्रतिक्रियाएं आई हैं। कुछ लोग इसे अच्छा मान रहे हैं तो कुछ इसके नकारात्मक परिणामों को लेकर चिंतित हैं।




### टैक्स बोझ कम करने को कई विचार रखें


हॉवर्ड लुटनिक ने अमेरिकियों का टैक्स बोझ और कम करने के लिए और भी कई विचार रखे। उन्होंने कहा, 'टिप्स पर कोई टैक्स नहीं, ओवरटाइम पर कोई टैक्स नहीं, सोशल सिक्योरिटी पर कोई टैक्स नहीं, ये सब चीजें कैसी रहेंगी?' इससे पता चलता है कि वो टैक्स सुधार को लेकर कितने गंभीर हैं। ट्रंप का प्रस्ताव अगर लागू होता है तो लगभग 1.3 करोड़ रुपए सालाना से कम कमाने वाला कोई भी व्यक्ति टैक्स नहीं देगा। लुटनिक ने जोर देकर कहा कि इस लक्ष्य को हासिल करना उनका मौजूदा मिशन है। ट्रंप की आर्थिक रणनीति का बचाव करते हुए लुटनिक ने कहा कि ये नीतियां जरूरी हैं, भले ही इनसे मंदी का खतरा हो। इनमें कनाडा और मेक्सिको के साथ टैरिफ विवाद भी शामिल है। उन्होंने कहा कि 'ये नीतियां अमेरिका के लिए अब तक की सबसे महत्वपूर्ण चीजें हैं। मंदी का एकमात्र कारण बाइडेन की वो बेतुकी बातें हैं जिनसे हमें जूझना पड़ा। ये नीतियां राजस्व पैदा करती हैं। ये विकास को बढ़ावा देती हैं। इनसे यहां फैक्टरियां बनती हैं।'

### बढ़ते घाटे की चिंताओं पर दी सफाई

बढ़ते घाटे की चिंताओं पर लुटनिक ने कहा कि अमेरिकी लोगों को सरकारी खर्च का बोझ नहीं उठाना चाहिए। दूसरों को इसकी कीमत चुकानी चाहिए। विदेशी संस्थाओं और विदेशी टैक्स चोरों का जिक्र करते हुए उन्होंने यह बात कही। लुटनिक बोले कि अंतरराष्ट्रीय टैक्स के बचाव के रास्ते बंद करने से घरेलू टैक्स में राहत देने में मदद मिलेगी। लुटनिक ने ट्रंप के विवादास्पद $5 मिलियन US वीजा प्रस्ताव का भी समर्थन किया, उनका दावा है कि इससे अतिरिक्त राजस्व आएगा। फरवरी में ट्रंप का $4.5 ट्रिलियन का टैक्स कट पैकेज, जो इमिग्रेशन, व्यापार और रक्षा से जुड़े एक बड़े बिल का हिस्सा है, हाउस ऑफ रेप्रेजेंटेटिव्स से पास हो गया। अब सीनेट वोट का इंतजार है। टैक्स कटौती के इस प्रयास के साथ ही ट्रंप संघीय एजेंसियों को छोटा करने सहित खर्च में भारी कटौती और वित्तीय सुधारों की भी वकालत कर रहे हैं।

# क्रेडिट लिमिट का कम इस्तेमाल बढ़ाएगा सिबिल स्कोर

**नई दिल्ली।** भविष्य में लोन पाने और नए क्रेडिट कार्ड बनवाने के लिए हम हाई सिबिल स्कोर मेंटेन करने की कोशिश करते हैं। इसके लिए हम ये ध्यान रखते हैं कि लोन और क्रेडिट कार्ड का पेमेंट सही समय पर हो। इसके बावजूद कई बार सिबिल स्कोर कम हो जाता है। फाइनेंशियल एक्सपर्ट बताते हैं कि सही समय पर पेमेंट के साथ क्रेडिट कार्ड होल्डर को ये भी ध्यान रखना चाहिए कि वो अपनी कार्ड लिमिट का 30% ही यूटिलाइज करें। 70% से ज्यादा लिमिट यूटिलाइजेशन पर क्रेडिट स्कोर गिर सकता है। कार्ड हमेशा खर्च को लिमिट के 30% तक ही रखें। जैसे, 1 लाख रुपए लिमिट पर 30,000 रुपए तक ही खर्च करें। कार्ड लिमिट बढ़ाने के लिए अप्लाई करें। अगर आपकी इनकम स्टेबल है और पेमेंट हिस्ट्री अच्छी है, तो बैंक से लिमिट बढ़ाने के लिए रिक्वेस्ट करें। खर्च को अलग-अलग क्रेडिट कार्ड में बांटें। आपके पास एक से ज्यादा क्रेडिट कार्ड हैं तो रेगुलर बिलों को 2-3 कार्ड्स में बांट दें। इससे एक ही कार्ड का यूटिलाइजेशन रेश्यो नहीं बढ़ेगा। क्रेडिट कार्ड स्पेंडिंग का अलर्ट लगाएं। कार्ड के मोबाइल ऐप या SMS अलर्ट को सेट करें, ताकि खर्च 30% से ऊपर जाए तो आपको अलर्ट मिल सके।




### कम क्रेडिट लिमिट के नुकसान

- बार-बार लिमिट पूरी करने से बैंक आपको फाइनेंशियली कमजोर समझते हैं। लोन या नए कार्ड की एप्लिकेशन रिजेक्ट हो सकती है। सिबिल स्कोर गिरने से भविष्य में लोन पाना मुश्किल होता है। नेगेटिव रिकॉर्ड का प्रभाव 7 साल रह सकता है भले ही आप मौजूदा समय में सभी भुगतान समय पर कर रहे हैं। लेकिन अगर पुराना रिकॉर्ड अच्छा नहीं है तो यह इसका असर 7 साल तक आपके क्रेडिट स्कोर पर दिख सकता है। सिबिल स्कोर आधिकारिक सिबिल वेबसाइट पर फ्री में देखा जा सकता है। लेकिन, यह सुविधा साल में सिर्फ एक बार मिलती है। एक से ज्यादा बार सिबिल वेबसाइट से सिबिल स्कोर चेक करने के लिए 550 रुपए का मासिक सब्सक्रिप्शन प्लान लेना पड़ता है। इसके अलावा कई बैंकिंग सर्विस एग्रीगेटर्स भी सिबिल स्कोर चेक करने की सुविधा देते हैं।

# 17 मार्च को खुल रहा SME IPO

**मुंबई।** प्रदीप परिवहन कंपनी का आईपीओ 17 मार्च 2025 को खुल जाएगा। निवेशकों के पास आईपीओ पर दांव लगाने का मौका 19 मार्च तक रहेगा। आईपीओ का साइज 44.86 करोड़ रुपए का है। आईपीओ के जरिए कंपनी 45.78 लाख शेयर जारी करेगी। यह आईपीओ पूरी तरह से फ्रेश शेयरों पर आधारित है। बता दें, कंपनी के आईपीओ की लिस्टिंग बीएसई एसएमई में प्रस्तावित है। इस आईपीओ का प्राइस बैंड 93 रुपए से 98 रुपए प्रति शेयर तय किया गया है। कंपनी ने 1200 शेयरों का एक लॉट बनाया गया है। जिसकी वजह से निवेशकों को कम से कम 1,11,600 रुपए का दांव लगाना होगा। आईपीओ ग्रे मार्केट में आज जीरो रुपए के प्रीमियम पर ट्रेड कर रही है। जोकि मौजूदा स्टॉक मार्केट के मूड को दर्शाता है। अगर यही स्थिति बाजार की बनी रही तो कंपनी की बहुत शानदार लिस्टिंग की उम्मीद नहीं करनी चाहिए। लेकिन बाजार की स्थिति में परिवर्तन दिखता है और ग्रे मार्केट का मूड बदलता है तो यह एसएमई आईपीओ भी कमाल कर सकता है। आईपीओ का अधिकतम 50 प्रतिशत हिस्सा क्वालीफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स के लिए आरक्षित है। वहीं, रिटेल निवेशकों के लिए कम से कम 35 प्रतिशत हिस्सा रहेगा। एनआईआई के लिए कम से कम 15 प्रतिशत हिस्सा आरक्षित रहेगा। यह आईपीओ एंकर निवेशकों के जरिए 11.69 करोड़ रुपए जुटाया है। आईपीओ एंकर निवेशकों के लिए 13 मार्च को खुला था। बता दें, एंकर निवेशकों को जारी किए गए 50 प्रतिशत शेयरों का लॉक इन पीरियड महज 30 दिन का ही है।




# अमेरिकी शेयर मार्केट क्रैश, होली बाद क्या लाल रंग में रंगेगा घरेलू बाजार

**नई दिल्ली।** टैरिफ वॉर के बढ़ने, दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था में मुद्रास्फीति और मंदी के डर के कारण यूएस स्टॉक मार्केट गुरुवार को क्रैश कर गया। तीनों प्रमुख अमेरिकी स्टॉक इंडेक्स निचले स्तर पर बंद हुए, जहां टेक और टेक से जुड़े मेगाकैप शेयरों में व्यापक बिकवाली के कारण नैस्डैक लगभग 2 प्रतिशत गिर गया। बेंचमार्क एसएंडपी 500 करेक्शन के दौर में है। आज होली के मौके पर घरेलू शेयर मार्केट बंद है। ऐसे में होली बाद सोमवार को जब घरेलू मार्केट खुलेगा तो इसके लाल रंग में रंगने के आसार हैं। डॉऊ जोन्स इंडस्ट्रियल एवरेज 537.36 अंक, यानी 1.30 प्रतिशत गिरकर 40,813.57 पर बंद हुआ। एसएंडपी 500 77.78 अंक, यानी 1.39 प्रतिशत की गिरावट के साथ 5,521.52 पर बंद हुआ और नैस्डैक कंपोजिट 345.44 अंक, यानी 1.96 प्रतिशत गिरकर 17,303.01 पर बंद हुआ।एसएंडपी 500 के 11 प्रमुख सेक्टरों में से, यूटिलिटीज को छोड़कर सभी निगेटिव जोन में बंद हुए, जहां कम्युनिकेशन सर्विसेज और कंज्यूमर डिस्क्रेशनरी सेक्टर में सबसे अधिक गिरावट देखी गई। इंटेल के शेयर 14.6 प्रतिशत चढ़े, जबकि एडोब के शेयर 13.9 प्रतिशत गिरे। डॉलर जनरल के शेयर 6.8 प्रतिशत बढ़े। टेस्ला के शेयर 3 प्रतिशत गिरे, एनवीडिया के शेयर 0.14 प्रतिशत कम हुए, एप्पल के शेयर 3.36 प्रतिशत गिरे और अमेजन के शेयर 2.51 प्रतिशत नीचे रहे। एसएंडपी 500 ने 19 फरवरी के अपने रिकॉर्ड क्लोजिंग हाई से 10.1 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की, जिससे पुष्टि हुई कि यह इंडेक्स सुधार के दौर में है। 6 मार्च को, नैस्डैक ने भी पुष्टि की कि वह सुधार के दौर में है, क्योंकि यह 16 दिसंबर के अपने ऑल-टाइम हाई से 10.4 प्रतिशत नीचे बंद हुआ। डॉऊ जोन्स ट्रांसपोर्टेशन इंडेक्स, जिसे अमेरिकी अर्थव्यवस्था के स्वास्थ्य का सूचक माना जाता है, 25 नवंबर के अपने रिकॉर्ड क्लोजिंग हाई से 18.9 प्रतिशत नीचे बंद हुआ। अगर यह 20 प्रतिशत या उससे अधिक नीचे जाता है, तो यह पुष्टि होगी कि यह इंडेक्स बियर मार्केट में है। यूरोपीय संघ ने स्टील और एल्युमिनियम पर अमेरिकी टैरिफ के जवाब में अमेरिकी व्हिस्की निर्यात पर 50 प्रतिशत टैक्स लगाया।



# स्पाइसजेट के बिक गए 1.15 करोड़ शेयर

**मुंबई।** प्राइवेट सेक्टर की एयरलाइन- स्पाइसजेट के प्रवर्तकों में से एक और प्रबंध निदेशक अजय सिंह ने गुरुवार को ओपन मार्केट में लेनदेन के जरिये एयरलाइन में करीब एक प्रतिशत हिस्सेदारी 52 करोड़ रुपए में बेची। बीएसई पर बल्क डील्स के आंकड़ों के मुताबिक अजय सिंह ने 1.15 करोड़ से ज्यादा शेयर बेचे। यह गुरुग्राम स्थित स्पाइसजेट में 0.9 प्रतिशत हिस्सेदारी के बराबर है। शेयरों का सैटलमेंट 45.34 रुपए की औसत कीमत पर किया गया, जिससे ट्रांजेक्शन का मूल्य 52.31 करोड़ रुपए बैठता है। हिस्सेदारी बिक्री के बाद स्पाइसजेट में सिंह की हिस्सेदारी 22.90 प्रतिशत से घटकर 22 प्रतिशत रह गयी है। साथ ही कंपनी के प्रवर्तकों और प्रवर्तक समूह की संयुक्त हिस्सेदारी 29.13 प्रतिशत से घटकर 28.23 प्रतिशत हो गई है। यह खबर ऐसे समय आई है जब एयरलाइन स्पाइसजेट के खिलाफ कई कंपनियां खड़ी हो गई हैं। दरअसल, आयरलैंड के तीन विमान पट्टेदारों और एक पूर्व पायलट ने उसके खिलाफ एनसीएलटी में दिवाला याचिका दायर की है, जिसमें चूक का दावा किया गया है। तीन विमान पट्टा कंपनियों - एनजीएफ अल्फा, एनजीएफ जेनेसिस और एनजीएफ चार्ली ने आईबीसी की धारा 9 के तहत याचिका दायर की है, जिसमें स्पाइसजेट के खिलाफ दिवाला कार्यवाही शुरू करने की मांग की गई है। याचिका में कुल 1.26 करोड़ डॉलर (लगभग 110 करोड़ रुपए) का बकाया होने का दावा किया गया है।

# कुछ बैंकों के FD में मिल रहा 9.50 फीसदी तक का ब्याज दर

**नई दिल्ली।** आप बैंक एफडी पर ज्यादा ब्याज चाहते हैं तो सरकारी या निजी क्षेत्र के बड़े बैंकों के बजाय स्मॉल फाइनेंस बैंक में एफडी करने को सोचें। क्योंकि इन बैंकों में आपको मिलेगा एफडी पर 9.50% तक का ब्याज! वैसे भी फिक्स्ड डिपॉजिट यानी एफडी एक सुरक्षित विकल्प है। पहले हम यह समझ लेते हैं कि ये स्मॉल फाइनेंस बैंक होते क्या हैं? AU स्मॉल फाइनेंस बैंक की वेबसाइट के अनुसार, 'भारत में स्मॉल फाइनेंस बैंक, RBI द्वारा भारत सरकार के मार्गदर्शन में बनाई गई बैंकिंग की एक विशेष श्रेणी है। इनका मुख्य उद्देश्य उन लोगों तक बैंकिंग सेवाएं पहुंचाना है, जो अभी तक इससे वंचित हैं। जैसे छोटे किसान, छोटे व्यापारी, छोटे उद्योग और असंगठित क्षेत्र के लोग।' मतलब, ये बैंक आम आदमी की मदद के लिए बनाए गए हैं। नार्थ ईस्ट स्मॉल फाइनेंस बैंक अब बात करते हैं उन बैंकों की जो ज्यादा ब्याज दे रहे हैं। पहला नाम है नॉर्थ ईस्ट स्मॉल फाइनेंस बैंक का। यहां आपको 3.50% से लेकर 9% तक ब्याज मिल सकता है। वरिष्ठ नागरिकों के लिए ये दर 4% से 9% तक है। ये ब्याज 3 करोड़ रुपए से कम की एफडी पर मिलेगा। आप 7 दिन से लेकर 10 साल तक के लिए एफडी करवा सकते हैं। सबसे ज्यादा, 9% ब्याज, 18 महीने 1 दिन से लेकर 36 महीने तक की एफडी पर मिलेगा। ये दरें 18 जनवरी, 2025 से लागू हैं। यूनिटी स्मॉल फाइनेंस बैंक अगला बैंक है यूनिटी स्मॉल फाइनेंस बैंक। यहां आम लोगों को 4.50% से 9% तक और वरिष्ठ नागरिकों को 4.5% से 9.50% तक ब्याज मिल सकता है। ये भी 3 करोड़ रुपए से कम की एफडी पर है। यहां भी आप 7 दिन से लेकर 10 साल तक के लिए एफडी करवा सकते हैं।



## आप का राशिफल 15 मार्च

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो आ): जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। आत्मीय श्रेष्ठता बनेगी। शुभांक-2-5-6

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात् दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। शुभांक-3-6-7

**मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को हा): कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। दैनिक सुख-सुविधा में वृद्धि होगी। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। शुभांक-3-5-7

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार मिलेंगे। किसी से कहा सुनी न हो यही ध्यान रखें। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। कुछ एकाग्रता की प्रवृत्ति बनेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मनोरथ सिद्धि का योग है। शुभांक-4-7-8

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। जरा-सी लापरवाही आपको परेशानी में डाल सकती हैं। शुभांक-3-5-7

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। सब्र का फल मीठा होता है अत: धैर्य रखें व अच्छे समय इन्तजार करें। कर्म प्रधान विचार धारा बनाये रखें। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। काम में लगे रहें लाभ होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। शत्रु से सावधान रहें। शुभांक-1-3-5

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते): महत्त्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। शुभांक-2-4-6

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू): स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। बुरी संगति से बचें। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। शुभांक-3-4-5

**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। व्यापार में प्रगति होगी। अपने अधीनस्त लोगों से कम सहयोग मिलेगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। पत्नी का परामर्श लाभदायक रहेगा। शुभांक-2-4-7

**मकर** (भे जा जी खी खू खे खो गा गी): व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। आलस्य का त्याग करें। सच्चाई का सहारा लें कार्यसिद्धि होगी। आर्थिक लाभ उत्तम रहेगा। शैक्षणिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। परिवार में किसी मांगलिक कार्य पर वार्ता होगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। समय आपके पक्ष का बना रहेगा। शुभांक-3-5-7

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा): कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। जो चल रहा हैं उसे सावधानीपूर्वक संभालें। शुभांक-2-4-6

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): मध्याह्न से ही आशाएं बलवती होंगी। महत्त्वपूर्ण कार्यों को आज ही निबटा लें उसके बाद समय व्ययकारी सिद्ध होगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शुभांक-1-3-5

# केंद्रीय मंत्री ने कार्यकर्ताओं के साथ खेली होली

**जोधपुर।** जोधपुर में धुलंडी पर्व धूमधाम से मनाया गया शहर के अलग-अलग हिस्से में लोगों ने एक दूसरे को रंग और गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। सुबह से शाम तक यह सिलसिला चलता रहा।
केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने अपने निवास स्थान पर कार्यकर्ताओं के साथ होली खेली। वहीं अनुबंध आश्रम में बुजुर्गों को होली खिलाई गई। उन्हें रंग और गुलाल लगाकर शुभकामनाएं दी। लोगों ने बड़ों को प्रणाम कर उनसे आशीर्वाद लिया। एक दूसरे को मिठाई खिलाकर उन्हें त्योहार की शुभकामनाएं दी। घरों में होली खास तरह के पकवान बनाए गए। इधर होली के मौके पर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस भी अलर्ट मोड पर दिखी। शहर के प्रमुख चौराहों, नाकों पर पुलिस जवान तैनात रहे। हुड़दंगियों और माहौल बिगड़ने वालों पर पुलिस की निगरानी रखी जा रही है।


एक-दूसरे को रंग लगाकर दी शुभकामनाएं

## सांचौर में होली का रंगारंग जश्न

**सांचौर।** सांचौर और आसपास के क्षेत्रों में दो दिवसीय होली पर्व उल्लास के साथ मनाया गया। शुक्रवार को धुलंडी के अवसर पर सुबह से ही शहर की गलियों में रंगों की बहार दिखी। लोगों ने एक-दूसरे को गुलाल-अबीर लगाकर शुभकामनाएं दीं। बच्चों और युवाओं की टोलियां ढोल-नगाड़ों के साथ घरों और बाजारों में घूमती नजर आईं। महिलाओं ने पारंपरिक गीत गाकर और रंग लगाकर उत्सव का आनंद लिया। जगह-जगह रंग खेलने के विशेष आयोजन हुए। सांचौर और आसपास के क्षेत्रों में पारंपरिक गैर कार्यक्रम आयोजित किए गए। बच्चों को ढूंढने की पुरानी परंपरा भी निभाई गई। इसमें हर उम्र के लोगों ने भाग लिया।



# जैसलमेर : कार-टैक्सी की आमने सामने टक्कर में एक की मौत

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जैसलमेर।** जैसलमेर में बाड़मेर रोड पर कार और टैक्सी की टक्कर में एक व्यक्ति की मौत हो गई, वहीं एक बच्चे समेत 4 लोग घायल हो गए। हादसा गुरुवार रात बाड़मेर रोड पर माहेश्वरी हॉस्पिटल के सामने हुआ। हादसे के बाद लोग सभी घायलों को जवाहिर हॉस्पिटल लेकर आए। अस्पताल में इलाज के दौरान टैक्सी ड्राइवर पूनमाराम (50) ने दम तोड़ दिया। वहीं 3 घायलों को गंभीर हालत में जोधपुर रेफर कर दिया। एक घायल बच्चे का जवाहिर हॉस्पिटल में इलाज जारी है। हादसे की जानकारी मिलने पर कोतवाली पुलिस की टीम हॉस्पिटल पहुंची और हादसे की जानकारी ली।



वहीं मृतक टैक्सी ड्राइवर का शव पुलिस ने मॉर्चुरी में रखवाया। मृतक के भाई ने कार ड्राइवर के खिलाफ मामला दर्ज करवाया है। शहर कोतवाली पुलिस के एएसआई श्रीराम विश्नोई ने बताया- हादसा गुरुवार रात बाड़मेर रोड पर हुआ। जब जैसलमेर से सुदासर कॉलोनी, बबर मगरा निवासी टैक्सी ड्राइवर पूनमाराम अपनी टैक्सी में सुदासर कॉलोनी निवासी गुड्डी (40) नामक महिला और उसके दोनों बच्चों संजू (12) और थाना राम (7) को लेकर कॉलोनी जा रहा था। इसी दौरान जैसलमेर के इन्दिरा कॉलोनी निवासी मानवेंद्र सिंह बाड़मेर से अपनी बलेनो कार में जैसलमेर आ रहा था। माहेश्वरी हॉस्पिटल के सामने दोनों गाड़ियों में आमने-सामने भीषण टक्कर हो गई। हादसा होते ही आसपास के लोग इकट्ठा हुए और सभी घायलों को जवाहिर हॉस्पिटल लाए। हॉस्पिटल में इलाज के दौरान टैक्सी ड्राइवर पूनमाराम ने दम तोड़ दिया। वहीं कार ड्राइवर मानवेंद्र सिंह, टैक्सी में सवार गुड्डी और संजू को गंभीर हालत के चलते जोधपुर रेफर कर दिया गया। गुड्डी के बेटे थानाराम का जवाहिर हॉस्पिटल में इलाज जारी है। मृतक पूनमाराम के भाई ने मामला दर्ज है।

## जालोर में मनाई होली, लोगों ने एक-दूसरे को लगाया गुलाल



**जालोर।** जिलेभर में शुक्रवार को होली का पर्व धूम-धाम से मनाया गया। लोगों में सुबह से ही होली मनाने को लेकर उत्साह दिखाई दिया। एक- दूसरे पर गुलाल डाली और होली की शुभकामनाएं दी। दोपहर बाद लोगों ने एक दूसरे के घर जाकर ढूंढ उत्सव मनाया। दरअसल, जालोर सहित जिलेभर में गुरुवार की मध्यरात्रि करीब 12 बजे होलिका दहन किया गया। इसके बाद आज सुबह धुलंडी का पर्व मनाया गया। गली- मोहल्ले में युवक- युवतियों समेत सभी आयु वर्ग के लोग एक- दूसरे के घर पहुंचे और रंग व गुलाल लगाकर होली मनाईं। दोपहर बाद सभी समाजों व मोहल्लों में ढूंढ उत्सव का आयोजन किया गया। है। अलग-अलग समाजों के लोग(गैरिए) एकत्रित होकर परिचितों के घर पहुंचे और चंग की थाप पर गैर नृत्य किया। इस मौके पर छोटे बच्चों की ढूंढ पूजा भी की गई। साथ ही महिलाओं ने ढूंढ महोत्सव वाले घरों में एकत्रित होकर फाग के गीत गाए और बधाई दी। इस बीच शाम 3 बजे बाद ढूंढ महोत्सव वाले बच्चों को परिजन और परिचित भक्त प्रह्लाद चौक लेकर पहुंचे। जहां होलिका दहन स्थल के चारों ओर चक्कर लगाने के बाद होलिका व प्रह्लाद का आशीर्वाद दिलाया। इस दौरान जगह-जगह पुलिस बल तैनात रहा और जिलेभर में त्योहार को लेकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।

## जैसलमेर में विदेशियों ने जमकर खेली होली

**जैसलमेर।** जैसलमेर में शुक्रवार को धुलंडी के दिन रंगों से सराबोर होकर लोगों ने होली की मस्ती की। फाग के गूंजते गीतों के बीच सभी ने होली के हुड़दंग में भाग लिया। यूरोप, अर्जेंटीना समेत कई देशों से आए सैलानियों ने रंगों के त्योहार में जमकर मस्ती की। विदेशियों ने रंग और गुलाल के साथ एक दूसरे को रंगा और साथ ही स्थानीय लोगों को भी रंगा। जैसलमेर में सात समंदर पार से आने वाले विदेशी सैलानियों ने भी होली का जमकर लुत्फ उठाया। होली के अवसर पर विदेशी पर्यटकों ने एक-दूसरे पर रंग डाला। धुलंडी के दिन सुबह-सुबह ही विदेशी पर्यटक आने लगे। सभी मिलकर होली का कलर फूल फेस्टिवल मना रहे हैं। लोगों को झूमते-नाचते देखकर सभी को बहुत आनंद आ रहा है। सैलानियों ने सभी को रंग लगाकर हैप्पी होली बोला। मुख्य बाजार से गुजरते सैलानी होली के रंगों में रंगे लोगों को हैप्पी होली बोलते और एक-दूसरे पर रंगा उड़ाते नजर आए। लोगों ने भी विदेशी सैलानियों को देखकर उनको रंग लगाया और होली की बधाई दी। जैसलमेर में होली त्योहार धूमधाम से मनाया जा रहा है। जगह जगह लोग एक दूसरे पर रंग डालकर मस्ती के साथ होली का त्योहार मना रहे हैं। सभी ने मिलकर होली के रंगों का आनंद लिया।



## रानीवाड़ा में धुलंडी का उल्लास

**रानीवाड़ा।** रानीवाड़ा में होली का दो दिवसीय त्योहार धूमधाम से मनाया जा रहा है। शुक्रवार को पूरे क्षेत्र में धुलंडी का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। शहर की गलियों और मोहल्लों में लोगों ने एक-दूसरे को गुलाल-अबीर लगाया और गले मिलकर बधाइयां दीं। महिलाओं और युवाओं में त्योहार को लेकर विशेष उत्साह देखा गया। इस अवसर पर शहर में 'गांव गैर' कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों को ढूंढने की परंपरागत प्रथा निभाई गई। त्योहार के मद्देनजर रानीवाड़ा पुलिस ने भी कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की और हर कोने पर निगरानी रखी।



## इंस्टाग्राम पर नशाखोरी बढ़ाने वाली रील शेयर का आरोपी गिरफ्तार

**बाड़मेर।** बालोतरा जिले की पुलिस सोशल मीडिया पर प्लेटफॉर्म पर क्राइम करते हुए के वीडियो और फोटो शेयर करने वालों के खिलाफ कार्रवाई कर रही है।
मादक पदार्थ का खाते हुए वीडियो और रील बनाकर सोशल मीडिया पर शेयर किया था। पुलिस ने यूजर की जानकारी जुटाकर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। फिलहाल पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है। दरअसल, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर किसी भी प्रकार की फेक/भ्रामक पोस्ट, गलत टिप्पणी, आपसी सौहार्द व लॉ-इन-ऑर्डर बिगाड़ने वालों को पुलिस चिन्हित कर कार्रवाई कर रही है।
टीम ने एएसपी गोपालसिंह भाटी, डीएसपी शिव नारायण चौधरी के सुपरविजन में बायतु थानाधिकारी भंवरलाल विश्नोई के नेतृत्व में टीम बनाकर सोशल मीडिया इंस्टाग्राम पर नशाखोरी को बढ़ावा देने वाली रील शेयर करने की।
पुलिस के अनुसार 12 मार्च 2025 को सोशल मीडिया पर नशाखोरी को बढ़ावा देने वाली रील और वीडियो अपलोड करना जानकारी में आए।

# एयरपोर्ट की तरह बन रहा जैसलमेर का रेलवे स्टेशन

▶▶ 140 करोड़ में पीले पत्थरों से हो रहा तैयार

**जैसलमेर।** जैसलमेर के रेलवे स्टेशन को 140 करोड़ की लागत से मॉडर्न लुक के साथ हेरिटेज बनाया जा रहा है। जिसमें एयरपोर्ट की तर्ज पर सभी सुविधाएं होंगी। इसका काम इसी साल में पूरा हो जाएगा। यह अमृत स्टेशन योजना के तहत तैयार किया जा रहा है। बता दें कि जैसलमेर के रेलवे स्टेशन की पुरानी बिल्डिंग को तोड़कर नया बनाने का काम पिछले 2 साल से चल रहा है। 70 से ज्यादा इंजीनियर और 200 से भी ज्यादा श्रमिक काम में लगे हैं। इस बिल्डिंग को इसी साल तैयार कर लिया जाएगा। यहां यात्रियों को एयरपोर्ट की तरह सुविधाएं मिलेंगी।




### अब तक ये काम पूरे हुए

उत्तर-पश्चिमी रेलवे क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले जैसलमेर रेलवे स्टेशन की मुख्य इमारत में बनने वाली बिल्डिंग का निर्माण कार्य पूरा हो गया है। इसके साथ स्टाफ क्वार्टर, एमसीओ, पार्सल, क्रू लॉबी एवं अन्य विभाग की बिल्डिंग का निर्माण कार्य भी पूरा हो गया है। स्टेशन पर प्लेटफार्म नंबर 3 की नई दीवार का निर्माण और प्लेटफार्म नंबर 2 व 3 पर शेल्टर, एफओबी व एयर कॉनकोर्स का काम पूरा हो गया है। इसके साथ ही बिल्डिंग के अंदर का काम भी लगभग पूरा हो गया है। इस काम को जल्द पूरा करने में मजदूर लगातार लगे हैं। अब इसका इंटीरियर और अन्य सुविधाओं के विस्तार काम काम भी चल रहा है। साल 2025 तक इसका काम भी पूरा हो जाएगा। जैसलमेर स्टेशन पर लगभग 48 हजार वर्ग मीटर क्षेत्र में विकास किया जाएगा। स्टेशन पर 8327 वर्ग मीटर क्षेत्र में मुख्य स्टेशन बिल्डिंग का निर्माण किया जा रहा है। स्टेशन के निर्माण में राजस्थानी हेरिटेज और आधुनिकता के समावेश से इसे आकर्षक रूप दिया गया है।

# एक ही रात दो वाइन-शॉप से 1.30 लाख की चोरी

**जोधपुर।** कहने को तो होली पर्व के मद्देनजर पुलिस अलर्ट मोड पर थी, लेकिन इसी जोधपुर पुलिस की रात्रीकालीन गश्त की पोल खोलते हुए शातिर बदमाशों ने शहर के दो मुख्य मार्ग पर स्थित शराब की दुकानों में चोरी कर डाली। ये दोनों ही वारदात इन दुकानों पर लगे सीसीटीवी कैमरों की रिकॉर्डिंग में कैद हुई है।
पहला केस दर्ज हुआ सरदारपुरा थाने में। जहां मूलतया नागौरी गेट कागा कॉलोनी निवासी भागीरथ मेघवाल पुत्र लालाराम ने रिपोर्ट दी। इसमें बताया कि उनकी पत्नी के नाम से सरकारी शराब दुकान द लायन वाइन्स 12वीं रोड से जलजोग मार्ग पर है, जिसका संचालन वह खुद करते हैं।
बुधवार रात को दुकान के सेल्समैन खुशालसिंह रोजाना की तरह दुकान के ऊपर बने कमरे में सो रहा था। 13 मार्च की सुबह 6:45 बजे सेल्समैन ने फोन कर बताया कि दुकान के ताले टूटे पड़े हैं। दुकान संचालक वहां पहुंचे और सरदारपुरा पुलिस को भी वारदात की सूचना दी। भीतर लगे सीसीटीवी कैमरों की रिकॉर्डिंग खंगाली, तो उसमें 3 बजे एक बदमाश दुकान के बाहर ताला तोड़ते और भीतर घुसकर गल्ले में रखे 90 हजार रुपए और बीयर की दो बोतल चुराकर ले जाते नजर आया। सरदारपुरा पुलिस अब सीसीटीवी फुटेज में नजर आ रहे बदमाश की पहचान के प्रयास में जुटी है।



### बदमाश ले उड़े नकदी

जोधपुर के चौपासनी इलाके में स्थित एक शराब ठेके में गुरुवार अलसुबह 3:55 बजे कुछ बदमाशों ने 40 हजार रुपए से अधिक की नकदी चुरा ली। हैरानी की बात तो ये भी है कि वारदात के समय दुकान का सेल्समैन भीतर ही सोया हुआ था, लेकिन उसे इसकी भनक तक नहीं लगी। सुबह जब वो नींद से जागा, तब नकदी गायब मिली। इस पर दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरों की रिकॉर्डिंग चेक की, तो दो-तीन बदमाशों की कारस्तानी का पता चला। जोधपुर-जैसलमेर बाइपास पर स्थित चौखा रोड सुलिया बाग निवासी अशोक गहलोत पुत्र सत्यनारायण ने राजीव गांधी नगर थाने में रिपोर्ट दी। इसमें अशोक गहलोत ने बताया कि उसकी चौपासनी क्षेत्र में होटल बद्री पैलेस के सामने सुलिया वाइन नाम से सरकारी शराब की दुकान है। रोजाना की तरह 12 मार्च को सुबह 10 से रात 8 बजे तक हुई बिक्री के करीब 40-45 हजार रुपए दुकान के गल्ले में ही रखे थे। दुकान के पीछे टिन शेड की ही दीवार बनी हुई है। इसके चलते दुकान का सेल्समैन महेंद्रसिंह भीतर सो रहा था। 13 मार्च की अलसुबह 3:55 बजे दुकान के पीछले हिस्से में लगी टिन शेड को तोड़कर 2-3 बदमाश भीतर घुसे और गल्ले में रखी नकदी चुराकर ले गए। गहरी नींद में होने के चलते महेंद्रसिंह को इसकी भनक तक नहीं लगी। सुबह नकदी नहीं मिलने पर दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरों की रिकॉर्डिंग खंगालने से हकीकत सामने आई।

# जोधपुर की खुली जेल से बंदी फरार

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जोधपुर।** जोधपुर की मंडोर इलाके में स्थित खुली जेल से बंदी फरार हो गया। गुरुवार सुबह बंदियों की हाजरी लेने पर स्टाफ को पता चला। इसके बाद पूरे परिसर में तलाशी ली गई, लेकिन वो नहीं मिला। मंडोर थाने में एफआईआर दर्ज कराई गई है।जेल प्रहरी आनंद ढाका विश्नोई पुत्र विष्णुदत्त ने मंडोर थाने में दी रिपोर्ट में बताया कि वे मंडोर खुली जेल प्रभारी के पद पर कार्यरत है। इसी खुली जेल में नागौर के सदर थानांतर्गत ग्राम सुखवासी निवासी सहदेव जाट पुत्र मूलाराम बंद था। उसे साल 2017 में दर्ज प्रकरण में जेडीजे कोर्ट संख्या-1 से हत्या, हत्या प्रयास, लूट सहित अन्य धाराओं के मामले में 5 जुलाई 2022 को सजा सुनाई गई थी। रोजाना की तरह बुधवार को खुली जेल में शाम की हाजरी 6:30 बजे ली गई थी। तब सहदेव जाट मौजूद था। इसके बाद रात 9:30 बजे गश्त के दौरान भी वह अपने जेल के क्वार्टर संख्या पी-16 में मौजूद था। इसके अगले दिन सुबह की उपस्थिति लेने पर पता चला कि सहदेव गायब है। उसके गैर हाजिर होने का पता चलते ही प्रभारी ने उसकी तलाश की, लेकिन न तो वो खुद के क्वार्टर में ही मिला और न ही परिसर में। इस पर जेल प्रहरी ने उसके परिवार वालों से संपर्क किया, लेकिन उन्होंने भी इससे अनभिज्ञता जताई। इस पर जेल प्रशासन की ओर से मंडोर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराने के निर्देश दिए गए।




# ससुराल में युवक की मौत, मिला सुसाइड नोट

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**बाड़मेर।** ससुराल में युवक की तबीयत बिगड़ने और संदिग्ध हालात में मौत होने का मामला सामने आया है। युवक के भाई ने ससुराल पर षड्यंत्र कर मारपीट कर मर्डर करने का संदेह जताया है। मामला बालोतरा जिले के सिणधरी सणपा गांव का है। युवक के पास से ससुराल वालों को परेशान करने का नोट मिला है। वहीं एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर शेयर हो रहा है। फिलहाल पुलिस ने परिजनों की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर लिया है। नोट और वीडियो को लेकर जांच पड़ताल कर रही है। शव का पोस्टमॉर्टम करवाकर शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया। पुलिस के अनुसार बीते दो दिनों से देवीसिंह (30) पुत्र नेन सिंह ससुराल में थे। बुधवार को तबीयत बिगड़ने पर सिणधरी लेकर आए। वहां से उसे बालोतरा के नाहटा हॉस्पिटल में रेफर किया गया। कल रात को युवक की हॉस्पिटल में मौत हो गई। सूचना मिलने पर सिणधरी पुलिस हॉस्पिटल पहुंची। इसके पास में दो पेपर का नोट (कागज) मिले है। जिसमें मृतक ने पत्नी, ससुराल और बाबूसिंह भाटी पर तंग व परेशान करने की बात लिखी है। गिड़ा कानोड़ गांव निवासी हुकम सिंह पुत्र भंवर सिंह ने पुलिस को रिपोर्ट दी थी। जिसमें बताया कि काकाई भाई देवी सिंह (30) पुत्र नेन सिंह ने 11 मार्च को वीडियो भेजे जिसमें ससुराल पर मारपीट करने की बात कही। इस पर प्रेम सिंह पुत्र गेमरसिंह के साथ हम दोनों बाइक लेकर ससुराल गए। तब वीडियो को लेकर पूछा तो देवी सिंह ने कहा कि पत्नी खुशबू कंवर, सास प्रेमकंवर, ससुर रूप सिंह, नानी सास व बाबूसिंह पुत्र मानसिंह भाटी शादी के बाद से लगातार परेशान कर रहे है। तब उनको उलाहना दिया तो अपनी गलती मानकर दोबारा इस तरह की गलती नहीं करने का आश्वासन दिया और पत्नी खुशबु को देवी सिंह के साथ घर भेज देने की बात कही। रिपोर्ट में बताया- बुधवार को दोपहर 1 बजे फोन आया कि देवीसिंह की तबीयत बिगड़ गई। हॉस्पिटल लेकर जा रहे है। नाहटा हॉस्पिटल बालोतरा पहुंचने पर देवी सिंह मृत पड़ा था। रिपोर्ट में आरोप लगाया कि देवीसिंह को ससुराल वाले परेशान करते है। आटे-साटे में शादी के बाद देवी सिंह की बहन की मौत पहले हो चुकी थी। इसके बाद से इसकी पत्नी ससुराल नहीं आ रही थी। बार-बार रुपए मांग रहे थे।



**पत्नी और ससुराल पर परेशान करने का आरोप**

# ट्रांसफार्मर चोरी व खरीद के तीन आरोपी गिरफ्तार

▶▶ 18 किलो तांबे का तार बरामद

**जालोर।** जालोर में रामसीन थाना क्षेत्र के भेरूड़ी स्थित मोदरा ढाणी से 2 ट्रांसफार्मर चोरी करने और चोरी का माल खरीदने के मामले में पुलिस ने कार्रवाई की है। ट्रांसफार्मर से तांबे का तार निकालकर आरोपियों ने व्यापारी को बेच दिया। इसकी खरीदारी करने वाले और चोरों समेत पुलिस ने 3 लोगों को गिरफ्तार किया। थानाधिकारी तेजू सिंह ने बताया- 11 मार्च को रामसीन निवासी हाल सहायक अभियन्ता रामसीन के भरूडी जीईएन रविन्द्र माली पुत्र चम्पालाल माली ने रिपोर्ट दी थी। बताया कि 23 फरवरी को मोदरा की ढाणी आखरी मंदिर के पास लगे 25 केवी के 2 ट्रांसफॉर्मर चोरी हो गए। जिसकी रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर जांच शुरू की। बुधवार की देर शाम को ट्रांसफार्मर चोरी करने के दो आरोपी जसवंतपुरा के पावली निवासी दीपाराम (35) पुत्र भुराराम कलबी व रामसीन थाना क्षेत्र के आम्बातरी निवासी हरिसिंह(35) पुत्र सतीदान चारण ने चोरी को अंजाम दिया।



# देगराय ओरण इलाके के आधा किलोमीटर एरिया में लगी आग

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जैसलमेर।** जैसलमेर के फतेहगढ़ इलाके के देगराय ओरण में गुरुवार को जंगल में आग लग गई। आग सूखी घास में लगी थी और वो करीब आधा किमी एरिया में फैल गई। आग की सूचना पर करीब 3 गांव के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और अपने संसाधनों से आग बुझाने के प्रयास शुरू किए। पर्यावरण प्रेमी सुमेर सिंह भाटी ने बताया- आग सावंता व देगराय मंदिर के बीच जंगल में लगी थी। उस इलाके में सूखी घास होने के कारण आग लगी। हालांकि कारणों का खुलासा नहीं हो सका, मगर ग्रामीणों और जैसलमेर से आई दमकल की मदद से करीब 3 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। आग से सूखी घास जलकर राख हो गई। आग के बुझने के बाद सभी ने राहत की सांस ली। सुमेर सिंह ने बताया- गुरुवार सुबह करीब 10 बजे के लगभग सूचना मिली कि देगराय ओरण इलाके के जंगल में आग लगी है। हमने गांवों में सूचना दी। आसपास के सावंता, भोपा व रासला गांवों के 200 के करीब लोग मौके पर पहुंचे और अपने अपने संसाधनों से आग को बुझाने के प्रयास तेज किए। इस दौरान सूचना पर जैसलमेर से फायर ब्रिगेड कि गाड़ी भी मौके पर पहुंची। सभी ने मिलकर करीब 3 घंटे में आग पर काबू पाया। दरअसल, सूखी घास होने के कारण आग लगातार फैलती जा रही थी। मगर लोगों ने मिलकर आग पर आखिरकार काबू पाया। हालांकि आग से केवल सूखी घास ही जली। अन्य वनस्पति



# जैसलमेर में शॉर्ट सर्किट से दुकान में लगी आग

**जैसलमेर।** जैसलमेर के केला पाड़ा में स्थित एक प्रोविजन स्टोर में बीती रात आग लग जाने से उसमें रखा लाखों का सामान जल गया। आग लगते ही आसपास के लोगों ने उसको बुझाने के प्रयास किए, करीब 30 मिनट की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका।

मध्य रेल
शुद्धिपत्र संख्या 1
निविदा सूचना नं. सीआर-बीबी-एसएनटी-पी-टेली-2025-02 के लिये शुद्धिपत्र संख्या 1 जारी किया गया है। निविदा समाप्ति तिथि 15/04/2025 संशोधित की गई है। अन्य सभी विवरण वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखे जा सकते हैं। यह निविदा 15/06/2017 दिनांकित सार्वजनिक खरीद नीति (भारत में बनाओ) आदेश 2017 का अनुपालन करती है। अन्य सभी नियम और शर्तें अपरिवर्तित ही रहेंगी।
निविदा सूचना नं. सीआर- बीबी-एसएनटी-पी-टेली-2025-02
खतरनाक व विस्फोटक सामान के साथ यात्रा करना दंडनीय अपराध है 839

पश्चिम रेलवे
उपकरणों का सफाई कार्य
मंडल रेलवे प्रबंधक (रोलिंग स्टॉक), ईएमयू कारशेड, मुंबई सेंट्रल मंडल, पश्चिम रेलवे, मुंबई सेंट्रल 400034 द्वारा **ई-निविदा सूचना क्र. डीआरएम/आरएस/2024-25/24 दिनांक 12.03.2025** आमंत्रित है। **कार्य का नाम:** 02 वर्ष की अवधि हेतु मुंबई सेंट्रल, कांदीवली तथा विरार कारशेड में ईएमयू रेक्स के टीएम सक्शन फिल्टर्स, ट्रांसफार्मर रेडिएटर्स तथा ऑक्जिलरी कन्वर्टर फिल्टर्स की सफाई। **कार्य की अनुमानित लागत:** रु. 47,70,382.40, **ईएमडी:** रु. 95,400/-, **जमा करने की दिनांक तथा समय:** 07.04.2025 को 15.00 बजे तक। **खुलने की दिनांक तथा समय:** 07.04.2025 को 15.30 बजे। **वेबसाइट विवरण:** निविदा वेबसाइट **www.ireps. gov.in** के माध्यम से देखी एवं जमा की सकती है। **1181**
हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

पश्चिम रेलवे
ट्रैकमेन हेतु टूल रूम सह रेस्ट रूम का प्रावधान
मंडल रेलवे प्रबंधक (डब्ल्यूए), पश्चिम रेलवे, इंजीनियरिंग विभाग, मुंबई सेंट्रल मंडल, डीआरएम कार्यालय, भुतल, मुंबई सेंट्रल 400008 द्वारा **ई-निविदा सूचना क्र. बीसीटी/24-25/308 दिनांक 12.03.2025** आमंत्रित है। **कार्य तथा स्थान:** उकाई-सोनगड-जलगांव खंडः ट्रैकमेन हेतु टूल रूम सह रेस्ट रूम तथा उधना-जलगांव टीएफआर- 35.074 टीकेएम, टीएफटीआर-39.839 टीकेएम के संबंध में वरि. डीईएन/ पूर्व/एमएमसीटी के कार्यक्षेत्र अंतर्गत ट्रैकमेन हेतु 24 नग टूल रूम सह रेस्ट रूम का प्रावधान। (संयुक्त निविदा) **कार्य की अनु. लागत:** रु. 2,72,64,119.03, **ईएमडी:** रु. 2,86,300/-, **जमा करने की दिनांक तथा समय:** 08.04.2025 को 15.00 बजे तक। **खुलने की दिनांक तथा समय:** 08.04.2025 को 15.30 बजे। आगामी जानकारी हेतु कृपया हमारी वेबसाइट www.ireps. gov.in देखें। **1178**
हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

बृहन्मुंबई महानगरपालिका
शुद्धि पत्र
दिनांक 13.03.2025 को इस समाचार पत्र के पृष्ठ क्र. 10 पर प्रकाशित बृहन्मुंबई महानगर पालिका की विज्ञप्ति क्र. PRO/2657/ADV/ 2024-25 त्रुटीवश प्रकाशित हो गई है, अतः इसे प्रभावहीन माना जाए।
हस्ता./-
सहायक आयुक्त के/ई वॉर्ड

## सुविचार

किसी भी मांगने वाले को अपने दर पर जलील मत करना, वो सिर्फ मांगने ही नहीं, दुआ देने भी आता है।

- अज्ञात

## जागरूक संपादकीय

### भारत की पाक को लताड़

पाकिस्तान में जाफर एक्सप्रेस हाईजैक मामले में बंदियों को लेकर भारत की संवेदनाएं हैं क्योंकि भारत एक संवेदशील देश है। लेकिन पाकिस्तान अपने यहां पालेपोसे गए आतंकियों से अब सामना करने में कमजोर दिखाई दे रहा। ऐसे में अपनी साख बचाने के लिए पाकिस्तानी सरकार अपने देश के आंतकवादी एवं फिदायीन हमलों के लिए भारत को जिम्मेदार घोषित कर जनता की हमदर्दी पाना चाह रहा है। हालांकि अब जनता भी समझदार हो चुकी है। भारत ने शुक्रवार को पाकिस्तान विदेश मंत्रालय के आरोपों को खारिज कर दिया कि जाफर एक्सप्रेस हमले में भारत का हाथ था। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रहदनीर जायसवाल ने कहा, "हम पाकिस्तान द्वारा लगाए गए निराधार आरोपों को दृढ़ता से खारिज करते हैं। पूरी दुनिया जानती है कि वैश्विक आतंकवाद का केंद्र कहां है। पाकिस्तान को अपनी आंतरिक समस्याओं और विफलताओं के लिए दूसरों पर उंगली उठाने और दोष मढ़ने के बजाय अपने अंदर झांकना चाहिए।" इससे पहले गुरुवार को पाकिस्तान विदेश कार्यालय के प्रवक्ता शफकत अली खान ने दावा किया था कि जाफर एक्सप्रेस पर हमले में शामिल विद्रोही अफगानिस्तान में बैठे अपने सरगनाओं के संपर्क में थे। शफकत अली खान ने अपने साप्ताहिक प्रेस ब्रीफिंग में कहा था कि भारत पाकिस्तान में आतंकवाद में शामिल रहा है। जाफर एक्सप्रेस पर हुए विशेष हमले में आतंकवादी अफगानिस्तान में बैठे अपने आकाओं और सरगनाओं के संपर्क में थे। पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच सीमा पर लगातार होने वाली झड़पों के कारण तनावपूर्ण हो गए हैं। इस्लामाबाद का दावा है कि तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) पाकिस्तान में हमले करने के लिए अफगान धरती का इस्तेमाल कर रहा है। काबुल ने आरोपों से इनकार किया है। यह बयान पाकिस्तान के सुरक्षा बलों द्वारा यह दावा किए जाने के बाद आया है कि उन्होंने बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी के सभी 33 विद्रोहियों को मार गिराया है, जिन्होंने जाफर एक्सप्रेस को हाईजैक कर लिया था, जिसमें 400 से ज्यादा यात्री सवार थे। पाकिस्तानी सेना ने कथित "सफल ऑपरेशन" की कोई तस्वीर या वीडियो जारी नहीं किया है। दूसरी ओर विद्रोही बीएलए का दावा है कि आईएसपीआर हार को छुपा रहा है। बीएलए के प्रवक्ता जीयंद बलूच ने जोर देकर कहा कि "लड़ाई अभी भी कई मोर्चों पर जारी है। न तो युद्ध के मैदान में जीत हासिल की है और न ही अपने बंधक कर्मियों को बचाने में कामयाब रहा है। क्वेटा पहुंचे रिहा हुए यात्रियों ने पाकिस्तानी मीडिया को बताया कि बीएलए के लड़ाकों ने ट्रेन पर कब्जा करने के तुरंत बाद महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों को स्वेच्छा से रिहा कर दिया। बीएलए ने पाकिस्तानी अधिकारियों को स्वतंत्र पत्रकारों और निष्पक्ष पर्यवेक्षकों को संघर्ष क्षेत्र में जाने की अनुमति देने की भी चुनौती दी है।

## सैटेलाइट इंटरनेट का नया युग

# राज करेगा मस्क...!



शाहिद ए चौधरी

हाल ही में वाशिंगटन में भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिका की सैटेलाइट कंपनी स्टारलिंक के मालिक एलोन मस्क की मुलाकात हुई थी। इस मुलाकात को अभी एक माह भी नहीं हुआ है कि स्टारलिंक ने एक के बाद एक दो बड़े समझौते भारत की दो प्रमुख टेलिकॉम कंपनियों से किए हैं। पहले सुनील भारती मित्तल की कंपनी एयरटेल ने 11 मार्च 2025 को घोषणा की कि वह भारत में स्टारलिंक की सैटेलाइट इंटरनेट सेवाओं को मार्किट करेगी व उसके नेटवर्क कवरेज की जरूरतों की पूर्ति करेगा। इसके अगले ही दिन मुकेश अंबानी की रिलायंस जिओ ने भी स्टारलिंक के साथ ऐसा ही समझौता होने का ऐलान किया। दोनों जिओ व एयरटेल की नीतियों में यह बहुत जबरदस्त परिवर्तन है; क्योंकि वह अभी तक भारत में स्टारलिंक के प्रवेश का जमकर विरोध करती आ रही थीं, यह कहते हुए कि स्टारलिंक को एयरवेव्स बहुत सस्ते में मिल रहे हैं। इनके विरोध के चलते स्टारलिंक को भारत में कॉमर्शियल तौरपर कामकाज करने का लाइसेंस भी नहीं मिल रहा था, जिसकी प्रतीक्षा में मस्क की कंपनी 2022 से ही थी। लाइसेंस न देने के कारणों में राष्ट्रीय सुरक्षा चिंताएं भी थीं, जिन पर अब संभवतः विराम लग गया है। शायद इसलिए भी क्योंकि स्टारलिंक की सेवाएं युद्ध के दौरान यूक्रेन के लिए बहुत महत्वपूर्ण साबित हुई हैं,दोनों सैन्य व नागरिक कम्युनिकेशन के मामले में। प्रधानमंत्री मोदी की वाशिंगटन यात्रा के बाद भारत के प्रमुख घरेलू टेलिकॉम खिलाड़ियों और स्टारलिंक के बीच दो समझौते होने से इतना तो स्पष्ट है कि यह करार भारत व अमेरिका की सरकारों की सहमति मिलने से ही हो पाएं हैं। इसलिए अनुमान यह है कि स्टारलिंक को अपनी सेवाएं देने का लाइसेंस भी जल्द ही मिल जाएगा, जिसके बाद स्पेक्ट्रम व आवश्यक जमीनी इन्फ्रास्ट्रक्चर निर्माण का सिलसिला आरंभ होगा। इसका अर्थ है कि स्टारलिंक की सेवाएं आरंभ होने में अभी समय लगेगा, जोकि अत्यधिक महंगी हो सकती हैं,वर्तमान में भारतीय टेलिकॉम ऑपरेटर्स के दामों की तुलना में। वैसे दाम तय होने अभी शेष हैं। अमेरिका में स्टैंडर्ड स्टारलिंक सेवा 120 डॉलर प्रति माह में मिलती है यानी लगभग 10,500 रुपए में। बहरहाल, स्टारलिंक स्पेस एक्स सैटेलाइट-आधारित इंटरनेट सेवा प्रोवाइडर है। इंटरनेट कनेक्टिविटी उपलब्ध कराने के लिए यह तकरीबन 7,000 लो अर्थ ऑर्बिट (लियो) का प्रयोग करता है। दिसंबर 2024 तक स्टारलिंक 72 देशों में लगभग 5 मिलियन सब्सक्राइबर बेस के साथ मौजूद था। भारत में 945 मिलियन इंटरनेट सब्सक्राइबर्स हैं, जिनमें से अधिकतर वायरलेस हैं। इस लिहाज से देखा जाए तो यह अमेरिकी सैटेलाइट कंपनी भारत में धमाकेदार प्रवेश कर रही है और जब चुनौती देने वाले ही सहयोगी बन रहे हैं तो भारत के टेलिकॉम इकोसिस्टम पर मस्क का ही राज हो जाएगा। अनुमान यह है कि वोडा आईडिया भी स्पेसएक्स के साथ ऐसे ही समझौते की घोषणा करने जा रहा है। गौरतलब है कि पर्यटक व्यापारी मस्क ने भारत में टेस्ला के प्रवेश की अपनी योजना पर फिर से कोशिश करना शुरू कर दिया है। जहां तक नई दिल्ली की बात है तो वह स्टारलिंक के जरिये दो प्रमुख लाभ देख रही है। एक, सैटेलाइट कम्युनिकेशन्स की वजह से पूरे देश में 100 प्रतिशत मोबाइल कवरेज हो जाएगा और बाजार में एक नये ऑपरेटर का भी स्वागत होगा। दूसरा यह कि ट्रंप प्रशासन में मस्क की महत्वपूर्ण भूमिका है,जिससे कुछ अन्य समझौतों व अमेरिका से बेहतर रिश्तों की उम्मीद की जा सकती है। स्टारलिंक की ग्लोबल मोबाइल पर्सोनल कम्युनिकेशन बाई सैटेलाइट (जीएमपीसीएस) सेवा लाइसेंस की अर्जी लंबे समय से भारत के टेलिकॉम विभाग व गृह मंत्रालय के पास मंजूरी के लिए लंबित पड़ी हुई थी, जिसके अब 'जल्द' क्लियर होने का अनुमान है। जीएमपीसीएस मिलने के बाद भी स्टारलिंक को कुछ अन्य मंजूरियों के साथ ही स्पेस विभाग से भी मंजूरी लेनी होगी और तभी यह अपना ऑपरेशन आरंभ करने के लिए ऑर्डर्स व कार्य ले सकेगी। उसे भारत में लैंडिंग स्टेशन भी स्थापित करने होंगे और सरकार को यह यकीन दिलाना होगा कि वह भारतीयों का डाटा ट्रांसफर नहीं करेगी व कानून लागू करने वाली एजेंसीज के 'आग्रहों' का पालन करेगी। यह अच्छी खबर है कि सैटेलाइट-आधारित इंटरनेट सेवाएं भारत में भी आ रही हैं, लेकिन साथ ही जरूरत इस बात की भी है कि डिजिटल विभाजन को जल्द से जल्द समाप्त किया जाए। भारत जैसे विशाल देश में तार वाले ब्रॉडबैंड की स्पष्ट सीमाएं हैं और सरकार का नवीनतम डाटा सब्सक्राइबर्स की संख्या मात्र 41 मिलियन दिखा रहा है। हालांकि मोबाइल इंटरनेट 903 मिलियन लोगों तक पहुंचता है, लेकिन दूरदराज की बस्तियों तक 4जी या 5जी टावर्स को पहुंचाना आर्थिक दृष्टि से कठिन है। चूंकि सैटेलाइट पर्याप्त हैं इसलिए सैटेलाइट इंटरनेट पृथ्वी के हर कोने को स्पर्श कर सकता है और स्टारलिंक में यह क्षमता है। अंतिम गिनती में उसके पास 7,000 से अधिक वर्किंग सैटेलाइट थे और उसकी योजना 42,000 का विशाल तारामंडल बनाने की है। कोई दूसरी कंपनी इसके आस पास भी नहीं आती है, विशेषकर इसलिए क्योंकि मस्क के पास अपने स्पेसएक्स रॉकेट्स से बहुत ही सस्ते में सैटेलाइट लांच करने की क्षमता भी है। जिस तेज रफ्तार से स्टारलिंक ने तीन साल पहले युद्ध के शुरू होते ही यूक्रेन की फ़ौज को कनेक्ट किया था वह उसकी प्रभावकारिता का प्रमाण है। दिलचस्प है कि स्टारलिंक भारत में पहली सैटेलाइट आधारित इंटरनेट सेवा नहीं है। पिछले साल अक्टूबर में सरकारी बीएसएनएल ने अपनी सैटेलाइट-टू-डिवाइस सेवा की घोषणा की थी। लेकिन स्टारलिंक दूसरे स्थान पर इस वजह से नहीं आया कि उसने कोशिश नहीं की थी। नवंबर 2021 में उसने सब्सक्राइबर्स की एडवांस बुकिंग इस उम्मीद में शुरू कर दी थी कि उसे आवश्यक मंजूरी मिल जाएगी। वह योजना सफल न हो सकी। भारत की टेलिकॉम कंपनियों ने दृढ़ता के साथ उसके प्रवेश का विरोध किया,यह कहते हुए कि उन्होंने बहुत महंगा स्पेक्ट्रम खरीदा है और सेलुलर इन्फ्रास्ट्रक्चर में भी बहुत अधिक निवेश किया है, स्टारलिंक के आने से उन्हें भारी नुकसान हो जाएगा। अक्टूबर 2024 तक भारतीय कंपनियां इस बात पर जोर दे रही थीं कि स्टारलिंक भी लांच करने के लिए स्टारलिंक स्पेक्ट्रम नीलामी में हिस्सा ले। लेकिन सैटेलाइट स्पेक्ट्रम के लिए इंटरनेशनल टेलिकम्युनिकेशन यूनियन के नियम बाधा थे। भारतीय कंपनियों को पांच माह के भीतर ही अक्ल आ गई कि लड़ने से कोई लाभ नहीं है और वह स्टारलिंक का विरोध करने की बजाय उससे ही हाथ मिला बैठीं। एयरटेल व जिओ से समझौते का अर्थ है कि स्टारलिंक भारत में प्रतिद्वंदी के रूप में प्रवेश नहीं करेगी और जिओ भी पहले जैसा 'टैरिफ युद्ध' आरंभ नहीं करेगी।

इमेज



## यमुना नदी

# उत्तर भारत के लिए जलवायु की रीढ़

वीना गौतम

इन दिनों सियासी तौरपर अपने प्रदूषण और सफाई की चुनौतियों के लिए कुख्यात हो चुकी यमुना नदी उत्तर भारत के मौसम को पूरी तरह से संतुलित रखती है, कृषि को बढ़ावा देती है और जैव विविधता का संरक्षण करती है। अगर यमुना नदी न हो तो उत्तर भारत जैसा है,वैसा न हो। हालांकि प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन इसके अस्तित्व के लिए खतरा बन रहे हैं, फिर भी आज की तारीख तक उत्तर भारत के मौसम और जलवायु की यमुना नदी आधार स्तंभ है। उत्तराखंड में यमुनोत्री ग्लेशियर (ऊंचाई 6,387 मीटर) से निकलने वाली यमुना उत्तराखंड,हिमाचल प्रदेश, हरियाणा, दिल्ली, उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश में स्वयं या अपनी सहायक नदियों के रूप में बहती हुई प्रयागराज में गंगा से जा मिलती है। इसकी कुल लंबाई लगभग 1,376 किमी है। चंबल, केन, बेतवा, सिंध, टोंस और हिंडन नदियां इसकी सहायक नदियां हैं। यह दिल्ली, आगरा, मथुरा, इटावा और प्रयागराज शहरों से हो के गुजरती है यानी ये शहर इसके तट पर स्थित हैं जबकि यमुनानगर जहां हथिनीकुंड बैराज स्थित है, करनाल जिसकी खेती की सिंचाई का स्रोत यमुना नदी है। इसके अलावा हरियाणा के पानीपत, सोनीपत और फरीदाबाद भी यमुना के प्रवाह क्षेत्र का हिस्सा हैं। हिमाचल में यह सिरमौर जिले के एक छोटे से हिस्से में घुसती है जबकि मध्यप्रदेश में यह सीधे न बहकर वहां इसकी सहायक नदियां बहती हैं। यमुना अपनी जलराशि के लिए मुख्यतः हिमालयी ग्लेशियरों, मानसूनी वर्षा और अपनी सहायक नदियों पर निर्भर है। लेकिन दिल्ली और आगरा जैसे शहरों में औद्योगिक कचरा, घरेलू गंदा पानी और कृषि अपशिष्ट नदी में डाले जाने के कारण इसका जल अत्यधिक प्रदूषित हो चुका है। इस कारण इसका जलवायु संतुलन प्रभावित हुआ है। यमुना के प्रवाह क्षेत्र में कई महत्वपूर्ण जैव विविधता वाले क्षेत्र हैं, जिनमें डॉल्फिन, कछुए, घड़ियाल और विभिन्न प्रकार के पक्षी पाए जाते हैं। इसके तटों पर उपजाऊ जलोढ़ मिट्टी पाई जाने के कारण इसके प्रवाह क्षेत्र में गेहूं, धान, गन्ना और अन्य फसलों की खेती खूब होती है। यमुना के किनारे कई वन्यजीव अभयारण्य भी स्थित हैं जैसे केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान (भरतपुर, राजस्थान), जो प्रवासी पक्षियों का प्रमुख आश्रय स्थल है। 'नमामि गंगे' की तर्ज पर यमुना की सफाई के लिए 'यमुना एक्शन प्लान' बनाया गया है; लेकिन अभी तक नतीजा कुछ नहीं निकला। चूंकि यमुना की ज्यादातर सहायक नदियां मध्य भारत के विभिन्न क्षेत्रों से निकलकर इसमें मिलती हैं और विभिन्न राज्यों की जल आपूर्ति, सिंचाई व पारिस्थितिकी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। इसलिए इनकी स्वच्छता और संरक्षण बहुत आवश्यक है, क्योंकि इनमें से कई नदियां प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन के प्रभावों से प्रभावित हो रही हैं। मौसम, जलवायु व पारिस्थितिकी के लिहाज से यमुना कितनी महत्वपूर्ण नदी है? इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि यह अपने जलग्रहण क्षेत्र में नमी बनाए रखने में मददगार है जिससे आसपास के इलाकों में बेहतर मानसूनी वर्षा होती है। इसकी सहायक नदियां खासकर चंबल, बेतवा, केन, टोंस आदि वर्षा जल को संचित करके धीरे-धीरे प्रवाहित करती हैं, जिससे सूखे की आशंका कम होती है। दिल्ली, हरियाणा और उत्तर प्रदेश जैसे राज्यों में यमुना के पानी से स्थानीय जलवायु नियंत्रित होती है। मसलन गर्मियों में नदी का जलस्तर गिरने से आसपास के इलाकों में सूखा और पानी की किल्लत बढ़ जाती है। सर्दियों में, इसके तटवर्ती क्षेत्र कोहरे और ठंडक बनाए रखने में मददगार होते हैं। जलाशय और बैराज के कारण यमुना का जल प्रवाह नियमित रूप से नियंत्रित किया जाता है, जिससे बाढ़ और सूखे दोनों को संभालने में मदद मिलती है। जहां तक इसके पारिस्थितिकीय महत्व की बात है तो यमुना के आसपास कई महत्वपूर्ण पारिस्थितिकी तंत्र विकसित हुए हैं, जो कई प्रकार के जीव-जंतुओं और वनस्पतियों को आश्रय प्रदान करते हैं। इसी के कारण घड़ियाल, कछुए और डॉल्फिन जैसी जलचर प्रजातियां यमुना और इसकी सहायक नदियों में पाई जाती हैं। इसी वजह से दिल्ली, आगरा और प्रयागराज के कुछ हिस्सों में पक्षियों की अनेक दुर्लभ प्रजातियां निवास करती हैं। इसके किनारे उगने वाली दलदली वनस्पतियां और पेड़ जल संरक्षण में मदद करते हैं। गौरतलब है कि यमुना नदी भारत के सबसे उपजाऊ क्षेत्र गंगा-यमुना दोआब को सिंचित करती है। यमुना के किनारे भूजल स्तर को बनाए रखने में बड़ी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। हालांकि जलवायु परिवर्तन के कारण हिमालयी ग्लेशियरों का पिघलना यमुना नदी के जलस्तर को अस्थिर कर रहा है। इस तरह देखें तो यमुना मौसम को संतुलित रखती है, कृषि को बढ़ावा देती है और जैव विविधता का संरक्षण करती है। हालांकि प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन इसके अस्तित्व के लिए खतरा बन रहे हैं, जिससे इसे बचाने के लिए ठोस प्रयासों की जरूरत है। गंगा के साथ इसके रिश्तों को देखें तो गंगा-यमुना भारत की दो सबसे पवित्र और महत्वपूर्ण नदियां हैं।

नदियां जीवनदायिनी होती हैं। नदी किनारे ही इंसान जन्मा है और नदियों के किनारे ही दुनिया की सभी सभ्यताएं व संस्कृतियां फली-फूली हैं। धरती पर नदियों के बिना जीवन की कल्पना भी नहीं की जा सकती। लेकिन जलवायु परिवर्तन, बढ़ती आबादी और नदियों के प्रति आम लोगों की उदासीनता के चलते धरती में जल संकट तो गहराया ही है, अब नदियों के अस्तित्व पर भी संकट के बादल मंडरा रहे हैं। इसलिए नदियों का न केवल संरक्षण जरूरी है बल्कि हमें अपनी नई पीढ़ियों को इनके प्रति संवेदनशील भी बनाना जरूरी है ताकि इनका अस्तित्व बचा रहे और धरती में इंसानी सभ्यता और संस्कृति भी हमेशा की तरह फलती फूलती रहे। इन दूरगामी मानवीय उद्देश्यों की पूर्ति हेतु नदी गाथा मासिक कालम के तहत प्रस्तुत है, इस बार नदियों की दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण युग्म, गंगा-यमुना में से यमुना के बारे में। अगर गंगा के साथ छोटी बहन के पौराणिक रिश्तों, श्रीकृष्ण के कारण प्रेम व भक्ति की नदी होने की मान्यता और मुगल शासकों की जीवनरेखा होने की ऐतिहासिकता की अनदेखी भी कर दें तो भी यमुना नदी इतनी महत्वपूर्ण है कि इसे उत्तर भारत की जलवायु और पारिस्थितिकी की रीढ़ की हड्डी कहा जा सकता है।

इमेज

## तारीख विशेष

### गुरु हनुमान

गुरु हनुमान भारत के महान कुश्ती प्रशिक्षक (कोच) थे। वे स्वयं भी महान पहलवान थे, उन्होंने संपूर्ण विश्व में भारतीय कुश्ती को महत्त्वपूर्ण स्थान दिलाया। उनकी कुश्ती के क्षेत्र विशेष में उपलब्धियों के कारण इन्हें सन 1988 में द्रोणाचार्य पुरस्कार और सन 1983 में पद्मश्री से सम्मानित किया गया। गुरु हनुमान का जन्म 15 मार्च, 1901 में राजस्थान के झुंझुनू जिला के चिड़ावा तहसील में हुआ था। गुरु हनुमान का बचपन का नाम विजय पाल था। बचपन में कमजोर सेहत के कारण अक्सर ताकतवर लड़के उन्हें तंग करते थे। इसलिए उन्होंने सेहत बनाने के लिए, बचपन में ही पहलवानी को अपना लिया था। कुश्ती के प्रति अपने आगाध प्रेम के चलते इन्होंने 20 साल की उम्र में दिल्ली की ओर प्रस्थान किया। भारतीय मल्लयुद्ध के भगवान हनुमान से प्रेरित होकर इन्होंने अपना नाम हनुमान रख लिया और ताउम्र ब्रह्मचारी रहने का प्रण कर लिया। उनके अनुसार उनकी शादी तो कुश्ती से ही हुई थी। ये बात कोई अतिशयोक्ति भी नहीं थी, क्योंकि जितने पहलवान उनके सान्निध्य में आगे निकले हैं, शायद किसी और गुरु को इतना सम्मान मिल पाया है। कुश्ती के प्रति उनके प्रेम के चलते मशहूर भारतीय उद्योगपति के.के बिरला ने उन्हें दिल्ली में अखाड़ा चलाने के लिए जमीन दान में दे दी थी। सन 1940 में वो आजादी की लड़ाई में शामिल हो गए। 1947 में भारत विभाजन के समय पाकिस्तान से आए शरणार्थियों की उन्होंने खूब सेवा की। 1947 के बाद हनुमान अखाड़ा दिल्ली पहलवानों का मंदिर हो गया। 1980 में इनको पद्मश्री से सम्मानित किया गया। गुरु हनुमान एक गुरु ही नहीं बल्कि अपने शिष्यों के लिए पिता तुल्य थे। कुश्ती का जितना सूक्ष्म ज्ञान उन्हें था, शायद ही किसी को हो! गुरु हनुमान ने जब ये देखा कि उनके पहलवानों को बुढ़ापे में आर्थिक तंगी होती है तो उन्होंने सरकार से पहलवानों के लिए, रोजगार के लिए, सिफारिश की परिणामस्वरूप आज बहुत से राष्ट्रीय प्रतियोगिता जीतने वाले पहलवानों को भारतीय रेलवे में हाथों हाथ लिया जाता है। इस तरह उन्होंने हमेशा अपने शिष्यों की सहायता अपने बच्चों के समान की।

## पंचांग

शनिवार, 15 मार्च 2025

- विक्रम संवत् - 2081
- शक संवत् - 1946
- ऋतु - वसंत
- माह - चैत्र
- पक्ष - कृष्ण
- तिथि - प्रतिपदा 14.34 तक
- वार - शनिवार
- नक्षत्र - उत्तराफाल्गुनी 08.55 तक
- योग - गंड 14.00 तक
- करण - तैतिल 27.45 तक
- सूर्योदय - 06.48 (मुंबई)
- सूर्यास्त - 06.46 (मुंबई)
- सूर्योदय - 06.50 (भीनमाल)
- सूर्यास्त - 06.49 (भीनमाल)
- चंद्र राशि - कन्या
- अभिजित मुहूर्त - 12.23 से 13.11
- राहु काल - 09.47 से 11.17
- व्रत, त्यौहार - वसंतोत्सवारंभ, यमघंटयोग व मृत्युयोग 08.55 से सूर्योदय, व्यतिपात महापात 10.11 तक, बुध वक्री 12.17, धूलेटी भीनमाल
- दिशा शूल - पूर्व

• शास्त्री प्रवीण त्रिवेदी, भीनमाल



## धर्म-कर्म

### आस्था के मंदिर को मिटाना चाहता था औरंगजेब

अमेठी जिले में कई प्राचीन शिव मंदिर मौजूद हैं, जिनकी मान्यताएं अत्यंत प्राचीन और अद्भुत हैं। ऐसा ही एक अलौकिक और ऐतिहासिक शिव मंदिर अमेठी में स्थित है, जिसकी प्राचीनता और पौराणिकता मुगल शासक औरंगजेब के काल से जुड़ी हुई है। इस मंदिर में आज भी औरंगजेब द्वारा खंडित की गई मूर्तियां मौजूद हैं, जो इसकी ऐतिहासिकता की गवाही देती हैं। मान्यता है कि इस मंदिर में भगवान भोलेनाथ के दर्शन करने से संतान प्राप्ति और विवाह से जुड़ी सभी मनोकामनाएं पूरी होती हैं। इसी आस्था के चलते दूर-दूर से भक्त यहां दर्शन और पूजा के लिए आते हैं।

बता दें कि जिले के जामो ब्लॉक के दखिनवारा गांव में स्थित विल्लेश्वर महादेव मंदिर श्रद्धालुओं के लिए आस्था और विश्वास का प्रमुख केंद्र बना हुआ है। इस मंदिर में दर्शन करने के लिए हर रोज सैकड़ों भक्त पहुंचते हैं। मंदिर का इतिहास आजकल का नहीं अपितु हजारों साल पुराना माना जाता है। जबकि स्थानीय लोगों के अनुसार, इसका निर्माण 1669 ईस्वी में कराया गया था।

**खंडित मूर्तियां आज भी उपस्थित**

औरंगजेब ने इस मंदिर पर हमला किया था, जिसके कारण आज भी यहां टूटी-फूटी मूर्तियां मौजूद हैं। जो इस बात को प्रत्यक्ष रूप से प्रमाणित करती हैं। मंदिर परिसर में कई मूर्तियां ऐसी हैं, जिनमें किसी का सिर खंडित है तो किसी के हाथ कटे हुए हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार, औरंगजेब के आक्रमण के दौरान इन मूर्तियों को तहस-नहस कर दिया गया था, लेकिन इसके बावजूद मंदिर में भक्तों की आस्था आज भी कम नहीं हुई है। विल्लेश्वर महादेव के नाम से प्रसिद्ध इस धाम पर हर साल शिवरात्रि के अवसर पर विशाल मेले का आयोजन किया जाता है। सावन के महीने में यहां भक्तों की भारी भीड़ उमड़ती है। मान्यता है कि जो भी भक्त सच्चे मन से यहां जलाभिषेक और पूजा करता है, उसकी सभी मनोकामनाएं पूरी होती हैं। इस मंदिर में रोजाना भगवान शिव की कथा और आरती होती है, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होते हैं। विल्लेश्वर महादेव मंदिर न सिर्फ एक धार्मिक स्थल है, बल्कि यह इतिहास और परंपरा का प्रतीक भी है।



## गीता सार

श्रीभगवानुवाच संन्यासः कर्मयोगश्च निःश्रेयसकरावुभौ।
तयोस्तु कर्मसंन्यासात् कर्मयोगो विशिष्यते॥
भगवान श्रीकृष्ण हैं –
कर्म संन्यास और कर्मयोग-यह दोनों ही परम कल्याण के कराने वाले है, पर इन दोनों में भी कर्मयोग कर्म-संन्यास से श्रेष्ठ है।

## पाठक पाती

### वन संरक्षण की फिक्र

जंगल से वनों का सफाया मानव जाति को त्रासदी के रूप में भुगतना पड़ रहा है। ऋतु चक्र की अनियमितताओं ने धरती से वन संपदा के साथ ही पानी की उपलब्धता को भी सीमित कर दिया है। ऐसे में आने वाले साल कड़ी परीक्षा के होंगे। होली पर्व पर दहन में लकड़ियों का उपयोग सर्वज्ञात है। बार बार समझाइश और हालातों के मद्देनजर पिछले कुछ सालों में होलिका दहन के स्वरूप में बदलाव आया है जो हर्ष का विषय है। आयोजकों ने पर्व का स्वरूप कायम रखते हुए उसमें प्रयुक्त होने वाली चीजों को बदलकर पर्यावरण सुरक्षा अभियान को संबल दिया है। कई जगह लकड़ी की बजाय गोमाता के गोबर से निर्मित कंडे से होलिका दहन की गई जो कई मायनों में लाभप्रद रही। वैसे हिंदू धर्म में कंडों का उपयोग धूप, हवन, यज्ञ जैसे पवित्र कार्यों में किया जाता है। इसमें अगर गो गोबर से निर्मित कंडो का उपयोग हो तो सोने पर सुहागा माना जाता है।

-अमृतलाल मारू 'रवि' इंदौर म.प्र.

पाठकनामा के लिए आप भी हमें अपने विचार ई-मेल या फैक्स द्वारा भेज सकते हैं।
ई-मेल jagruktimes@gmail.com

## बोले तो...



'रुपए के सिंबल को डीएमके के पूर्व विधायक एन. धर्मलिंगम के बेटे टी.डी. उदय कुमार ने डिजाइन किया था। अब इसे मिटाकर डीएमके न केवल एक राष्ट्रीय प्रतीक को खारिज कर रही है, बल्कि एक तमिल युवा के रचनात्मक योगदान की भी पूरी तरह से अवहेलना कर रही है।

-निर्मला सीतारमण



अमेरिका के व्यापार प्रतिनिधि जैमीसन ग्रीर के साथ बैठक के दौरान दोनों देशों के लाभकारी व्यापार समझौते पर चर्चा की। भारत पहले, विकसित भारत और हमारी व्यापक रणनीतिक साझेदारी का मार्गदर्शन होगा। बैठक में लिए फैसले से व्यापार और निवेश को बढ़ावा देने के लिए काम करेंगे।

-पीयूष गोयल



मुझे रुपए का सिंबल चेंज के पीछे के कारणों के बारे में पूरी जानकारी नहीं है, संभवतः राज्य सरकार के पास परिवर्तन करने के अपने तरीके, विचार और कारण हैं। मैंने इसे 15 साल पहले डिजाइन किया था जब तत्कालीन केंद्र सरकार ने एक प्रतियोगिता आयोजित की थी और मैंने इसे जीता था।

- उदय कुमार धर्मलिंगम

## कुछ अलग | अजब गजब

# 24 घंटे बजाता राष्ट्रगान, वो बंद हो तो भौंकते कुत्ते, शख्स ने किया पड़ोसियों की नाक में दम

कोई भी इंसान अपने घर में सुकून की जिंदगी जीना चाहता है। पूरे दिन काम करके थक-हारकर जब हम घर पहुंचते हैं, तो उम्मीद होती है कि शांतिपूर्ण नींद मिलेगी। सोचिए, अगर इसका उल्टा हो और घर में हर वक्त शोरगुल होता रहे, तो भला कोई कैसे जिएगा? रूस की एक बिल्डिंग में बने अपार्टमेंट में रहने वालों का यही रोना है।

ऑडिटी सेंट्रल की रिपोर्ट के मुताबिक रूस के वोल्गोग्राद की एक रिहायशी बिल्डिंग में एक शख्स ने अजीबोगरीब हरकतों से पड़ोसियों की नाक में दम कर रखा है। उसके घर में दिन-रात देशभक्ति के गाने फुल वॉल्यूम पर बजते हैं। अगर वो बंद हो जाए तो कुत्तों के भौंकने का शोर शुरू हो जाता है। इसके पीछे की वजह भी दिलचस्प है।

वोल्गोग्राद की इस बिल्डिंग में 5 फरवरी तक शांति थी, जब तक कि उनके पड़ोस में एक शख्स रहने के लिए नहीं आया। उसने आने के एक-दो दिन बाद ही जोर-जोर से गाने बजाने शुरू कर दिए। वो फुल वॉल्यूम पर देशभक्ति के गाने 24-24 घंटे बजाता रहता है। कहीं ये गाने बंद हो जाएं, तो इसकी जगह कुत्तों के भौंकने का साउंड प्ले कर देता है। इसकी वजह से पूरी बिल्डिंग में रहने वाले लोगों का जीना दूभर हो गया है। इस म्यूजिकल टॉर्चर से बचने के लिए, उन्होंने पुलिस को भी फोन किया, लेकिन उसे कोई रोक ही नहीं पा रहा है। बिल्डिंग में रहने वाली एक महिला बताती है कि इस शख्स ने अपार्टमेंट का एक कमरा कुछ साल पहले खरीदा था। पिछले साल वो आया और उसने कहा कि वो पूरा अपार्टमेंट खरीदना चाहता है और उसने पड़ोसियों से इसे बेचने के लिए कहा। महिला का कहना है कि उसके पास जाने की कोई जगह नहीं है, ऐसे में उसने मना किया तो शख्स ने धमकी दी कि वो उसकी जिंदगी नर्क बना देगा। अगले ही दिन वो स्पीकर खरीद लाया, जिसे वो कहीं अलग से कंट्रोल करता है। पहले तो वो इसे पावर आउटलेट से चलाता था, जिसे लोग बंद कर देते थे। ऐसे में वो सोलर पावर्ड बैटरी लाया और उससे साउंड कनेक्ट कर लिया। मीडिया ने शख्स से बात की तो उसने बताया कि महिला उसके घर के सामने कुत्ते रखती है और उसे अपने ही घर जाने नहीं देती, जिसका बदला वो इस तरह ले रहा है।



नारायण पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक-प्रकाशक-हेमल पुरोहित द्वारा एआईएस प्रिंटिंग सोल्यूशंस, प्लॉट नं. ए-544, टीटीसी इंडस्ट्रीयल एरिया, ठाणे-बेलापुर रोड, महापे, नवी मुंबई 400709 से मुद्रित एवं प्रिमाइसेस नं. 1303/चेंबर्स, 13वां माला, वेस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे मेट्रो स्टेशन के पास, अंधेरी-कुर्ला रोड, अंधेरी (पूर्व), मुंबई 400 099 से प्रकाशित, पोस्टल रजि. MCN/325/2023-24, (चकाला MIDC पी.ओ.) रजि. नं. MAHHIN/2004/13755, संपादक-हेमल पुरोहित, स्थानीय संपादक-नीरज दवे, फोन : 022-46024646, ईमेल : jagruktimes@gmail.com

# रूप निखारना हो तो संतरे के छिलके से बेहतर कुछ भी नहीं

**हम** सभी संतरा खाने के बाद उसके छिलके को कूड़ेदान में फेंक देते हैं। हमें ये लगता है कि संतरे के छिलका के क्या फायदे हो सकते हैं, पर आपको ये जानकर आश्चर्य होगा कि संतरे का छिलका न केवल स्वास्थ्य के लिए बहुत फायदेमंद है बल्कि खूबसूरती निखारने में भी ये बहुत कारगर है।

इसमें मौजूद एंटी-ऑक्सीडेंट गुण त्वचा और बाल दोनों को निखारने का काम करता है. अगर आप ग्लोइंग और बेदाग त्वचा की इच्छा रखते हैं तो एकबार संतरे के छिलके को जरूर इस्तेमाल करके देखें। इसके छिलके से पाउडर बनाना बहुत ही आसान है। सबसे पहले संतरे के छिलके को धूप में सूखने के लिए डाल दीजिए। जब ये अच्छी तरह सूख जाए तब इसे मिक्सर में पीस लीजिए. एक जार में इस पाउडर को भरकर रख लीजिए। संतरे के छिलके का इस्तेमाल बाजार में महंगे दामों में बिकने वाले कई उत्पादों में किया जाता है।

1. **ये चेहरे पर निखार लाने का काम करता है:** संतरे के छिलके के पाउडर को शहद के साथ मिलाकर लगाने से टैनिंग दूर हो जाती है और चेहरे पर निखार आता है।

2. सूक्ष्म रंध्रों को खोलने में मददगार संतरे के छिलके के पाउडर में कुछ मत्रा दही की मिलाकर इसे चेहरे पर लगाने से सूक्ष्म रंध्र खुल जाते हैं।

3. **कील मुंहासों की रोकथाम के लिए :** संतरे के छिलके का पाउडर त्वचा पर मौजूद सारी गंदगी को साफ कर देता है। इस पाउडर में थोड़ी सी मात्रा गुलाब जल की मिलाकर लगाने से कील-मुंहासों की समस्या में फायदा होता है।

4. **दाग-धब्बे दूर करने में मददगार:** संतरे के छिलके में रंगत साफ करने की जबरदस्त खूबी होती है। जिसके चलते किसी भी प्रकार के दाग-धब्बे को दूर करने में ये बहुत ही कारगर होता है।

5. **बालों के लिए भी फायदेमंद :** संतरे का छिलका न केवल त्वचा के लिए फायदेमंद है बल्कि बालों के लिए भी किसी औषधि से कम नहीं है। ये रूसी दूर करने में बहुत ही कारगर है।



# कई रोगों का इलाज करता है जैतून का तेल

**ब्लैक ऑलिव में फैटी एसिड, एंटीऑक्सीडेंट बड़ी मात्रा में होते हैं जो त्वचा और बालों को हाइड्रेट और उनकी रक्षा करते हैं जैतून का इस्तेमाल आप तेल के रूप में कर सकते हैं। यह शरीर को स्वस्थ और त्वचा को चमकदार बनाता है।**

**कैंसरः** ब्लैक ऑलिव विटामिन ई का बहुत बढिया स्त्रोत होता है। जिसमें बॉडी फैट में न्यूट्रिलाइज फ्री रेडिकल्स बनाने की क्षमता होती है। ऑलिव में मौजूद पोषक तत्व भी डीएनए को डैमेज से बचाते हैं और कैंसर के खतरे को कम करता है।

**दिल संबंधी विकारों में राहत :** फ्री रेडिकल्स ऑक्सीडाइज कोलेस्ट्रॉल, रक्त नालिकाओं के नष्ट होने और आर्टरी में वसा का जमाव ये सब हार्ट अटैक के कारण होते हैं। ब्लैक ऑलिव में मौजूद एंटी ऑक्सीडेंट कोलेस्ट्रॉल के ऑक्सीडेशन को रोकता है जिससे हार्ट की बीमारियों का खतरा कम होता है।

**स्किन -बालों के लिए लाभदायकः**
ब्लैक ऑलिव में फैटी एसिड, एंटीऑक्सीडेंट बड़ी मात्रा में होते हैं जो त्वचा और बालों को हाइड्रेट और उनकी रक्षा करते हैं। इसमें पाया जाने वाला विटामिन ई त्वचा को अल्ट्रा वॉयलेट किरणों के रेडियेशन से बचाता है और एजिंग की समस्या से निजात दिलाता है।



# पका ही नहीं, कच्चा केला भी है स्वास्थ्य के लिए लाजवाब



हममें में से ज्यादातर लोगों को यही पता होता है कि पके हुए केले ही स्वास्थ्य के लिए अच्छे होते हैं। पर आपको ये जानकर आश्चर्य होगा कि कच्चा केला भी स्वस्थ्य के लिए बहुत फायदेमंद होता है।

केला एक ऐसा फल है जो पकने के बाद भी फायदेमंद होता है और कच्चा होते हुए भी। कच्चे केले में पर्याप्त मात्रा में फाइबर, विटामिन और लवण होते हैं। इसमें मौजूद स्टार्च ब्लड शुगर को नियंत्रित करने में मददगार होता है। कच्चा केला खाने से कोलेस्ट्रॉल भी नियंत्रित रहता है. कच्चा केला खाने के फायदे।

**1. स्टार्च की उपलब्धता :** केले में रेजिसटेंट स्टार्च की मात्रा पाई जाती है जोकि पाचन ि या के दौरान घुलनशील नहीं होते हैं। ऐसे में ये स्टार्च से कहीं अधिक फाइबर की तरह काम करता है।

कच्चे केले का सेवन करने से मधुमेह होने का खतरा कम हो जाता है। साथ ही से कोलेस्ट्रॉल लेवल को नियंत्रित भी करने का काम करता है जिससे दिल से जुड़ी समस्याएं होने का खतरा कम हो जाता है।

**2. फाइबर का अच्छा माध्यम :** रेजिसटेंट स्टार्च के साथ ही इसमें फाइबर की भी भरपूर मात्रा होती है। हमारी रेग्युलर डाइट में फाइबर का होना बेहद जरूरी है। फाइबर की मौजूदगी से पाचन क्रिया बेहतर रहती है. जिन लोगों को वजन घटाना है उनके लिए भी कच्चे केले का सेवन एक अच्छा विकल्प हो सकता है।

**3. पोटैशियम की पर्याप्त मात्रा :** पके हुए केले की ही तरह कच्चे केले में भी उच्च मात्रा में पोटैशियम होता है। पोटैशयिम की मात्रा ब्लड प्रेशर से जुड़ी समस्याओं के समाधान में बहुत कारगर होता है।

**4. विटामिन बी 6 :** कच्चे केले में विटामिन बी 6 भी पर्याप्त मात्रा में मौजूद होता है। हमारे शरीर की कई क्रियाओं के लिए जिम्मेदार लगभग 100 तरह के एंजाइम्स की सक्रियता के लिए इस विटामिन की मौजूदगी महत्वपूर्ण होती है। इसके साथ ही ये हीमोग्लोबिन के निर्माण में भी मददगार है।

# टेंशन एक बड़ी समस्या

**आज** की भाग दौड़ भरी जिंदगी में समस्याओं से जूझता व्यक्ति तनाव का शिकार हो जाता है। तनाव एक कष्ट है जो प्रतिकूल मानसिक परिस्थितियों जैसे चिंता, ढहती उम्मीदों व फिजूल दबावों के बीच उपजता है। तनाव से अनिद्रा, ब्लड प्रेशर, चिंता, आवेश और अनेक शारीरिक मानसिक रोगों का जन्म होता है। तनाव से बचने के लिए प्रस्तुत हैं कुछ टिप्स......



* जीवन का अपना सहज मार्ग है, अपना विस्तार है। यदि आप अपने जीवन में सहज होना सीख लें तो परिस्थितियों के साथ संबंध स्थापित करने में सुविधा होगी।

* दूसरों के साथ व्यक्तिगत संबंध बनाये रखें। जो लोग दूसरों से व्यक्तिगत संबंध बनाये रखते हैं, तनाव के दौरान उनकी मानसिक दशा एकाकी जीवन बिताने वालों से बेहतर होती है।

* अपने विचारों में परिवर्तन लाइये। छोटी-छोटी बातों को मन में स्थान न दें। संकीर्णता त्यागकर, मनोबल जागृत करें।

* स्वयं को व्यस्त रखिये अर्थात् स्वयं को अध्ययन, अध्यापन, लेखन, कला व सार्वजनिक हितों से जोड़े।

* अपने काम को योजनाबध्द रूप से करें। जो काम आपको करने हैं केवल उन पर ध्यान दीजिए। बाकी जिम्मेदारियां दूसरों की समझिये।

* मन में शुभ और आशाप्रद भाव रखिये। नकारात्मक विचारों को स्थान न दें। अधिक वास्तविकता एवं उद्देश्ययुक्त विचारों को अपनायें। अपनी कमियों की अपेक्षा अपनी क्षमताओं पर ध्यान केन्द्रित कीजिए। अपने आस-पास के व्यक्तियों से अपनी तुलना मत कीजिए।

* नियमित रूप से व्यायाम करें। योगाभ्यास करें। इनसे ही सफलता मिलती है। इसमें मानसिक स्वास्थ्य में सुधार होता है।

* याद रखिये कि बार-बार प्रयास करने पर ही सफलता मिलती है। इसमें समय तो लग सकता है परन्तु हमें यह सोचकर निराश नहीं होना चाहिए कि अन्य व्यक्ति हम से आगे निकल गये हैं। यह केवल प्रतिभा का नहीं बल्कि निरतंर प्रयासों का चमत्कार है।

# किसी स्त्री को होने वाली कुछ समस्याओं को बीमारी न समझें



**अधिकतर औरतें 45 और 55 की आयु में रजोनिवृत होती हैं, लेकिन कभी-कभी 40 की उम्र में भी हो सकता है और हो सकता है कि 60 तक भी न हो। रजोनिवृति महिलाओं के जीवन की महत्वपूर्ण अवस्था है। यह वह अवस्था है जब महिलाओं में अंडकोष से जुड़ी गतिविधियां होना बंद हो जाती है। जब शरीर इस अवस्था में आता है तो महिलाएं मासिक धर्म से मुक्त हो जाती हैं। रजोनिवृति के बाद शरीर में प्रोजेस्ट्रोन और एस्ट्रोजन हार्मोन का बनना धीरे-धीरे कम हो जाता है, इसलिए इन हार्मोनों की कमी से कुछ शारीरिक और मानसिक समस्याएं पैदा हो सकती हैं। आइए जानें रजोनिवृति से होने वाली सामान्य समस्याओं के बारे में......**

## रजोनिवृति में होने वाली सामान्य समस्याएं

**शारीरिक समस्या :** रजोनिवृत्ति के बाद महिलाओं को अचानक छाती से सिर तक गर्मी लगने लगती है। पसीना आता है और कपकपी होने लगती है। खासतौर पर रात में नींद के दौरान बहुत अधिक पसीना आने लगता है। कुछ मामलों में, पसीना इतना अधिक होता है कि महिला के कपड़े और चादर तक भीग जाते हैं। रजोनिवृति के बाद शारीरिक समस्याओं में दिल की धड़कन बढ़ना, अत्यधिक गर्मी या ठंड लगना, सिर दर्द, मोटापा, थकावट, बदन दर्द, कमर दर्द और जोड़ों का दर्द मुख्य है।

## दिल के रोग की आशंकाएं

रजोनिवृति के बाद दिल से जुड़े रोगों की आशंकाएं बढ़ जाती हैं। इसका प्रमुख कारण एस्ट्रोजन का स्तर शरीर में घट जाना होता है। कोरोनरी धमनी रोग दिल की मांसपेशी के चारों ओर संकुचन या रुकावट से होता है। इसलिए रजोनिवृत्ति के बाद, महिलाओं में कोरोनरी धमनी की बीमारी का जोखिम बढ़ जाता है। यह जोखिम भी एस्ट्रोजन की हानि के साथ जुड़ा हो सकता है। एस्ट्रोजन खून में कोलेस्ट्रॉल के स्वस्थ स्तर को बनाए रखने में मदद करता है।

## मानसिक समस्या

रजोनोवृति के कारण कई बार तनाव, चिंता, याददाश्त का कमजोर होना, मानसिक अस्थिरता, अकेलापन महसूस होना, भूख न लगना और शारीरिक संबंधों में अरुचि प्रमुख हैं। इनमें से अधिकतर परेशानियां एस्ट्रोजन हार्मोन की कमी के कारण होती है। ये सब हार्मोनल बदलाव के कारण ही होता है और सामान्य है।

## हड्डियों का कमजोर हो जाना

हड्डियों के कमजोर पड़ जाने पर ओस्ट्रोपोरोसिस नामक स्थिति हो जाती है । इसलिए रजोनिवृत्ति के बाद औरतों में हड्डी टूटने की आशंका बढ़ जाती है। साथ ही, हड्डियों में गेप बढ़ने की समस्या भी हो सकती है। इसलिए उम्र के साथ डॉक्टरी परामर्श के अनुसार अपने आहार में कैल्शियम की मात्रा को बढ़ाने की जरूरत रहती है। यही कारण है कि औरतों को नियमित दूध का सेवन करने के लिए कहा जाता है।

## वजन बढ़ना

जब कोई महिला रजनोवृति के पड़ाव पर पहुंच जाती है तो उसके वजन में वृद्धि होने का खतरा बढ़ जाता है।



इंटरनेशनल मास्टर्स लीग टी20

युवराज सिंह और सचिन तेंदुलकर का विस्फोट

# भारत ने फाइनल में मारी एंट्री



## डोहर्टी और क्रिश्चियन ने चटकाए दो-दो विकेट

विपक्षी टीम की तरफ से सबसे सफल गेंदबाज जेवियर डोहर्टी और डेनियल क्रिश्चियन रहे। इन दोनों ही गेंदबाजों ने क्रमशः दो-दो सफलता प्राप्त की। उनके अलावा हिल्फेनहास, स्टीफन ओ'कीफे और नाथन कूल्टर-नाइल एक-एक विकेट चटकाने में कामयाब रहे।

## 126 रन पर ढेर हो गई ऑस्ट्रेलिया

इंडिया मास्टर्स की तरफ से मिले 221 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए ऑस्ट्रेलिया मास्टर्स की पूरी टीम 18.1 ओवरों में 126 रनों पर ढेर हो गई। टीम के लिए लक्ष्य का पीछा करते हुए बेन कटिंग ने 30 गेंद में 130.00 की स्ट्राइक रेट से 39 रनों की महत्वपूर्ण पारी खेली, लेकिन उनकी यह उम्दा पारी भी टीम को जीत नहीं दिला सकी। नतीजन टीम को 94 रनों के बड़े अंतर से शिकस्त का सामना करना पड़ा।

**नई दिल्ली।** इंटरनेशनल मास्टर्स लीग टी20 का पहला सेमीफाइनल मुकाबला 13 मार्च को इंडिया मास्टर्स और ऑस्ट्रेलिया मास्टर्स के बीच रायपुर स्थित शहीद वीर नारायण सिंह अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम में खेला गया। जहां इंडिया मास्टर्स की टीम 94 रनों के बड़े अंतर से जीत हासिल करने में कामयाब रही। रायपुर में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने के लिए मजबूर हुई भारतीय टीम 20 ओवरों में सात विकेट के नुकसान पर 220 रन बनाने में कामयाब हुई थी। मैच के दौरान युवराज सिंह और सचिन तेंदुलकर का बल्ला जमकर चला। चौथे क्रम पर बल्लेबाज करते हुए युवराज 30 गेंदों में 196.67 की स्ट्राइक रेट से 59 रन बनाने में कामयाब रहे। इस दौरान उनके बल्ले से एक चौका और सात छक्के निकले। उनके अलावा पारी का आगाज करते हुए कैप्टन सचिन तेंदुलकर ने 30 गेंदों में 140.00 की स्ट्राइक रेट से 42 रनों की पारी खेली। इस बीच उनके बल्ले से क्रिकेट प्रेमियों को सात चौके देखने को मिले। इंडिया मास्टर्स की तरफ से इन दोनों बल्लेबाजों के अलावा पांचवें क्रम पर बल्लेबाजी करते हुए स्टुअर्ट बिन्नी ने 21 गेंदों में 36 रनों की पारी खेली। जिसके बलबूते टीम इंडिया 200 रन के आंकड़े को पार में कामयाब रही।

## शाहबाज नदीम ने चटकाए चार विकेट

सेमीफाइनल मुकाबले में इंडिया मास्टर्स की तरफ से सबसे सफल गेंदबाज शाहबाज नदीम रहे। जिन्होंने चार ओवरों में 3.80 की इकोनॉमी से 15 रन खर्च करते हुए सर्वाधिक चार विकेट चटकाए। उनके अलावा इरफान पठान और विनय कुमार ने क्रमशः दो-दो, जबकि स्टुअर्ट बिन्नी और पवन नेगी ने एक-एक सफलता प्राप्त की।



वर्ल्ड कप 2027 से पहले

# 9 वनडे सीरीज खेलेगी टीम इंडिया



**आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का समापन हो चुका है। प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में भारतीय टीम बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए खिताब पर कब्जा जमाने में कामयाब रही। 50 ओवरों के प्रारूप में भारतीय टीम का आईसीसी का अगला बड़ा टूर्नामेंट वर्ल्ड कप 2027 है, जो दक्षिण अफ्रीका, नामीबिया और जिम्बाब्वे की मेजबानी में खेला जाएगा। आगामी टूर्नामेंट से पहले भारतीय टीम को वनडे में कुल नौ सीरीज खेलने हैं। जिमसें क्रमशः तीन-तीन मैच खेले जाएंगे। इस तरह भारतीय टीम आने वाले दो वर्षों में कुल 27 मैच खेलेगी। इस दौरान ब्लू टीम का सामना ऑस्ट्रेलिया, अफगानिस्तान, न्यूजीलैंड, बांग्लादेश, इंग्लैंड, दक्षिण अफ्रीका, वेस्टइंडीज और श्रीलंका के होगा।**

## कब-कब मैच खेलने हैं

### अगस्त 2025 - बांग्लादेश का दौरा

- 2025 में भारतीय टीम को अगस्त में बांग्लादेश का दौरा करना है। जहां दोनों टीमों के बीच तीन मैचों की वनडे सीरीज खेली जाएगी। घरेलू पिच पर बांग्लादेशी टीम भारत के सामने कड़ी चुनौती पेस कर सकती है। खासकर स्पिन के अनुकूल परिस्थितियों में।

### अक्टूबर - नवंबर 2025 - ऑस्ट्रेलिया का दौरा

- बांग्लादेश के बाद टीम को अक्टूबर - नवंबर 2025 में ऑस्ट्रेलिया का दौरा करना है। क्रिकेट प्रेमियों को हमेशा से ही ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मुकाबले की प्रबलता के साथ प्रतीक्षा रहती है। इन दोनों टीमों के बीच खेले जाने वाले मैच ऐतिहासिक रूप से उच्च तीव्रता वाले मुकाबले होते हैं।

### नवंबर - दिसंबर 2025 - दक्षिण अफ्रीका वनडे सीरीज (घरेलू)

ऑस्ट्रेलिया दौरे के बाद भारतीय टीम घरेलू जमीं पर दक्षिण अफ्रीका का सामना करेगी। जहां दोनों टीमों के बीच तीन मैचों की वनडे सीरीज खेली जाएगी। घरेलू जमीं पर प्रोटियाज के खिलाफ भारत को वर्ल्ड कप से पहले विभिन्न संयोजनों और रणनीतियों का परीक्षण करने का मौका मिलेगा।

### जनवरी 2026 - न्यूजीलैंड वनडे सीरीज (घरेलू)

- भारतीय टीम नए साल की शुरुआत में न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू जमीं पर वनडे सीरीज खेलेगी। हाल के सालों में न्यूजीलैंड की टीम ने भारतीय टीम के सामने कड़ी चुनौती पेस की है।

### जून 2026 - अफगानिस्तान वनडे सीरीज (घरेलू)

- न्यूजीलैंड के बाद टीम इंडिया घरेलू जमीं पर अफगानिस्तान का सामना करेगी। अफगानिस्तान की टीम अपने मजबूत स्पिन आक्रमण के साथ-साथ विशेष रूप से उपमहाद्वीप की परिस्थितियों में एक अलग तरह की चुनौती पेश करने के लिए मशहूर है।

### जुलाई 2026 - इंग्लैंड का दौरा

- एक महत्वपूर्ण सीरीज के तहत जुलाई 2026 में भारतीय टीम इंग्लैंड के दौरे पर जाएगी। जहां दोनों टीमों के बीच तीन मैचों की वनडे सीरीज खेली जाएगी। जहां पर भारतीय बल्लेबाजों का अंग्रेजी परिस्थितियों में खेलना बल्लेबाजी लाइनअप के लिए एक बेहतरीन परीक्षा होगी।

### सितंबर - अक्टूबर 2026 वेस्टइंडीज वनडे सीरीज (घरेलू)

- भारतीय टीम सितंबर - अक्टूबर महीने में वनडे सीरीज के तहत वेस्टइंडीज की मेजबानी करेगा। अपने पावर हिटर्स के लिए दुनिया भर में मशहूर कैरेबियन टीम इस दौरान भारतीय टीम को कड़ी टक्कर देगी।

### अक्टूबर - नवंबर 2026 न्यूजीलैंड वनडे सीरीज (घरेलू)

- साल 2026 के अंत में भारतीय टीम घरेलू जमीं पर एक बार फिर से न्यूजीलैंड का सामना करेगी। यह दोनों टीमों के लिए 2027 वर्ल्ड कप से पहले अपनी टीमों को बेहतर बनाने का सुनहरा अवसर होगा।

### दिसंबर 2026 श्रीलंका वनडे सीरीज (घरेलू)

- वर्ल्ड कप से पहले अपना आखिरी वनडे सीरीज टीम इंडिया श्रीलंका के खिलाफ घरेलू जमीं पर खेलेगी। उपमहाद्वीपीय प्रतिद्वंद्विता हमेशा से ही खिलाड़ियों की कमियों को उजागर करती है।

# मुंबई इंडियंस के लिए बुरी खबर, जसप्रीत बुमराह शुरुआती मैचों से बाहर



**नई दिल्ली।** आईपीएल 2025 की शुरुआत से पहले मुंबई इंडियंस को बड़ा झटका लगता हुआ दिख रहा है। रिपोर्ट्स की मानें तो तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह आईपीएल के शुरुआती मैचों से बाहर रहेंगे। बता दें, बुमराह जनवरी में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सिडनी में हुए बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी सीरीज के पांचवें मुकाबले के बाद से ही एक्शन से दूर हैं। बुमराह अपनी पीठ के निचले हिस्से में तनाव से संबंधित चोट से उबर रहे हैं। ईएसपीएन क्रिकइन्फो की रिपोर्ट के अनुसार, 2023 में पीठ की सर्जरी कराने वाले बुमराह बेंगलुरु में बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीओई) में अपनी रिहैब प्रक्रिया से गुजर रहे हैं। रिपोर्ट के अनुसार, अप्रैल की शुरुआत में बुमराह के टीम में शामिल होने की उम्मीद है। मुंबई इससे पहले मार्च में तीन मुकाबले खेलेगी। ऐसे में बुमराह इन मैचों से बाहर रह सकते हैं। अप्रैल में बुमराह कब टीम के साथ जुड़ेंगे यह बेंगलुरु में बीसीसीआई के उत्कृष्टता केंद्र में मेडिकल टीम से मंजूरी पर निर्भर करता है। बुमराह को सिडनी टेस्ट के दूसरे दिन चोट लगी थी। इसके बाद बुमराह चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर कर दिया गया। जनवरी में चैंपियंस ट्रॉफी के लिए टीम का ऐलान करते समय भारत के मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर ने कहा था कि बुमराह को बीसीसीआई की मेडिकल टीम ने कम से कम पांच सप्ताह (एससीजी टेस्ट से) के लिए ऑफलोड करने के लिए कहा था। चूंकि चैंपियंस ट्रॉफी 19 फरवरी को ही शुरू हुई थी, इसलिए बुमराह को भारत की अस्थायी टीम में शामिल किया गया था। उन्होंने फरवरी की शुरुआत में नए स्कैन के लिए बेंगलुरु की यात्रा की, लेकिन लगातार असुविधा महसूस करते रहे और उन्हें अंतिम टीम में शामिल नहीं किया गया।



# जेमिमा रोड्रिग्स ने फाइनल से पहले दिया बड़ा बयान

**नई दिल्ली।** दिल्ली कैपिटल्स की उप कप्तान जेमिमा रोड्रिग्स ने कहा कि अंतिम लीग मैच और महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) फाइनल के बीच लंबा ब्रेक टीम की खिताबी भिड़ंत के लिए फायेदमंद होगा क्योंकि इससे खिलाड़ी तरोताजा महूसस कर रही हैं। मुंबई इंडियंस के अंतिम लीग मैच में रॉयल बेंगलुरु से हारने के बाद दिल्ली कैपिटल्स ने लगातार तीसरे डब्ल्यूपीएल फाइनल में प्रवेश किया। दिल्ली कैपिटल्स का लीग अभियान सात मार्च को ही खत्म हो गया था जिसमें उसे गुजरात जायंट्स से हार मिली थी। इसलिये ग्रुप के विजेता पर फैसला करने के लिए उन्हें मुंबई इंडियंस और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच मैच का इंतजार करना पड़ा। रोड्रिग्स ने बृहस्पतिवार को वर्चुअल प्रेस कांफ्रेंस में कहा,‘‘यह ब्रेक हमारी टीम के लिए अच्छा काम कर रहा है। हमने टीम की खिलाड़ियों के बीच काफी सत्र किए जिससे उन्हें एक दूसरे के साथ तालमेल बिठाने का अच्छा समय मिला। साथ ही इस बार यह डब्ल्यूपीएल हमारे लिए थोड़ा व्यस्त भी था। हमने लगातार मैच भी खेले थे और हमने काफी यात्रा भी की। रोड्रिग्स ने कहा कि दिल्ली कैपिटल्स ने पिछले छह दिन में काफी ट्रेनिंग सत्र कराये हैं जिससे टीम अच्छी स्थिति में रहेगी। उन्होंने कहा,मुझे लगता है और टीम भी इसे ऐसे ही देख रही है कि यह ब्रेक हमारे लिए फायदेमंद साबित हो रहा है। दिल्ली कैपिटल्स की टीम 15 मार्च को होने वाली खिताबी भिड़ंत में मुंबई इंडियंस और गुजरात जायंट्स के बीच मैच के विजेता के सामने होगी।


हसन अली की भविष्यवाणी

# यह युवा स्टार पाकिस्तान क्रिकेट का बदल देगा नक्शा

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान क्रिकेट टीम से बाहर चल रहे अनुभवी तेज गेंदबाज हसन अली ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने पाकिस्तान के युवा सलामी बल्लेबाज सैम अयूब की जमकर तारीफ की है। 30 वर्षीय तेज गेंदबाज का मानना है कि युवा बैटर अपने करियर में 'पाकिस्तान के लिए बहुत कुछ करेगा।' फिलहाल अयूब अपने टखने में लगी चोट की वजह से टीम से बाहर चल रहे हैं। युवा बल्लेबाज को यह इंजरी दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ खेले गए दो टेस्ट मैचों की सीरीज के दौरान आई थी। मौजूदा समय में वह अपनी इस चोट से उबरने में लगे हुए हैं।

चोटिल होने से पूर्व सैम अयूब का बल्ला मैदान में खूब चल रहा था। ग्रीन टीम की तरफ से शिरकत करते हुए उन्होंने वनडे में तीन शतक और टी20 प्रारूप में अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ नाबाद 98 रनों की पारी खेली थी। अयूब के बल्ले से ये सभी पारियां जिम्बाब्वे और दक्षिण अफ्रीका दौरे पर आए थीं। 22 वर्षीय खिलाड़ी के चोटिल होने की वजह से उन्हें हाल ही में समाप्त हुए चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के अलावा वेस्टइंडीज के खिलाफ दो टेस्ट मैचों की टेस्ट सीरीज, न्यूजीलैंड और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ खेले गए वनडे त्रिकोणीय सीरीज से बाहर होना पड़ा था।

हसन अली को उम्मीद है कि अयूब जल्द ही पूरी फिटनेस के साथ वापसी करेंगे और देश के लिए खूब रन बनाएंगे। कुल आठ टेस्ट, नौ वनडे और 27 टी20 मुकाबले खेले हैं। इस बीच उनके बल्ले से टेस्ट की 14 पारियों में 26 की औसत से 364, वनडे की नौ पारियों में 64.38 की औसत से 515 और टी20 की 25 पारियों में 21.65 की औसत से 498 रन निकले हैं।





# अनिल कुंबले ने श्रेयस को बताया वनडे क्रिकेट का सबसे भरोसेमंद बल्लेबाज



**नई दिल्ली।** पूर्व भारतीय स्पिनर अनिल कुंबले का मानना है कि श्रेयस अय्यर मौजूदा वनडे टीम के सबसे भरोसेमंद बल्लेबाजों में से एक हैं। उन्होंने 2023 वनडे विश्व कप और हाल ही में समाप्त हुई चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में अय्यर के प्रदर्शन की सराहना की। भारत ने न्यूजीलैंड को हराकर चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का खिताब अपने नाम किया, जो टीम की तीसरी चैंपियंस ट्रॉफी जीत थी। इस टूर्नामेंट में श्रेयस अय्यर ने पांच पारियों में 243 रन बनाए, जिसमें उनका औसत 48.60 और स्ट्राइक रेट 79.41 रहा।

एक इंटरव्यू में जब कुंबले से पूछा गया कि क्या अय्यर भारत के सबसे भरोसेमंद वनडे बल्लेबाज बन गए हैं, तो उन्होंने कहा, ‘‘हां, उन्होंने वनडे विश्व कप और इस टूर्नामेंट में यह साबित किया है। नंबर 4 बल्लेबाज को स्थिरता लानी होती है और श्रेयस ने यह भूमिका अच्छे से निभाई है।

उन्होंने यह भी बताया कि श्रेयस का मुख्य काम पारी को स्थिर रखना है, जिससे फिनिशर्स को मैच खत्म करने का सही मंच मिले। कुंबले ने कहा, ‘‘उनकी भूमिका मैच खत्म करने की नहीं, बल्कि बीच के ओवरों को नियंत्रित करने की है। वह 35वें-40वें ओवर तक टीम को स्थिरता देते हैं, जिससे केएल राहुल और हार्दिक पांड्या जैसे खिलाड़ी अंत में तेजी से रन बना सकें।

श्रेयस अय्यर ने ग्रुप स्टेज में पाकिस्तान के खिलाफ 56 और न्यूजीलैंड के खिलाफ 79 रन बनाए, जबकि सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 45 रनों की अहम पारी खेली। फाइनल में उन्होंने अक्षर पटेल के साथ शानदार साझेदारी की, जिससे भारत की जीत में महत्वपूर्ण योगदान मिला।

# वसीम अकरम का फूटा गुस्सा

अपनी काबिलियत पर सवाल उठाये जाने पर दे दिया बड़ा बयान

**नई दिल्ली।** आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में पाकिस्तान की टीम एक भी मैच जीतने में नाकाम रही। घरेलू मैदान पर न्यूजीलैंड से हारने के बाद, टीम को दुबई में भारत से भी शिकस्त मिली। वहीं, बांग्लादेश के खिलाफ उनका आखिरी मुकाबला बारिश के कारण रद्द हो गया। मेजबान होने के बावजूद पाकिस्तान अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाया। पूर्व क्रिकेटर मोहम्मद हफीज ने इस प्रदर्शन की आलोचना करते हुए 1990 के दशक के खिलाड़ियों की विरासत पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि उस दौर की टीम में कई दिग्गज खिलाड़ी थे, लेकिन वे कोई बड़ा आईसीसी टूर्नामेंट नहीं जीत सके। हफीज ने यह भी कहा कि 1996, 1999 और 2003 के टूर्नामेंट में पाकिस्तान की टीम ट्रॉफी नहीं जीत पाई, हालांकि 1999 में फाइनल तक पहुंची थी, लेकिन ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ हार गई थी। हफीज की इस टिप्पणी पर पूर्व तेज गेंदबाज वसीम अकरम ने नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि वह इस बहस में नहीं पड़ना चाहते और इस मुद्दे पर ज्यादा प्रतिक्रिया नहीं देंगे। इसके अलावा, वकार यूनिस ने भी हफीज के बयान पर जवाब देते हुए 1990 के दशक के गेंदबाजों की उपलब्धियों को याद दिलाया।



# दशकों से चली आ रही परंपरा पर विराम!

## गोविंद देवजी मंदिर में पहली बार बिना गुलाल खेली होली



**जयपुर।** रियासत काल के समय से जयपुर की होली विश्वविख्यात रही है। खासकर गोविंद देवजी मंदिर में भक्तों संग भगवान की होली को देखने दूर-दराज से श्रद्धालु आते हैं। कई दशकों से यह परंपरा चली आ रही है। मगर इस बार भीड़ मैनेजमेंट के नाम पर मंदिर प्रशासन ने नया आदेश जारी कर दिया।

इसके तहत होली-धुलंडी के दिन भक्त ठाकुरजी के दर्शन कर सीधे ही बाहर चले जाएंगे। ऐसे में गोविंद देव जी मन्दिर में पहली बार बिना गुलाल के भक्तों ने होली खेली। जूते-चप्पल पहनकर आने वालों के लिए अलग लाइन और बिना जूते-चप्पल वालों की अलग लाइन रहेगी। इस व्यवस्था से होली पर गुरुवार को मंदिर परिसर (जगमोहन) सूना-सूना सा नजर आया। उधर, गोविंददेवजी मंदिर में सारे नियम आम श्रद्धालु के लिए ही हैं। वीआइपी भक्त के लिए कोई रोकटोक नहीं है।

### न चंग की थाप, न ही होली के गीत सुनाई दिए

हर बार होली-धुलंडी पर मंदिर परिसर में अबीर-गुलाल उड़ती है। चंग की थाप व होली के भजनों पर भक्त नाचते नजर आते हैं। इस बार ऐसा दृश्य नदारद था। गुरुवार को मंदिर परिसर भक्तों से खाली नजर आया। भीड़ थी तो सेवादार और पुलिस वालों की। बार-बार अनाउंस किया जा रहा था कि भक्त रुके नहीं, आगे बढ़ते रहे।

# जेडीए ने अवैध, अस्थाई अतिक्रमण हटाए

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा जोन.13 ग्राम बस्सी में नागोलाई तालाब के पास जेडीए पार्क की सरकारी भूमि भूमि को कब्जा.अतिक्रमण मुक्तएजोन.14 निजी खातेदारी करीब 6 बीघा कृषि भूमि पर नवीन अवैध कॉलोनी का पूर्णत: ध्वस्तीकरणए जोन.07 निवारू रोड़ पर व्यवसायिक प्रयोजनार्थ अवैध रूप से बने श्रीराम मैरिज गार्डन की नियमानुसार पुख्ता सीलिंग की कार्यवाही निवारू रोड़ पर ही व्यवसायिक प्रयोजनार्थ बनी 02 अवैध दुकानों की नियमानुसार पुख्ता सीलिंग एवं जोन.09 जगतपुरा में रोहिन रिगल बिल्डिंग के ऊपर किये गये अवैध निर्माण के विरूद्ध ध्वस्तीकरण की कार्यवाही की गई।

कैलाश चन्द्र बिशनोई, महानिरीक्षक पुलिसए जविप्रा, जयपुर ने बताया कि जोन.13 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित ग्राम बस्सी में नागोलाई तालाब के पास खसरा नं 1629ए 1630ए 1631 जेडीए पार्क की सरकारी भूमि पर कब्जा.अतिक्रमण कर टीनशेडनुमा कमरा बाउण्ड्रीवाल बनाकरए झुग्गी.झोपडीए कांटों की बाड़ए झाडियां इत्यादि लगाकर किये गये कब्जे.अतिक्रमण को आज जोन.13 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मशीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त किया जाकर पार्क की सरकारी भूमि को अतिक्रमण मुक्त करवाया गया। जोन.14 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित वाटिका से भाटेड़ा रोड़ए जिला जयपुर में करीब 6 बीघा निजी खातेदारी कृषि भूमि पर जेडीए की बिना स्वीकृति/अनुमोदन के एवं बिना भू रूपान्तरण करवायें भूमि को समतल कर गोविन्द रेजीडेंन्सी




के नाम से कर बनाई गई मिट्टी, ग्रेवेल सड़कें, बाउण्ड्रीवाल व अन्य अवैध निर्माण कर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने की सूचना प्राप्त होने पर आज जोन.14 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफकी निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मशीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त किया गया।

जोन.07 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित निवारू रोड़ पर व्यवसायिक प्रयोजनार्थ श्रीराम मैरिज गार्डन का अवैध निर्माण किये जाने पर निर्माणकर्ता को धारा 32, 33 जेडीए एक्ट के तहत नोटिस जारी कर अवैध निर्माण हटाने हेतु पाबंद किया गया था। परन्तु निर्माणकर्ता द्वारा अवैध निर्माण नहीं हटाने पर सक्षम स्तर से स्वीकृति प्राप्त कर धारा 34 का नोटिस जारी कर 12.मार्च 2025 को उक्त अवैध मैरिज गार्डन के प्रवेश द्वारों इत्यादि को इंजीनियरिंग शाखा की मदद से गेट पर ताला सील चपडी लगाकर नियमानुसार पुख्ता सीलिंग की कार्यवाही की गई। जोन.7 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित निवारू रोड़ पर ही व्यवसायिक प्रयोजनार्थ 2 दुकानों का अवैध निर्माण किये जाने पर निर्माणकर्ता को धारा 32ए 33 जेडीए एक्ट के तहत नोटिस जारी कर अवैध निर्माण हटाने हेतु पाबंद किया गया था। परन्तु निर्माणकर्ता द्वारा अवैध निर्माण नहीं हटाने पर सक्षम स्तर से स्वीकृति प्राप्त कर धारा 34 क का नोटिस जारी कर 12 मार्च को इंजीनियरिंग शाखा की मदद से उक्त अवैध 2 दुकानों के शटर पर ताला सील चपडी लगाकर नियमानुसार पुख्ता सीलिंग की कार्यवाही की गई। जोन.09 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित जगतपुरा में रोहिन रिगल बिल्डिंग के ऊपर बांस की टाटियां लगाकरए झोपडीनुमा अवैध निर्माण किये जाने की सूचना प्राप्त होने पर आज जोन.9 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफकी निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा मजदूरों की सहायता से ध्वस्त किया गया। उक्त कार्यवाहियां मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन आदर्श चौधरी के पर्यवेक्षण में उपनियंत्रक प्रवर्तन.द्वितीय, तृतीय चतुर्थ, प्रवर्तन अधिकारी जोन.13, 14, 07, 9 तथा प्राधिकरण में उपलब्ध जाप्तेए लेबर गार्ड एवं जोन में पदस्थापित राजस्व व तकनीकी स्टॉफकी निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा सम्पादित की गई।

# चिराना में निशुल्क मेडिकल शिविर में 1000 रोगी लाभान्वित



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**खिरोड़।** चिराना कस्बे की मांगीलाल धर्मशाला में मेगा फ्री मेडिकल शिविर का आयोजन किया गया। आयोजक राजवीर सिंह शेखावत ने बताया कि स्व. नत्थूसिंह शेखावत की द्वितीय पुण्यतिथि पर लगे चिकित्सा शिविर में 1000 रोगी लाभान्वित हुए। अश्विनी आचार्य महाराज लोहार्गल, योगीदास महाराज गोल्याना, हेमंतदास महाराज बाय के सानिध्य में आयोजित शिविर में पूर्व चिकित्सा डॉ. राजकुमार शर्मा, सरपंच राजेंद्र सिंह शेखावत, पूर्व सरपंच भूदरमल सैनी, पूर्व सीएमएचओ डॉ. मुरलीधर सेठी, भाजपा मंडल उपाध्यक्ष विनोद पारीक, डॉ. अरुण शर्मा, भवानी सिंह राठौड़ आदि बतौर अतिथि मौजूद रहे। पूर्व चिकित्सा मंत्री डॉ. राजकुमार शर्मा ने कहा कि ऐसे चिकित्सा शिविरों से अंतिम छोर पर गांव-ढाणी में रहने वालों को घर के पास स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिलता है। फ्री मेडिकल शिविर में फीजियोथैरेपिस्ट डॉ. लेखराज, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. बबिता चौधरी और नेत्र रोग विशेषज्ञ की टीम ने सेवाएं दीं। 568 लोगों को निशुल्क चश्मे वितरित किए और 184 लोगों का आंखों के ऑपरेशन के लिए चयन किया गया। वहीं 260 रोगी फिजियोथैरेपी व स्त्री रोग की सेवाओं से भी लाभान्वित हुए। योगेंद्र सिंह शेखावत व विक्रम सिंह शेखावत ने अतिथियों का आभार जताया। संतोष कंवर ने भृगु गौशाला गोल्याना में बायोकैमिस्ट्री मशीन लगवाने की घोषणा की। संचालन तेजपाल स्वामी ने किया। शिविर की व्यवस्थाओं में पितृ सेवा समिति के कार्यकर्ताओं ने सहयोग किया। उप सरपंच मोहम्मद इकबाल शेख, लादूसिंह शेखावत, भैंरोसिंह शेखावत, श्यामसुंदर अग्रवाल, डॉ. राजेंद्र कुमावत, डॉ. प्रताप राम कुमावत, डॉ. अनिल कुमावत, राजकिशोर सैनी, गौरीशंकर, राजवीरसिंह, संजय पाराशर, अरविंद सैनी, मनस्वी शर्मा, कृष्ण चौहान आदि सहित सैंकड़ों ग्रामीण उपस्थित रहे।

# राजस्थान को अक्टूबर-नवबर तक मिलेंगे नए अफसर

## 21 अप्रेल से शुरू होंगे साक्षात्कार




**जयपुर।** आरएएस एवं अधीनस्थ सेवा परीक्षा-2023 में भर्ती प्रक्रिया में विलंब हो रहा है। भर्ती अभ्यर्थना के बाद 19 माह बीत चुके हैं। इस दौरान प्रारंभिक और मेंस दोनों ही परीक्षा के नतीजे जारी हो चुके हैं। अब 21 अप्रेल से साक्षात्कार शुरू होंगे। नए अफसर अक्टूबर-नवबर तक ही मिल सकेंगे।

आयोग ने 972 पदों पर भर्ती के लिए 28 जून 2023 को अधिसूचना जारी की थी। 20 अक्टूबर को प्रारंभिक परीक्षा का परिणाम जारी करने के बाद पिछले साल 20 और 21 जुलाई को आरएएस मेंस परीक्षा का आयोजन कर इस साल 2 जनवरी को नतीजा जारी किया गया। विज्ञापित पदों के विरुद्ध 2168 अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के लिए उत्तीर्ण किया है।

राजस्थान वाणिज्यिक कर अधीनस्थ सेवा के विभागीय वर्ग के लिए 19 अभ्यर्थियों को भी साक्षात्कार के लिए सफल घोषित किया है। आरएएस 2023 की भर्ती अधिसूचना के बाद से 20 माह बीत चुके हैं। प्रारंभिक परीक्षा 1 अक्टूबर 2023 को हुई थी। इसका परिणाम 20 अक्टूबर 2023 को जारी किया गया था। इसके बाद मेंस परीक्षा सात माह बाद हुई। मेंस परीक्षा के परिणाम घोषित करने में छह महीने बीत गए। इससे भर्ती प्रक्रिया में विलंब हो रहा है। आयोग अप्रेल में साक्षात्कार शुरू करेगा। अगस्त-सितबर तक साक्षात्कार चलेंगे।

# महावीर इंटरनेशनल रीजन-2 एवं जोन सीकर-झुंझुनूं कॉन्फ्रेंस संपन्न

**झुंझुनूं।** महावीर इंटरनेशनल रीजन-2 एवं जोन सीकर-झुंझुनूं कॉन्फ्रेंस व होली स्नेह मिलन श्री श्याम मंदिर परिसर नूआं में हर्षोल्लास से संपन्न हुआ। मीटिंग में रीजन एवं जोन के काफी संख्या में पदाधिकारी वीर वीराएं उपस्थित रहे। अंतर्राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वीर श्यामसुंदर जालान ने बताया कि संस्था के शानदार 50 वर्ष पूर्ण होने पर 'गोल्डन जुबली' एक विशेष पर्व की तरह मनाया जाएगा। वीर एवं वीराओं से विशेष आग्रह किया गया है। जयपुर में आगामी होने वाले पांच और छह जुलाई के विशेष कार्यक्रम पर ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंचने का प्रयास करें। अपने अपने रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया को जल्द से जल्द पूरा करें। केंद्र द्वारा किए गए कार्यों की समीक्षा कर केंद्रों को सम्मानित किया गया एवं अधिक से अधिक और सेवा कार्य करने के लिए प्रेरित किया। जोन चेयरमैन नागरमल जांगिड़ ने केंद्रों को और अधिक सेवा कार्य करने के लिए प्रेरित किया। रीजन सेकेटरी महेश कुमार मूंड ने संस्था द्वारा चलाए जा रहे चौपाल कार्यक्रम के बारे में बताया और अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने के लिए प्रेरित किया। संस्था के रीजन डायरेक्टर एवं केंद्रों के पदाधिकारी ने अपनी अपनी बातें रखी। बहुत ही शानदार होली स्नेह मिलन ढप और धमाल की थाप पर बाबा श्याम को रिझाकर फागुन की मस्ती का लुफ्त उठाया। स्वादिष्ट भोजन के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम में अंतर्राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एमआईएफ श्यामसुंदर जालान, रीजन सेकेटरी एमआईएफ महेश कुमार मूंड, जोन चेयरमैन एमआईएफ नागरमल जांगिड़, रीजन डायरेक्टर डॉ. एसएन शुक्ला, एमआईएफ डॉ. उम्मेदसिंह शेखावत आदि मौजूद रहे।

# नीट (यूजी) पेपर लीक रोकने व निगरानी हेतु स्वतंत्र स्वायत्त एजेन्सी गठित किया जाना आवश्यक : सांसद नीरज डांगी

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** सांसद नीरज डांगी ने आज राज्यसभा सदन में प्रष्न काल के दौरान तारांकित



प्रश्न के माध्यम से राष्ट्रीय परीक्षा एजेन्सी (एनटीए) द्वारा देषभर में अब तक आयोजित नीट (यूजी) परीक्षाओं के पेपर लीक होने के कारणों, परीक्षा में अनियमितताओं और गड़बड़ियों पर केन्द्र सरकार को दोषी ठहराते हुए सख्त व सुधारात्मक कदम के तहत निगरानी हेतु स्वतंत्र स्वायत्त एजेन्सी गठित किये जाने की मांग की। सांसद नीरज डाँगी ने सदन में प्रष्नकाल के दौरान केन्द्रीय षिक्षा मंत्री श्री धर्मेन्द्र प्रधान को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि राष्ट्रीय परीक्षण एजेन्सी (एनटीए) जो मेडिकल प्रवेष परीक्षा छम्म्ज् और इंजीनियरिंग प्रवेष परीक्षा श्रम्म् डंपदे आयोजित करने का कार्य करता है, इन दोनों परीक्षाओं के आयोजन में एनटीए पूरी तरह से अलग पैटर्न का इस्तेमाल करता है, परन्तु इनके प्रष्न पत्रों में बार-बार होने वाली गलतियां छात्रों के मनोबल को प्रभावित करती है और एनटीए पिछले कुछ वर्षों से इसे सुधारने के लिये कुछ नहीं कर रहा है। देष के लाखों छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ किया जा रहा है, जिसके लिये एनटीए के साथ-साथ केन्द्र सरकार जिम्मेदार है।

सांसद डांगी ने बताया कि राष्ट्रीय परीक्षा एजेन्सी (एनटीए) मात्र अधिकतर संविदा कर्मचारियों पर निर्भर है, जिससे गड़बड़ियां, अनियमितताएं एवं पेपर लीक जैसी घटनाएं हो रही है। एनटीए में स्थाई कर्मचारियों की नियुक्ति की जाकर उनके द्वारा देषभर में आयोजित ऐसी महत्वपूर्ण छम्म्ज्.न्ळ जैसी परीक्षाओं का आयोजन किया जाना चाहिए ताकि गड़बड़ियों एवं अनियमितताओं की संभावना न रहे। उन्होंने कहा कि छम्म्ज् परीक्षा में देषभर के लगभग 20 लाख प्रतिस्पर्धी परीक्षा देते हैं जिसके परिणाम बार-बार क्यों संषोधित किए गए? और प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं में बोनस अंकों का प्रावधान कैसे हो सकता है? यह संगठन के भीतर एक बड़े घोटाले के स्पष्ट संकेत देता है। परन्तु भविष्य में ऐसी समस्याओं और अनियमितताओं को दोबारा न होने से रोकने के लिये एनटीए अथवा केन्द्र सरकार की ओर से कोई कदम नहीं उठाये गये हैं। उन्होंने मांग की कि यदि सरकार छम्म्ज् न्ळ परीरक्षा के लीक होने के कारण पुन: परीक्षा आयोजित करती है तो प्रभावित छात्रों के यात्रा, आवास और भोजन का पूरा खर्च सरकार द्वारा वहन किया जाना चाहिए। डाँगी ने मांग की कि परीक्षा के पेपर लीक जैसी घटनाओं को रोकने के लिये एक स्वतंत्र स्वायत्त एजेन्सी गठित की जानी चाहिए जो परीक्षा संचालन की निगरानी कर सकें और गड़बड़ियों पर त्वरित कार्यवाही कर सकें।

# एसीआई की मानसी का इंस्पायर अवार्ड 2024-25 के लिए चयन

**झुंझुनूं।** स्थानीय जिला मुख्यालय स्थित एसीआई उमावि झुंझुनूं की छात्रा मानसी शर्मा पुत्री विजय कुमार शर्मा का भारतीय विज्ञान एवं प्रोद्योगिक मंत्रालय भारत सरकार द्वारा आयोजित इन्सपायर अवार्ड 2024-25 के लिए चयन हुआ है। इस अवसर पर संस्था ने छात्रा का तिलक, माल्यार्पण एवं मिठाई खिलाकर स्वागत किया। यह अवार्ड स्कूली विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच विकसित करने वैज्ञानिक क्षेत्र में प्रोत्साहन करने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष दिया जाता है। संस्था निदेशक विकास शर्मा ने बताया कि मानसी शर्मा कक्षा 10वीं की मेधावी छात्रा है। जिसके द्वारा प्रेषित आइडिया द आटो रिफिल पेट फिडर का भारतीय विज्ञान एवं प्रोद्योगिक मंत्रालय भारत सरकार द्वारा इन्सपायर अवार्ड 2024-25 के लिए चयन हुआ है। संस्था निदेशक मनोज शर्मा ने छात्रा की वैज्ञानिक सोच एवं विज्ञान के प्रति रूझान की सराहना करते हुए छात्रा को उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं प्रेषित की। इस अवसर पर फाउंडेशन हैड विजय सैनी, सुनिल कुमार, दिव्या रोहिला, धर्मेंद्र नागर, दिनेश वर्मा, अशोक जांगिड़, राधेश्याम शर्मा, जयप्रकाश शर्मा, महेंद्रसिंह, दिनेश आचार्य, संदीप झाझड़िया, दिवेंक शर्मा, राकेश चौधरी, पूनम जांगिड़, सरिता कुमारी, आशा शर्मा, प्रियंका शर्मा, सरोज, निशा शर्मा, सुमन चौहान, वैशाली, ऐश्वर्या स्वामी, पूनम शर्मा, नरेश कुमार, हेमंत जांगिड़, शिवकुमार पालीवाल, रमेश मील, बिलाल अली उपस्थित थे।

# खाद्य पदार्थों में मिलावट की रोकथाम हेतु खाद्य पदार्थों के सैम्पल लेने की कार्रवाई की गई

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

अलवर। खाद्य एवं औषधि नियंत्रण आयुक्त जयपुर के निर्देशानुसार जिले में चलाए जा रहे शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान के तहत होली के त्योहार पर खाद्य पदार्थों में मिलावट की रोकथाम हेतु शहर के विभिन्न स्थानों पर कार्रवाई कर खाद्य पदार्थों के सैम्पल लेकर जांच की गई।



मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. योगेन्द्र शर्मा ने बताया कि पूर्व में मिल्क फूड ब्राण्ड घी के नमूने जांच में अवमानक पाये जाने पर केडलगंज स्थित फर्म मैसर्स कपिल कुमार सचिन कुमार घी मिल्क फूड की एजेन्सी से पैकिंग के एक-एक नमूने लेकर शेष बचे 117 लीटर घी मिल्क फूड ब्राण्ड की 900 मिली. वजनी के 104 पैकेट एवं 450 मिली. के 46 पैकेट को जब्त किया गया। इसी प्रकार नयाबास चौराहा स्थित मैसर्स नरेश मिष्ठान भण्डार से पनीर का सैम्पल, टाउन हाल के सामने स्थित मैसस पंकज सेल्स कार्पोरेशन व कालाकुआं हाउसिंग बोर्ड स्थित मुकेश स्वीटस से एक-एक घी का नमूना, मनुमार्ग स्थित मैसर्स सागर स्वीट्स से कलाकंद का नमूना जांच हेतु लिया गया। उन्होंने बताया कि इस दौरान लिए गए नमूने जांच रिपोर्ट में अवमानक पाये जाने पर संबंधित के विरूद्ध एडीएम न्यायालय में परिवाद प्रस्तुत किया जाएगा, जिसमें 5 लाख तक के जुर्माने का प्रावधान है तथा जांच में खाद्य पदार्थ असुरक्षित पाये जाने पर उनके विरूद्ध सीजेएम न्यायालय में परिवाद प्रस्तुत किया जाएगा जिसमें सजा एंव जुर्माने का प्रावधान है। इस दौरान टीम द्वारा अलवर शहर के मिठाई विक्रेताओं के कढाई के तेल की टीपीसी मीटर से जांच की गई जो जांच में सही पाया गया। उन्होंने बताया कि टीम द्वारा सभी खाद्य व्यापारियों को प्रतिष्ठान पर साफ-सफाई से कार्य करने, खाद्य पदार्थों को ढक्कर रखकर बिक्री करने एवं खाद्य लाइसेंस को दुकान पर प्रदर्शित करने के निर्देश दिये।

## न्यूज ब्रीफ

### गांवों में लौट रही है पुरानी परंपराएं, सोती गांव में चंग की थाप पर गाएं धमाल

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**झुंझुनूं।** त्योहार पर्वों को लेकर जहां एक ओर ग्रामीण इलाकों में संस्कृति विलुप्त होती जा रही है। वहीं दूसरी ओर युवा पीढ़ी भी इसे जीवित रखने के प्रयास कर रही है। झुंझुनूं के गांव सोती में इसी का एक जीता-जागता उदाहरण है। जहां इन दिनों वर्षों पुरानी होली की परंपरा एक बार फिर से देखने को मिल रही है। गांव के बीचोंबीच स्थित ग्रामदेवता स्वामी जी महाराज मंदिर परिसर में ग्रामीणों ने मंगलवार रात को फागोत्सव मनाया। इस दौरान ना केवल बढ़े बुजूर्गों ने बल्कि बड़ी संख्या में एकत्रित होकर युवाओं ने भी मिटती ग्रामीण संस्कृति को जीवित रखने का सुंदर सन्देश दिया। गांव के बड़े बुजूर्गों ने चंग की थाप पर धमाल बोलकर फागण में रस भरा तो वहीं युवाओं ने धमालों पर नृत्य कर रंगमंच प्रदान किया। सफेद कुर्ते पायजामे पहने सिर पर पगड़ी बांधे ग्रामीणों की चंग की थाप ने उत्सव का रूप ले लिया। जिसे देखने के लिए बड़ी संख्या में गांव के लोग पहुंचे। ढप बजा रहे ग्रामीण बुद्धराम ने बताया कि वर्षों पहले गांव में ऐसे ही धमाल और ढप बजाया करते थे। लेकिन धीरे-धीरे यह परंपरा विलुप्त होने लगी है। उन्होंने बताया कि होली त्योहार बिना ढप और धमाल के सूना लगता है। इसलिए ऐसे कार्यक्रम जरूरी है। क्योंकि यह ग्रामीण संस्कृति को बढ़ावा देते हैं। इससे युवा पीढ़ी को भी संदेश मिलता है। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण एकत्रित होकर फागोत्सव का आनंद लिया। इस दौरान बाबूलाल भगत, विजय महला, मोहनलाल, सुनील पूनियां, लीलाधर, रोहिताश्व गुर्जर, बहादुर सिंह, हरकेश, मनोज गोदारा, सुदेश, मुनेश, कुलदीप, गोविंद, सिकंदर, धूड़ाराम, हरकेश, वीरेंद्र, सुनील, अंकित, रणजीत गुर्जर एवं विकेंद्र गुर्जर इत्यादि मौजूद रहे।

### प्राकृतिक रंग से होली खेलें : ढूकिया

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**झुंझुनूं।** स्थानीय गणपति नगर स्थित न्यू राजस्थान पब्लिक स्कूल में विद्यार्थियों के लिए होली उत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें सभी विद्यार्थियों ने एक दूसरे को रंग लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष इंजीनियर प्यारेलाल ढूकिया ने होली की महत्ता बताते हुए विद्यार्थियों को बताया कि यह ऐसा त्यौहार है। जो सामाजिक सरोकारिता को बढ़ाने के साथ-साथ आपसी गिले शिकवे को दूर करता है। उन्होंने विद्यार्थियों को रासायनिक पदार्थों से बने रंग का इस्तेमाल न करने एवं प्राकृतिक रंग से होली खेलने के लिए प्रेरित किया। प्रधानाचार्या निधि सिहाग ने विद्यार्थियों तथा समस्त स्टाफ को होली की शुभकामनाएं दी।

# नेत्र चिकित्सा शिविर में 272 रोगी लाभान्वित, 76 का ऑपरेशन के लिए चयन

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**नवलगढ़।** शारदा क्रोपकेम लिमिटेड मुंबई के आर्थिक सौजन्य से सामाजिक विकास हेरिटेज एंड वाइल्ड लाइफ कंजर्वेशन फाउंडेशन द्वारा जिला अंधता निवारण समिति झुंझुनूं के आर्थिक सहयोग, डॉ. विमलेश आई केयर मेडिको सोसासटी तथा अलॉयंस क्लब




नवलगढ़ लार्ड कृष्णा द्वारा आयोजित 215वां निशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर छावसरिया धर्मशाला में आयोजित किया गया। शिविर में 272 रोगी लाभान्वित हुए। जबकि 76 रोगियों का ऑपरेशन के लिए चयन किया गया। जिनका ऑपरेशन जांगिड़ अस्पताल में डॉ. अविनाश पुरोहित की टीम द्वारा किए जाएंगे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पोदार कॉलेज के पूर्व प्रोफेसर पीके सिंह राठौड़ (पवनदास जी महाराज) ने लाभार्थियों की संख्या देखकर प्रसन्नता जताई तथा बताया कि डॉ. दयाशंकर जांगिड़ व उनकी टीम साधुवाद की पात्र है। यह कार्य अद्वितीय अकल्पनीय अनुकरणीय है। अलॉयंस क्लब द्वारा नेत्र चिकित्सा के शिविर वरदान सिद्ध हो रहे है। बुजूर्गों को दुबारा नेत्र ज्योति देने का धरती के भगवान चिकित्सकों का पुण्य कार्य है। इस कार्य के लिए आप साधुवाद के पात्र है। शिविर संयोजक डॉ. दयाशंकर जांगिड़ ने बताया कि शिविर में पिछले शिविर के 63 लोगों को जांच कर सफेद चश्में दिए। सभी को रोशनी प्राप्त हो गई है। शिविर में रोगियों को खाना, नाश्ता, दवा, चश्में निशुल्क प्रदान किए जाते है। शिविर में पूरी शेखावाटी, जयपुर, नागौर, डीडवाना, चूरू, हरियाणा, नीमकाथाना, दिल्ली तक के रोगी लाभ उठाने आते है। ईश्वर की कृपा से शत प्रतिशत लोगो को रोशनी प्राप्त होती है। कुछ लोगों को ब्लड प्रेशर व मधुमेह की बीमारी होती है। उनको ठीक होने के बाद भी ऑपरेशन किया जाता है। लोगों को चाहिए कि हर माह की 24 तारीख को जांगिड़ अस्पताल में लगने वाले मधुमेह शिविर में अपनी जांच करवाकर ऑपरेशन के चयन लायक बने। शिविर में पूर्व अंतराष्ट्रीय अध्यक्ष व शिविर संयोजक डॉ. दयाशंकर जांगिड़, डॉ. शंकरलाल सैनी, क्लब अध्यक्ष सुहित पाडिया, मेजर डीपी शर्मा, रामावतार सबलानिया, मुरलीमनोहर चोबदार, जनार्दन घोड़ेला, योगेश सोनी, पंकज शाह, केके डीडवानिया, मनोज रूनला, सज्जन जोशी, डॉ. मिनाक्षी जांगिड़, डॉ. मनीष शर्मा, डॉ. शिखरचंद जैन, महेंद्र कुमार सैनी, छगनलाल सैन, ओमप्रकाश सोनी, रमाकांत सोनी, गंगाधर मील, भारत स्काउट गाइड के विष्णु सैनी सहित जांगिड़ अस्पताल के स्टाफ ने सहयोग दिया।

# डिजिटल अवेयरनेस शिविर का आयोजन



**गुढ़ागौड़जी।** रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया एवं यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के दिशा निर्देशों के तहत मणीदेवी मोदी राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय गुढागौड़जी में डिजिटल अवेयरनेस शिविर का आयोजन किया गया। जिसके तहत स्थानीय स्तर पर यूनियन बैंक ऑफ इंडिया टोडी शाखा की तरफ से एक शिविर का आयोजन किया गया एवं बैंक शाखा से शाखा प्रबंधक विजयसिंह मीणा ने विद्यालय स्टाफ एवं बच्चों को डिजिटल पेमेंट एवं डिजिटल अवेयरनेस के संबंध में बताया एवं शिविर में विद्यालय स्टाफ तथा बच्चों ने खूब रुचि से भाग लिया एवं आपसी प्रश्न पूछ कर भी शिविर को सफल बनाया गया। इसके अलावा विद्यालय प्रशासन एवं विद्यालय स्टाफ ने बैंक द्वारा स्कूल में किए गए अन्य विकास कार्यों के लिए भी बैंक का आभार व्यक्त किया एवं धन्यवाद दिया।

# बीजेपी प्रदेशाध्यक्ष ने बजाई चंग, कार्यकर्ताओं ने गाए फाग गीत

## चंग की थाप पर तो कोई डीजे पर झूमा, उत्साह से मना रहे मस्ती का पर्व होली

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**पाली।** पाली में उमंग, उत्साह और मस्ती का पर्व होली शुक्रवार को शहरवासी मनाते नजर आए। सुबह से ही बच्चों और युवाओं की टोलियां गली मोहल्लों में घूमती नजर आ रही हैं। एक-दूजे को रंग-गुलाल लगा होली की शुभकामना देते नजर आए। शहर के कई मोहल्ले में युवा डीजे पर झूमते हुए होली का आनंद लेते दिखे। विभिन्न समाजों के गेरिए भी जिनके घर ढूंढ है वहां बच्चों की ढूंढ करने गए। शहर एक-दो जगह बड़े कड़ाव भी लगाए गए। जहां मस्ती में मस्त युवा होली खेलते दिखे। आमजन आराम से होली का पर्व मना सके इसलिए शहर में जगह-जगह पुलिस के जवान मुस्तैदी से तैनात नजर आए। धुलण्डी के दिन सुबह होते ही गली-मोहल्लों में बच्चों की टोलियां रंग



गुलाल उड़ाने के लिए निकल पड़ीं। शहर के कई मोहल्लों में बच्चों और बड़े डीजे बजाकर डांस करते नजर आए। कई मोहल्लों में घरों की छतों व बालकनी में खड़े बच्चे आने-जाने वाले लोगों पर पानी के गुब्बारे फेंकते नजर आए। सुबह नौ बजे से ही शहर में होली का माहौल दिखना शुरू हो गया।

**जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने भी मनाई होली**

शहर में विधायक भीमराज भाटी, पूर्व विधायक ज्ञानचंद पारख, जिला कलेक्टर एलएन मंत्री, एसपी चूनाराम जाट के घर पर भी धुलंडी पर होली की शुभकामनाएं देने लोग पहुंचे। गुलाल लगा उन्होंने होली की शुभकामना दी।

**जगह-जगह पुलिस जाप्ता रहा तैनात**

होली के त्योहार को लेकर शहर भर में जगह-जगह पुलिसकर्मी ड्यूटी करते नजर आए। इसके साथ ही पुलिस की गाड़ियां भी शहर में दिन भर राउंड करती रही। ताकि शहर में शांतिपूर्ण तरीके से होली का त्योहार मनाया जा सके।

# अपहरण कर मारपीट के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

**बाली।** नाणा थाने में एक युवक के साथ अपहरण और मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़ित दीपक कुमार ने बताया कि वह 11 मार्च को शाम 7:30 बजे अपने रिश्तेदारों को बोलेरो कार में सुमेरपुर ले गए थे। रात करीब 9:30 बजे रिश्तेदारों को छोड़कर शोभाराम के साथ घर लौट रहे थे। दूदनी के पास एक स्कॉर्पियो (RJ 22 UA 7057) ने उनकी गाड़ी को रोका। इसमें से निलेश, हितेश, उत्तम विक्रम और 2 अन्य लोग उतरे। उन्होंने दीपक को जबरन स्कॉर्पियो में बैठा लिया। आरोपियों ने रास्ते में दीपक के साथ मारपीट की। उसे बीजापुर सरहद में एक कुएं पर ले गए। वहां एक अन्य गाड़ी (RJ 22 UA 9205) में 3-4 लोग और आए। सभी ने लाठियों से दीपक की पिटाई की। आरोपियों ने कहा कि उसके भाई जयेश ने उनकी बहन से प्रेम विवाह किया है, जो गलत है। उन्होंने धमकी दी कि अगर बहन को वापस नहीं भेजा तो परिवार का और बुरा हाल करेंगे। पुलिस अधीक्षक चुनाराम जाट और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक चैनसिंह महेचा के निर्देश पर वृत्ताधिकारी जितेंद्र सिंह के सुपरविजन में कार्रवाई की गई। थानाधिकारी रतनसिंह और टीम ने मुखबिर तंत्र को सक्रिय कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। पकड़े गए आरोपियों में बीजापुर निवासी 20 वर्षीय निलेश और नादुंद निवासी 20 वर्षीय उत्तम शामिल हैं।



## चारण महासभा में नई नियुक्ति

# महिपाल सिंह लखावत बने पाली जिले के अध्यक्ष

▶▶ करणी माता मंदिर में स्वागत समारोह



सोजत। मारवाड़ प्रांतीय चारण महासभा में एक महत्वपूर्ण नियुक्ति हुई है। अखिल भारतीय चारण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व विधायक सीडी देवल की अनुशंसा पर समाजसेवी महिपालसिंह लखावत को पाली जिले का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है।

रेंदड़ी गांव स्थित करणी माता मंदिर में गुरुवार को एक विशेष बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में सीडी देवल के प्रतिनिधि रामसिंह खारी और सोनदान सांदू की उपस्थिति में नियुक्ति पत्र का वाचन किया गया। समाज के सदस्यों ने माला और साफा पहनाकर महिपालसिंह लखावत का स्वागत किया।

नवनियुक्त अध्यक्ष महिपालसिंह ने अपनी जिम्मेदारियों के प्रति प्रतिबद्धता जताई। उन्होंने कहा कि वे तन, मन और धन से समाज की सेवा करेंगे। वे हर काम के लिए तत्पर रहेंगे। कार्यक्रम में भामाशाह अनोपसिंह लखावत, नवलदान लखावत, बसंत कुमार लखावत, सुरेंद्रसिंह लखावत, दिलीपसिंह लखावत, अवधेश लखावत और प्रकाशसिंह लखावत सहित कई समाज बंधु उपस्थित थे।

# खेलते समय मासूम पर गिरा लोहे का गेट, मौत, परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल

पाली। पाली जिले के गुड़ा एंदला थाना इलाके में एक मासूम की खेलते समय गेट टूटकर गिरने से मौत हो गई। रात के करीब 11 बजे थे। परिजन होली दहन के लिए जाने की तैयारी कर रहे थे और बच्चे खेल रहे थे। खेलते-खेलते 5 साल की मासूम पर घर की फाटक टूटकर गिर गई। सिर में गंभीर चोट लगी। परिजन तुरंत उसे इलाज के लिए हॉस्पिटल लेकर पहुंचे। लेकिन तब तक मासूम ने दम तोड़ दिया। इसके बाद परिजनों का हॉस्पिटल परिसर में ही रो-रो कर बुरा हाल हो गया। गुरुवार रात करीब 11 बजे 5 साल की वर्षा पुत्री अमराराम प्रजापत घर के अंदर ही दूसरे बच्चों के साथ खेल रही थी और परिजन होली दहन के लिए जाने के लिए तैयारी कर रहे



थे। इस दौरान खेलते समय 5 साल की मासूम वर्षा पर लोहे गेट (छोटा गेट) टूट कर गिर गया। हादसे में उसके सिर पर गंभीर चोट आई। परिजन इलाज के लिए उसे गुरुवार रात करीब 12 बजे पाली के बांगड़ हॉस्पिटल लेकर पहुंचे। जहां जांच के बाद डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### दादा का रो-रो कर बुरा हाल

मासूम की मौत के बाद उसके वृद्ध दादा घीसाराम का रो-रो कर बुरा हाल हो गया। बोले कि बच्चे तो हमेशा ऐसी खेलते है। न जाने कैसे गेट टूट कर गिर गया। उन्होंने बताया कि उनके बेटे अमराराम के 2 बच्चे है। जिनमें एक 7 साल का बेटा विशाल है और 5 साल की बेटी वर्षा थी जिसकी इस हादसे में मौत हो गई।

# हॉस्पिटल में नवजात की मौत, परिजनों का हंगामा

## बोले- हॉस्पिटल प्रबंधन की लापरवाही से हुई बेटे की मौत

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**पाली।** शादी के बाद 19 साल की नगमा ने पहली डिलीवरी हुई। परिवार में खुशी का माहौल था लेकिन हॉस्पिटल में उपचार के दौरान नवजात की मौत हो गई। घटना को लेकर गुस्साए परिजनों ने डॉक्टर और नर्सिंगकर्मियों पर इलाज में लापरवाही बरतने का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। उन्होंने दोषियों के खिलाफ कार्रवाई के बाद ही शव उठाने की बात कही। सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंची और मामले को शांत किया। वही मामले में डॉक्टर का कहना है कि बच्चे की हालत जन्म से ही गंभीर थी। ऐसे में उसे इलाज के लिए एनआईसीयू वार्ड में भी भर्ती किया लेकिन जान नहीं बच सकी। दरअसल पाली शहर के हाउसिंग बोर्ड क्षेत्र में रहने वाली 19 साल की नगमा की 5 फरवरी 2024 को जालोर निवासी शहजाद से शादी हुई थी। शादी के बाद पहली डिलीवरी होने पर नगमा को उसकी पीहर पक्ष के लोग डिलीवरी के लिए पाली लेकर आए। 9 फरवरी को नगमा ने बांगड़ हॉस्पिटल में बेटे को जन्म दिया। बच्चे की तबीयत गंभीर होने पर के चलते उसे इलाज के लिए NICU वार्ड में भर्ती किया गया। जिसकी गुरुवार रात को उपचार के दौरान मौत हो गई।



### चिकित्साकर्मियों पर लापरवाही बरतने का आरोप

घटना को लेकर नगमा के पति शहजाद का आरोप है कि बच्चा जन्म के बाद ठीक था। फिर उसे इलाज के लिए एन आईसीयू वार्ड में भर्ती कर दिया। लेकिन डॉक्टर और नर्सिंग स्टाफ ने इलाज ढंग से नहीं किया। लापरवाही बरती। जिससे उसके घर में खुशियां आनी थी लेकिन इनकी लापरवाही से बच्चे की मौत हो गई। पत्नी ने भी सिजेरियन ऑपरेशन के बाद बच्चे को जन्म दिया था।

### डॉक्टर बोले- दुख है कि नवजात को नहीं बचा सके

मामले में बांगड़ हॉस्पिटल के चाइल्ड विशेषज्ञ डॉ आरके विश्नोई का कहना है नवजात को नहीं बचा पाने का दुख है। जांच में उसकी किडनी में खराबी आई। मां भी ऊपर का दूध पिला रही थी। ऐसे में बच्चे का वजन नहीं बढ़ रहा था। और उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। परिजनों को कुछ शिकायत है तो लिखित में दे सकते है जांच करवा लेंगे।

# पाली में गैस सिलेंडर में लगी आग, तीन झुलसे

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**पाली।** पाली में गुरुवार को गैस सिलेंडर ने अचानक आग लग गई। पास बैठे मां-बेटी उसकी चपेट में आ गई। महिला के पति ने तुरंत हिम्मत दिखाते हुए जलते हुए सिलेंडर को घर से बाहर फेंका। ऐसे में बड़ा हादसा टल गया। इस हादसे में मां-बेटी बुरी तरह झुलस गई और गैस सिलेंडर बाहर फेंकने वाला उनका पति भी झुलस गया। गनीमत रही कि युवक ने समय रहते हिम्मत दिखाते हुए सिलेंडर को घर से बाहर फेंक दिया वरना बड़ा हादसा हो जाता।

घटना पाली शहर के औद्योगिक नगर थाना क्षेत्र के राजेंद्र नगर में गुरुवार सुबह 6.30 बजे हुई। शाबिर खान (40) ने बताया- मेरी पत्नी गुड़िया (35) चाय बना रही थी। पास में 10 साल की बेटी सनम बैठी थी। कुछ ही दूरी पर मैं बैठा था। इस दौरान अचानक गैस चूल्हे के पाइप में आग लग गई जो सिलेंडर तक पहुंच गई। आग की लपटें पत्नी गुड्डी और बेटी सनम के कपड़ों तक पहुंच गई। पति शाबिर ने तुरंत जलते हुए सिलेंडर को उठाकर बाहर फेंका और पत्नी और बेटी पर पानी डालकर आग को बुझाया। इतने में मोहल्लेवासी एकत्रित हो गए और दमकलकर्मी भी पहुंच गए।

शाबिर ने बताया- हादसे में पत्नी और बेटी बुरी तरह झुलस गए। जिसका पाली के बांगड़ हॉस्पिटल के बर्न वार्ड में उपचार जारी है। जलता हुआ सिलेंडर बाहर फेंकने के दौरान मेरा चेहरा और हाथ भी झुलस गए। पत्नी और बेटी 25 फीसदी झुलस गए।

मैं हाईवे पर किसान केसरी पेट्रोल पम्प के पास गाड़ियों की रेडियम प्लेट बनाने का काम करता हूं। घटना के समय दो बच्चे दूसरे कमरे में सो रहे थे। इसलिए वे बच गए। हादसे में घर की वायरिंग और घरेलू सामान भी जल गया।




# उन्द्रथल में शॉर्ट सर्किट से लगी आग, कच्चा मकान जला



■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**बाली।** सादड़ी थाना क्षेत्र के उन्द्रथल में गुरुवार सुबह एक कच्चे मकान में बिजली के शॉर्ट सर्किट से भीषण आग लग गई। आग में प्रकाश पुत्र मालाराम रंगास्वामी के घर का सारा सामान जलकर राख हो गया। घटना में लोहे का बड़ा बक्सा, अलमारी, 4 पलंग, खाने-पीने का सामान और बिस्तर पूरी तरह जल गए। पूर्व सरपंच देवेंद्र सिंह के अनुसार, बिजली केबल में शॉर्ट सर्किट से आग लगी, जिससे कच्चा मकान भी चपेट में आ गया। गनीमत रही कि आग लगते ही लोगों को पता चल गया और सभी सुरक्षित बाहर निकल गए। अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था। सूचना मिलते ही सादड़ी से अग्निशमन वाहन के साथ मोहित, सागर और राजवीर मौके पर पहुंचे। कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। घटना की जानकारी पर सादड़ी पुलिस से एएसआई मुलाराम मीणा, कॉन्स्टेबल सोनाराम और कैलाश भी मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया।

# शॉर्ट सर्किट से लगी आग, पेट्रोल पंप से 100 मीटर पहले हादसा

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**बाली।** देसूरी-नारलाई सड़क मार्ग पर एक खेत में 33 केवी बिजली लाइन में शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। यह घटना पेट्रोल पंप से मात्र 100 मीटर की दूरी पर हुई। तेज हवा के कारण पेड़ों की टहनियों से बिजली की लाइन में शॉर्ट सर्किट हुआ। इससे चिंगारियां उठीं और खेत में आग फैल गई। स्थानीय ग्रामीणों की सतर्कता और त्वरित कार्रवाई से एक बड़ी दुर्घटना टल गई। घटना की सूचना मिलते ही सादड़ी अग्निशमन दल की गाड़ी मौके पर पहुंची। ग्रामीणों और दमकल कर्मियों के संयुक्त प्रयास से आग पर काबू पा लिया गया। ग्रामीणों ने विद्युत विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि विभाग बिजली लाइनों के आस-पास के पेड़ों की टहनियां नियमित रूप से नहीं काटता, जिससे इस तरह की घटनाएं होती हैं। इस घटना से क्षेत्र में विद्युत विभाग के खिलाफ आक्रोश व्याप्त है।


## बृहन्मुंबई महानगरपालिका

सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट - ट्रांसपोर्ट पूर्व उपनगर

ईई/टीआर/ईएस/14761/एसडब्ल्यूएम/दि. 13.03.2025

### ई-निविदा सूचना

आयुक्त बृहन्मुंबई महानगर पालिका द्वारा निम्नांकित ऑनलाइन निविदाएं आमंत्रित हैः

| क्र. सं. | कार्य का नाम | धरोहर राशि (ईएमडी) (रु.) | निविदा अधिप्राप्ति शुल्क | बोली प्रारंभ की दिनांक व समय | बोली बंद होने की दिनांक व समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 6 माह की अवधि हेतु पूर्वी उपनगर के एल वॉर्ड में ओपन डंप्स एवं जीवीपी पर कचरा सकंलन हेतु स्किड स्टील लोडर मशीन्स किराये पर लेना। | 25,000/- | रु. 3300/- + 18% जीएसटी | 15.03.2025 प्रातः 11.00 बजे | 22.03.2025 शाम 04.00 बजे |
| 2 | 9 माह की अवधि हेतु पूर्वी उपनगर के एन वॉर्ड में छोटी नालियों से कचरा सकंलन हेतु ई-वाहनों (ई-ऑटो रिक्शा) किराये पर लेना। | 25,000/- | रु. 3300/- + 18% जीएसटी | 15.03.2025 प्रातः 11.00 बजे | 22.03.2025 शाम 04.00 बजे |
| 3 | 6 माह की अवधि हेतु पूर्वी उपनगर के एस वॉर्ड में छोटी नालियों से कचरा सकंलन हेतु ई-वाहनों (ई-ऑटो रिक्शा) किराये पर लेना। | 25,000/- | रु. 3300/- + 18% जीएसटी | 15.03.2025 प्रातः 11.00 बजे | 22.03.2025 शाम 04.00 बजे |

निविदा की प्रतिलिपी महाराष्ट्र शासन के ई-अधिप्राप्ति प्रणाली (महाटेंडर्स) (http://mahatenders.gov.in) से ई-अधिप्राप्ति सेक्शन से डाउनलोड कर सकते है। अधिक जानकारी हेतु बीएमसी पोर्टल http://www.mcgm.gov.in पर लॉगऑन करें।

PRO/2818/ADV/2024-25

कार्यपालन अभियंता ट्रांसपोर्ट (टीआर) ई/एस

बुखार? सही एवं संपूर्ण इलाज हेतु तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें।

## बृहन्मुंबई महानगरपालिका

मुंबई अग्निशमन दल

### ई-अधिप्राप्ति निविदा सूचना

नं. एफबीपी/डब्ल्यू/1976 दिनांक 13.03.2025

(निविदा आईडीः 2024-एमसीजीएम-1160776)

आयुक्त बृहन्मुंबई महानगर पालिका द्वारा निम्न ऑनलाइन निविदा आमंत्रित है। निविदा की प्रतिलिपी एनआईसी पोर्टल (http://mahatenders.gov.in) पर निविदा सेक्शन अंतर्गत डाउनलोड कर सकते है। सभी इच्छुक सभी निविदाकार यद्यपि वे एमसीजीएम से पूर्व से ही पंजीकृत हो या ना हो, ई-निविदा प्रक्रिया अंतर्गत एमसीजीएम से पंजीकृत होना अनिवार्य है। ई-निविदा अंतर्गत उक्त अंकित पोर्टल पर ऑनलाइन बोली प्रक्रिया में सहभागिता हेतु लॉगइन प्रमाण पत्र उपलब्ध है।

डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाण पत्र तथा यूसर मैन्युअल हेतु पंजीयन, नामांकन हेतु कृपया ई-निविदा टैब में दिए गए संबंधित लिंक्स को संदर्भित करें।

निविदाकार डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाण पत्र, प्रमाणन प्राधिकरण के नियंत्रक द्वारा अनुज्ञप्त किसी एक प्रमाणन प्राधिकारी जैसे सैफस्क्रिप्ट, आईडीआरबीटी, नेशनल इंन्फॉर्मेटिक्स सेंटर, टीसीएस, कस्टमस, एमटीएनएल, जीएनएफसी तथा ई मुध्रा सीए, से प्राप्त कर सकते है, बीएमसी द्वारा इस संबंध में निविदाकारों की सहायता हेतु सीपीडी कार्यालय में एक हेल्पडेस्क भी खोला गया है।

तकनीकी एवं कमर्शियल बोलियां निम्नांकित नियत दिनांक एवं समय तक ऑनलाइन जमा की जाए।

| क्र. सं. | विवरण | ईएमडी (रु.) | निविदा शुल्क (रु.) | बोली डाउनलोड करने की प्रारंभ दिनांक व समय | ऑनलाइन बोली जमा करने की अंतिम दिनांक व समय |
|---|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) |
| 1. | मुंबई अग्निशमन दल में उपलब्ध आईवीको मेगिरस मेक टर्न टेबल लोडर (3 नग) हेतु तीन वर्ष का वार्षिक रखरखाव अनुबंध। | रु. 5,63,000/- | रु. 16,500/- + 18% जीएसटी | 15.03.2025 को 11.00 बजे से | 25.03.2025 16.00 बजे तक |

निविदाकार को उपरोक्त अंकित निविदा दस्तावेज शुल्क का भुगतान करना होगा। सभी निविदाकारों को बीएमसी की प्रक्रिया अनुसार ईएमडी का भुगतान केवल ऑनलाइन करना आवश्यक है।

हस्ता./-

13.03.2025

PRO/2822/ADV/2024-25

कार्यकारी अभियंता (एम एंड ई)

मुंबई अग्निशमन दल

भोजन से पूर्व एवं शौच के बाद साबुन से हाथ स्वच्छ धोएं।


# सेवाड़ी खेतलाजी का दो दिवसीय वार्षिक मेला : धार्मिक आयोजन

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**बाली।** बाली उपखंड में स्थित सेवाड़ी गांव में श्री सेवाड़ी खेतलाजी और श्री सोनाणा खेतलाजी का वार्षिक मेला 16-17 मार्च को आयोजित होगा। इस मेले में देश-विदेश से लाखों श्रद्धालुओं के पहुंचने की उम्मीद है। मेले का पहला दिन 16 मार्च को दोपहर 12 बजे से शोभायात्रा वरघोड़ा के साथ शुरू होगा। शाम 7 बजे सांझी गीत और रात 8 बजे से विशाल भजन संध्या का आयोजन होगा। भजन संध्या में प्रसिद्ध कलाकार महावीर सांखला, आशा वैष्णव, नरेश प्रजापति, अर्जुन राणा और अनिता जांगिड़ जैसे प्रसिद्ध भजन गायक शिरकत करेंगे। नृत्य कलाकार गरिमा चौपड़ा और ज्योति मारवाड़ी भी अपनी प्रस्तुति देंगी। 17 मार्च को सुबह 6:45 बजे से पूजा अर्चना, बाल भोग और महाआरती होगी। सुबह 10 बजे से महाप्रसादी का वितरण और दोपहर 2 बजे से गैर नृत्य का आयोजन किया जाएगा।कार्यक्रम में राजस्थान सरकार के कैबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत,राज्य मंत्री ओटाराम देवासी, बाली के विधायक पुष्पेंद्रसिंह राणावत मुख्य अतिथि होंगे। वही सेवाड़ी की सरपंच पिंकी देवी विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल होंगी। कार्यक्रम का संचालन डॉ. प्रवीण वैष्णव करेंगे। योजकों ने श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए विशेष सुरक्षा इंतजाम, चिकित्सा सुविधाएं, साफ-सफाई, पेयजल और शौचालय की व्यवस्था की है।



# सैणा गांव में चोरी

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**फालना।** फालना के नाणा थाना क्षेत्र में चोर किसान के बेरे से लाइसेंसी बंदूक समेत काफी सामान चोरी कर ले गए। पुलिस ने किसान लाल सिंह राणावत द्वारा दी गई लिखित रिपोर्ट के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। घटना बाली तहसील के सैणा गांव में हुई। नाना पुलिस थाना अधिकारी ने बताया कि प्रार्थी की ओर लिखित रिपोर्ट दी गई। जिसमें बताया कि खारिया कुम्हारों वाले बेरे पर लालसिंह राणावत का मकान है। मकान में टीन शेड और एक कमरा बना हुआ है। उनका बेटा गजेंद्र सिंह रहता है, लेकिन घटना के दिन वह फालना गया हुआ था। 12 मार्च 2025 की रात करीब 1 से 2 बजे के बीच अज्ञात चोरों ने कमरे का ताला तोड़कर वारदात को अंजाम दिया। चोरों ने लालसिंह की लाइसेंसी बंदूक चुरा ली। सुबह जब कास्तकार पशुओं का दूध निकालने गया, तब उसने टूटा ताला और बिखरा सामान देखा। उसने तुरंत मोबाइल से लालसिंह और उनके बेटे को सूचना दी। लालसिंह ने मौके पर पहुंचकर नुकसान का जायजा लिया।


# जब कैटरीना कैफ से पूछा शादी किससे करोगी सलमान से या रणबीर से



कैटरीना कैफ हमेशा सुर्खियों में छाई रहती हैं। फिर चाहे पर्सनल लाइफ हो या प्रोफेशनल लाइफ। कैटरीना कैफ ने साल 2021 में विक्की कौशल से शादी की थी। शादी के बाद से कैटरीना के चेहरे पर फैंस को अलग खुशी देखने को मिलती है। कैटरीना और विक्की की जोड़ी परफेक्ट है। मगर विक्की से पहले कैटरीना सलमान खान और रणबीर कपूर को डेट कर चुकी हैं। एक बार एक फैन ने कैटरीना से शादी को लेकर सवाल पूछा था। जिसका वीडियो अब वायरल हो रहा है। कैटरीना कैफ एक शो में रणबीर कपूर के साथ फिल्म के प्रमोशन के लिए गई थीं। यहां पर उनसे एक फैन ने शादी को लेकर सवाल पूछा था कि आप शादी किससे करेंगी सलमान खान से या रणबीर कपूर से। पहले तो सवाल सुनकर कैटरीना हंसी थीं। उसके बाद उन्होंने कहा- मैं आपसे शादी करूंगी। कैटरीना कैफ का ये शादी वाली वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है। लोग उस छोटे बच्चे को विक्की कौशल कह रहे हैं। एक ने लिखा- ये छोटा विक्की कौशल है। वहीं एक ने लिखा- विक्की ने कुछ ज्यादा ही सीरियस ले लिया इस बात को। बता दें कैटरीना कैफ सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं और आए दिन कुछ ना कुछ शेयर करती रहती हैं। वो पति विक्की कौशल के साथ क्यूट रोमांटिक फोटोज भी शेयर करती रहती हैं। जब भी दोनों पब्लिक में साथ में नजर आते हैं तो विक्की कैटरीना का हाथ थामे हुए होते हैं। फैंस को विक्की का ये अंदाज पसंद आता है। वो कैटरीना की केयर करते नजर आते हैं वहीं कैटरीना भी उनके परिवार के साथ समय बिताती हैं। फैंस अब विक्की और कैटरीना को एक फिल्म में देखने का इंतजार कर रहे हैं।

# नोरा फतेही ने कार्तिक आर्यन पर कसा तंज





बॉलीवुड एक्टर कार्तिक आर्यन अपनी प्रोफेशनल लाइफ से ज्यादा पर्सनल लाइफ को लेकर सुर्खियों में रहते हैं। वो जिस एक्ट्रेस के साथ फिल्म में काम करते हैं उनके साथ लिंकअप की खबरें आने लगती हैं। कार्तिक जल्द ही साउथ एक्ट्रेस श्रीलीला के साथ फिल्म में नजर आने वाले हैं और अभी से दोनों के लिंकअप की खबरें आने लगी हैं। डेटिंग को लेकर आईफा में नोरा फतेही ने कार्तिक पर तंज कसा है। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है। कार्तिक आर्यन ने आईफा 2025 होस्ट किया है। अवॉर्ड फंक्शन में कार्तिक आर्यन और करण जौहर ने ऑडियंस में बैठे सेलेब्स के बात की थी। नोरा फतेही से बातचीत करते हुए करण ने उनसे पूछा- क्या आप फर्स्ट क्लास टिकट लेकर लंदन जाएंगी? फिर उन्होंने पूछा- क्या मैं आपके साथ जा रही हूं? तब करण ने जवाब दिया- मैं कार्तिक की बात कर रहा हूं। करण उसके बाद कहते हैं कि ना ही वो और ना ही कार्तिक उनके साथ जा रहे हैं लेकिन उनकी पूरी ट्रिप स्पॉन्सर होगी। उसके बाद करण नोरा से पूछते हैं कि क्या वो सिंगल हैं। इसके जवाब में कार्तिक को ट्रोल करते हुए नोरा कहती हैं- कोई है इस इंडस्ट्री में जिसको आपने डेट नहीं किया। नोरा की बात सुनकर पूरी ऑडियंस हंसने लगती है। करण भी कार्तिक को छेड़ते हैं। बात को संभालने के लिए कार्तिक कहते हैं वो सिर्फ सवाल पूछ रही हैं। बता दें इन दिनों कार्तिक के श्रीलीला को डेट करने खबरें आ रही हैं। कार्तिक की मां ने भी श्रीलीला को डेट करने की हिंट दे दी है। करण जौहर ने कार्तिक की मां से बहू के बारे में पूछा। उन्होंने कहा- क्या वह अपनी बहू के रूप में किसी एक्ट्रेस को पसंद करेंगी, तो उन्होंने जवाब दिया, घर की मांग एक बहुत अच्छी डॉक्टर है। बता दें श्रीलीला एक्टिंग के साथ डॉक्टर की भी पढ़ाई कर रही हैं।

# 3 IDIOTS के क्यूट चतुर हुए स्टाइलिश और हैंडसम हंक



3 इडियट्स (3 Idiots) को बॉलीवुड की कल्ट फिल्मों में से एक माना जाता है। यह एक ऐसी फिल्म है, जिसे आज भी लोग बड़े ही चाव के साथ देखना पसंद करते हैं। फिल्म के सभी किरदार अपने आप में यूनिक थे और काफी फेमस भी हुए थे। लेकिन थ्री इडियट्स में एक किरदार जिसने लोगों को पेट पकड़कर हंसने पर मजबूर कर दिया था, वह था ओमी वैद्य का किरदार, जिसका फिल्म में 'चतुर रामालिंगम' और 'साइलेंसर' नाम था। फिल्म में ओमी वैद्य का स्पीच याद कर लोग आज भी हंसने पर मजबूर हो जाते हैं। साल 2009 में आई 3 इडियट्स को रिलीज हुए काफी टाइम हो गया है और इतने सालों में हम सबके प्यारे ओमी वैद्य यानी चतुर रामालिंगम का लुक भी काफी बदल गया है। ओमी के नए लुक को देख लोग परेशान भी हो गए हैं और पूछ रहे हैं कि वे ठीक तो हैं। दरअसल, ओमी वैद्य ने कुछ समय पहले अपनी कुछ तस्वीरें शेयर की थी, जिसमें वे व्हाइट मल्टी कलर शर्ट और ब्लू डेनिम जींस में दिखाई दिए थे। एक के बाद एक शेयर की गई इन तस्वीरों में ओमी बहुत ही फंकी लग रहे थे। गले में चेन और स्पेक्स के साथ ओमी कूल नजर आ रहे थे। ओमी की ये नई तस्वीरें फैन्स के लिए परेशानी का सबब बन गई। वे पूछने लगे कि बीतते दिन के साथ वे और भी ज्यादा हैंडसम कैसे दिख रहे हैं। ओमी वैद्य की जो नई फोटो सामने आई है, उसमें उनका बहुत ही स्टाइलिश अंदाज देखने को मिल रहा है। ओमी वैद्य की इन फोटोज पर सोशल मीडिया यूजर्स की भी मजेदार प्रतिक्रियाएं आई हैं। एक यूजर ने फोटो पर कमेंट करते हुए लिखा है, 'साइलेंसर अब क्यूट नहीं कूल दिखता है'।

# सिनेमा में वापसी कर रहे इमरान खान



इमरान खान लगभग एक दशक के बाद एक्टिंग में कमबैक कर रहे हैं। फैंस इस खबर से काफी एक्साइटेड नजर आ रहे हैं। 'जाने तू या जाने ना' और 'ब्रेक के बाद' जैसी फिल्मों के लिए जाने जाने वाले एक्टर, अब दानिश असलम द्वारा निर्देशित एक रोमांटिक कॉमेडी में भूमि पेडनेकर के साथ नजर आएंगे। उन्होंने इससे पहले इमरान और दीपिका पादुकोण के साथ 2010 की रोमांटिक कॉमेडी 'ब्रेक के बाद' में काम किया था। फिल्म की शूटिंग एक महीने में शुरू होने वाली है। प्री-प्रोडक्शन पहले से ही जोरों पर है। सुहानी कंवर द्वारा लिखी गई स्क्रिप्ट अपने अंतिम ड्राफ्ट के करीब है। इस प्रोजेक्ट का निर्माण इमरान खान, दानिश असलम और एक अन्य के साथ ओपन एयर फिल्म्स के बैनर तले मिलकर की जाएगी। एक सूत्र ने खुलासा किया है, ओटीटी प्लेटफॉर्म पहली घोषणा खुद करना चाहता है। इमरान के साथ लीड रोल के लिए भूमि पेडनेकर को चुना गया है। एक महीने के अंदर शूटिंग शुरू होगी। वहीं पीपिंगमून की एक रिपोर्ट के अनुसार, शूटिंग मार्च 2025 में शुरू होने वाली थी। फिल्म में इमरान खान अपने लोकप्रिय भूमिकाओं को वापसी करेंगे। बता दें कि इमरान खान आमिर खान के भांजे हैं। इमरान ने सन 2000 में सिनेमा डेब्यू किया था। उस दौर में वह लोकप्रिय अभिनेताओं में से एक थे। जाने तू...या, जाने ना में कॉलेज स्टूडेंट 'जय' की भूमिका से वह फैंस के दिलों में बस गए थे। इसके बाद उन्होंने कई रोमांटिक-कॉमेडी फिल्मों में काम किया और बॉलीवुड का चहेता 'चॉकलेट बॉय' कहे जाने लगे। बाद में वह आई हेट लव स्टोरीज, मेरे ब्रदर की दुल्हन, एक मैं और एक तू और डेली बेली जैसी फिल्मों में दिखे। हालांकि बाद की उनकी फिल्में बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास नहीं चलीं, 2015 में अपनी आखिरी फिल्म कट्टी बट्टी की रिलीज के बाद से उन्होंने फिल्मों से दूरी बना ली। इमरान कई सालों से फिल्मों से दूर हैं, लेकिन पिछले कुछ महीनों में उन्होंने इंटरव्यू दिए हैं, जहां उन्होंने अपनी ज़िंदगी के बारे में अपडेट शेयर किए हैं। इमरान ने बताया था कि वह लेखा वाशिंगटन को डेट कर रहे हैं। अब दोनों लिव इन में रहते हैं। इमरान खान ने पहले अवंतिका मलिक से शादी की थी। हालांकि, फरवरी 2019 में यह कपल अलग हो गया।दोनों की 10 वर्षीय बेटी इमारा हैं। जब लेखा के साथ उनके डेटिंग की अफ़वाहों ने सुर्खियां बटोरीं, तो तलाक के पीछे का कारण बताया गया।

# सौंदर्या की मौत पर क्यों 21 साल बाद हुई चर्चा



17 अप्रैल 2004 में अमिताभ बच्चन की सूर्यवंशम में सूर्खियां बटोरने वाली एक्ट्रेस सौंदर्या कर्नाटक में बेंगलुरु के पास जक्कुर हवाई पट्टी से सिंगल इंजन सेसना 180 में सवार होकर आई थीं। तेलुगु सिनेमा की खूबसूरत अदाकारा और डॉक्टर सौंदर्या उस समय भाजपा में शामिल ही हुई थीं और वह भाजपा के लिए प्रचार करने के लिए पड़ोसी राज्य आंध्र प्रदेश के करीमनगर जा रही थीं। सुबह के 11 बज रहे थे, जिसके पांच मिनट बाद सेसना विमान आग की लपटों में आ गया और दुर्घटनाग्रस्त हो गया। सौंदर्या और उस दुर्भाग्यपूर्ण उड़ान में सवार उसके साथी यात्री कभी बाहर नहीं निकल पाए और सभी जलकर मर गए। सौंदर्या, जिनका अली नाम सौम्या सत्यानारायण था वह केवल 32 साल की थीं। जब उनका निधन हुआ। वह तेलुगू, कन्नड़, तमिल, हिंदी और मलयालम सिनेमा में काम कर चुकी थीं। वहीं 1999 में आई अमिताभ बच्चन के साथ सूर्यवंशम से उन्हें पॉपुलैरिटी हासिल हुई। साल 2003 में एक्ट्रेस ने जीएस रघु से शादी की। वहीं 2004 में जब एक्ट्रेस का निधन हुआ तो वह प्रेग्नेंट थीं। उड़ान भरने के कुछ ही समय बाद सेसना 180 विमान बेंगलुरु के पास कृषि विज्ञान विश्वविद्यालय के गांधी कृषि विज्ञान केंद्र परिसर में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। गौरतलब है कि सौंदर्या की मौत के अब 21 साल बाद सुर्खियों में है, क्योंकि आंध्र प्रदेश के खम्मम जिले में पुलिस में शिकायत दर्ज कराई गई है, जिसमें शिकायतकर्ता चिट्टीमल्लू ने आरोप लगाया है कि सौंदर्या की मौत हादसा नहीं था, बल्कि तेलुगु अभिनेता मोहन बाबू के साथ संपत्ति विवाद से जुड़ी हत्या थी।

# नमस्ते लंदन का ये एक डायलॉग बोलने में अक्षय कुमार ने लगा दिए थे 2-3 घंटे



करीब 17 साल पहले मशहूर निर्देशक विपुल अमृतलाल शाह की फिल्म 'नमस्ते लंदन' भारतीय सिनेमा की सबसे आइकॉनिक फिल्मों में से एक बनी थी। इस फिल्म ने कॉमेडी, ड्रामा और देशभक्ति का बेहतरीन संगम दिखाया, जिससे यह दुनियाभर के दर्शकों के दिलों में अपनी खास जगह बना पाई। हालांकि, इस फिल्म के सबसे दमदार पलों में से एक था अक्षय कुमार का देशभक्ति से भरा मोनोलॉग, जिसमें वे भारत की महानता के बारे में जोशीले अंदाज में बोलते हैं, जबकि कैटरीना कैफ इसे अंग्रेजी में ट्रांसलेट करती हैं। यह सीन आज भी दर्शकों का फेवरेट बना हुआ है। लेकिन क्या आप जानते हैं? इस आइकॉनिक सीन की शूटिंग के दौरान, वहां मौजूद ब्रिटिश लोगों की सोच ही बदल गई थी! एक इंटरव्यू में विपुल अमृतलाल शाह ने बताया कि इस मोनोलॉग को सुनने के बाद सेट पर मौजूद ब्रिटिश क्रू का रवैया पूरी तरह बदल गया था। उन्होंने खुलासा किया कि जब अक्षय कुमार और कैटरीना कैफ ने पहली बार इस सीन को पढ़ा, तो उन्हें इसकी जानकारी थी, लेकिन उन्हें एक और ज्यादा दमदार वर्जन देने का वादा किया गया था। जब उन्हें यह नया वर्जन मिला तो वे इसे देखकर बेहद प्रभावित हुए और पूरी तरह आश्वस्त थे कि यह सीन सुपरहिट होगा। विपुल शाह ने अक्षय और कैटरीना को इसे सिंपल रखने की सलाह दी क्योंकि वह डायलॉग की ताकत पर भरोसा करते थे। दोनों कलाकारों ने इसे इतने इमोशन और ईमानदारी से परफॉर्म किया कि पूरा सीन सिर्फ 2-3 घंटे में ही पूरा हो गया। फिल्मांकन के दौरान विपुल शाह इस बात को लेकर उत्साहित थे कि अक्षय कुमार अपने करियर का पहला बड़ा मोनोलॉग कैसे डिलीवर करेंगे। लेकिन उन्हें सेट पर एक और दिलचस्प चीज़ देखने को मिली ब्रीटिश क्रू के चेहरे के हावभाव! सेट पर मौजूद करीब 12-13 भारतीय क्रू मेंबर्स को छोड़कर बाकी सभी ब्रिटेन से थे। जब अक्षय ने यह भाषण दिया, तो कई ब्रिटिश क्रू मेंबर्स इसे सुनकर चौंक गए। शुरू में, कुछ को लगा कि शायद ये बातें बढ़ा-चढ़ाकर कही जा रही हैं। लेकिन जब उन्हें पता चला कि इस सीन में कही गई हर एक लाइन ऐतिहासिक रूप से सच है, तो वे पूरी तरह हैरान रह गए।

# अभिषेक बच्चन ने रिजेक्ट की आमिर खान के करियर की 3 सबसे बड़ी ब्लॉकबस्टर

**बॉलीवुड के गलियारों में रिजेक्ट की हुई फिल्मों के ब्लॉकबस्टर साबित होने के कई किस्से हैं। एक एक्टर की रिजेक्ट की हुई फिल्म ने दूसरे को रातों रात स्टार बना दिया। ऐसी फिल्में रिजेक्ट कर कई स्टार्स ने खुद का ही घाटा करा दिया। आज हम आपके साथ अभिषेक बच्चन की रिजेक्ट की हुई ऐसी तीन फिल्मों के बारे में बताने जा रहे हैं, जो ब्लॉकबस्टर साबित हुईं और आमिर खान को स्टार बना दिया। जूनियर बच्चन की ठुकराई फिल्मों ने मिस्टर परफेक्शनिस्ट के फिल्मी करियर को नई ऊंचाइयां दी। अभिषेक की ठुकराई हुई ये तीनों फिल्मों ने भारी सफलता हासिल की और इनमें से एक ने तो प्रतिष्ठित ऑस्कर में नॉमिनेशन भी हासिल किया।**



## अभिषेक ने ठुकराई थी ये 3 फिल्में

ऑस्कर में नॉमिनेशन हासिल करने वाली आइकॉनिक फिल्म 'लगान' को अभिषेक बच्चन ने सबसे पहले ठुकराया था। फिल्म के डायरेक्टर ने इसके बाद आमिर खान को अप्रोच किया। मिस्टर परफेक्शनिस्ट ने न सिर्फ इस फिल्म में काम किया बल्कि इसे को-प्रोड्यूस भी किया। 74वें अकादमी अवार्ड में लगान को सर्वश्रेष्ठ विदेशी भाषा फिल्म की श्रेणी में नॉमिनेट किया गया था। अभिषेक बच्चन की ठुकराई दूसरी फिल्म जो आमिर खान के हिस्से गई वह थी 'दिल चाहता है'। यह फरहान अख्तर की डायरेक्टोरियल डेब्यू थी। आमिर खान ने फिल्म के ऑफर को एक्सेप्ट कर लिया और यह बड़ी हिट साबित हुई।अभिषेक की ठुकराई तीसरी फिल्म, जिसने आमिर की किस्मत चमका दी वह 'रंग दे बसंती' थी। साल 2006 में रिलीज हुई यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर ब्लॉकबस्टर साबित हुई। दो टाइमजोन में शिफ्ट होती इस फिल्म की स्टोरी लाइन को अभिषेक बच्चन नहीं समझ पाए और इसी वजह से रंग दे बसंती जैसी शानदार फिल्म का ऑफर ठुकरा दिया।

## 'रोल के लिए कच्चा'- अभिषेक

एक इंटरव्यू में अभिषेक बच्चन ने लगान को रिजेक्ट करने की बात स्वीकारते हुए इसके पीछे का कारण बताया था। एक इंटरव्यू में एक्टर ने बताया था कि लगान के लिए वह बहुत युवा और कच्चे एक्टर थे। अभिषेक ने कहा था कि उन्हें पता था लगान बड़ी फिल्म है, लेकिन एक एक्टर के तौर पर इस फिल्म से जुड़ने के लिए वह खुद को काफी कच्चा मानते थे। उन्होंने ने इस फिल्म में आमिर के परफॉर्मेंस की काफी सराहना भी की थी। अभिषेक की रिजेक्ट की हुई इन तीनों फिल्मों ने आमिर खान के करियर को ऊंचाई दिया।

# मुख्यमंत्री फडणवीस ने परिवार संग खेली होली



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**मुंबई।** मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने अपने परिवार के संग होली का त्यौहार मनाया। मुंबई स्थित निवास स्थान पर फडणवीस ने पत्नी अमृता और बेटी दिविजा को गुलाल लगाकर होली का उत्सव मनाया। इस दौरान मुख्यमंत्री राज्य की जनता को होली की शुभाकनाएं भी दी। मुख्यमंत्री ने लिखा, होली की शुभकामनाएं! परिवार के साथ हमारे जीवंत होली उत्सव की एक आनंदमय झलक! आशा है कि आप सभी ने भी अपने प्रियजनों के साथ जश्न मनाते हुए अच्छा समय बिताया होगा! एक बार फिर सभी को होली की हार्दिक शुभकामनाएं!

### राजस्थान के मुख्यमंत्री निवास पर होली समारोह

# भजनलाल शर्मा ने आमजन संग मनाया रंगों का त्यौहार



- फूलों एवं प्राकृतिक रंगों से खेली होली
- बड़ी संख्या में जुटे प्रदेश के आम लोग

**मुंबई।** राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मुख्यमंत्री निवास पर होली का पर्व बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया। मुख्यमंत्री भजनलाल ने इस दौरान बड़ी संख्या में आए आमजन से आत्मीय मुलाकात कर फूलों और प्राकृतिक रंगों से होली खेली। मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को होली के पर्व की बधाई देते हुए कहा कि रंगों का यह पर्व बेहद ही निराला है। हमें आपसी कटुता को भुलाते हुए एक-दूसरे को गले लगाने की सीख देता है। साथ ही उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन से प्रदेश की अर्थव्यवस्था को 350 बिलियन डॉलर के लक्ष्य तक पहुंचाने के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध है।

### लोक कलाकारों ने दी प्रस्तुति

मुख्यमंत्री निवास पर आयोजित होली स्नेह मिलन समारोह में लोक कलाकारों ने ब्रज की सांस्कृतिक प्रस्तुति दी। इस अवसर पर कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति से राधा-कृष्ण की होली के साथ-साथ होली के गीतों से लोगों को झूमने के लिए मजबूर

### प्रदेशवासियों की खुशशहाली की कामना

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने युवा, किसान, महिला और मजदूर सहित पूरे प्रदेश की खुशहाली की प्रार्थना की। समारोह में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की धर्मपत्नी गीता शर्मा भी मौजूद रहीं। इस दौरान जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और बड़ी संख्या में आमजन ने सीएम भजनलाल शर्मा के साथ होली मनाई।

## मुख्यमंत्री निवास पर होलिका दहन



मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने गुरुवार को सिविल लाइन्स स्थित मुख्यमंत्री निवास पर होली पूजन कर प्रदेशवासियों की खुशहाली और समृद्धि की कामना की। शर्मा ने परिवारजनों के साथ यहां राज राजेश्वरी मंदिर प्रागंण में विधिवत् रूप से होली पूजन किया। उसके बाद मंत्रोच्चार के बीच होलिका दहन किया गया। इस दौरान राजस्थान पुलिस की चार आरएसी बटालियन के जवानों ने चंग की थाप पर होली के गीत और नृत्य प्रस्तुत किए। मुख्यमंत्री ने जवानों से मिलकर उनकी हौसला अफजाई की। होलिका दहन कार्यक्रम में मुख्यमंत्री कार्यालय के अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने मनाई धुलंडी





**रेवदर।** भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने जिला प्रमुख अर्जुनराम पुरोहित और पूर्व जिला अध्यक्ष नारायणलाल पुरोहित के निवास पर मंडल अध्यक्ष के नेतृत्व में गुलाल लगाकर धुलंडी मनाई। इस दौरान सोशल मीडिया जिला संयोजक पूरण राव, मंडल महामंत्री अनिल वैष्णव, अमराराम मेगवाल, जिला जिला परिषद सदस्य मगन कोली, वरिष्ठ नेता भीमाराम लोहार, मंडल उपाध्यक्ष विष्णु जोशी, मंडल मंत्री गणपत सिंह, मंडल आईटी सेल प्रभारी नरेश छिपा, मंडल सोशल मीडिया प्रभारी ईश्वर घांची, गोदाराम चौधरी, एसटी मोर्चा मंडल अध्यक्ष भैरा राम भील, शक्ति केंद्र संयोजक अशोक माली, चेतन राव आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## पुष्कर में अंतरराष्ट्रीय होली फेस्टिवल

**अलवर।** राजस्थान के अजमेर जिले की धार्मिक नगरी पुष्कर में हर साल होली का त्योहार बेहद खास अंदाज में मनाया जाता है। इस बार भी पुष्कर की होली को देखने और खेलने के लिए देश-विदेश से हजारों पर्यटक पहुंचे। गुलाल, संगीत और ढोल की थाप पर झूमते सैलानियों ने इस ऐतिहासिक पर्व को उत्साह के साथ मनाया। पुष्कर की होली अपनी रंगीन और जीवंत परंपराओं के कारण दुनियाभर में मशहूर है। विदेशी सैलानी यहां विशेष रूप से आते हैं। हर साल की तरह इस बार भी पुष्कर के वराह चौक पर "ला बेला होली यूथ मंडल" द्वारा भव्य आयोजन किया गया। चौक पर हजारों की संख्या में एकत्रित देसी-विदेशी पर्यटकों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली खेली।

## धुलंडी पर खुला सांवलिया सेठ का खजाना

**चित्तौड़गढ़।** राजस्थान के चित्तौड़गढ़ जिले में भगवान कृष्ण का पौराणिक मंदिर श्री सांवलिया सेठ के दानपात्र को धुलंडी पर डेढ़ महीने बाद खोला गया। पहले चरण की गिनती पूरी होने तक 7 करोड़ 55 लाख रुपए के नोट गिने जा चुके हैं। मंदिर मंडल के प्रशासनिक अधिकारी सीईओ प्रभा गौतम की मौजूदगी में दानपात्र खोला गया। अब दूसरे चरण की गिनती 17 मार्च को शुरू की जाएगी। नोटों की गिनती के लिए गणना स्थल पर सीसीटीवी और मैनुअल कैमरों से भी निगरानी रखी जा रही है। पहले चरण में दान पात्र में रखे भारतीय नोटों की ही गिनती हुई है। भंडार से निकले विदेशी मुद्रा के नोटों की गिनती के अलावा सोने-चांदी की गिनती होना अभी बाकी है।

# जागरूक गो सेवा संस्थान में मना होली का त्यौहार

## सबसे पहले गोमाता व नंदी को रंग लगा, गुड़ खिलाकर लिया आशीर्वाद



**सिरोही।** रंग, गुलाल प्रेम का त्यौहार पूरे देश में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इसी क्रम जागरूक गो सेवा संस्थान, जीरावल (मोडकनाथ ग्रीन) में भी होली का पर्व बड़े ही प्रेम एवं उत्साह के साथ मनाया गया। जागरूक गो सेवा संस्थान के संस्थापक एवं जागरूक टाइम्स के समूह संपादक गोविंद पुरोहित की उपस्थिति में होली की शुरुवात गौ माता एवं नंदी के साथ हुई। पुरोहित एवं उपस्थित गणमान्यों ने सबसे पहले गोमाता एवं नंदी को गुड़ खिलाकर तथा अबीर का तिलक लगाकर उनका आशीर्वाद लिया। तत्पश्चात सभी ने एक दूसरे को रंग लगाकर होली पर्व की बधाई एवं आगामी दिनों के लिए शुभकामनाएं दीं। वहीं बच्चों ने बड़ों को अबीर लगाकर आशीर्वाद लिया तो बड़ों ने बच्चों पर प्रेम, स्नेह एवं शुभाशीष बरसाए। इस दौरान सभी में विशेष उत्साह एवं उल्लास देखने को मिला।



रंगों के पर्व पर बच्चों को अबीर लगा कर होली मनाते हुए जागरूक टाइम्स के समूह संपादक गोविंद पुरोहित

### ग्वालों संग सबने खेली होली

होली के पावन पर्व पर सभी गणमान्यों एवं संस्थापक गोविंद पुरोहित को अपने बीच पाकर गोमाता एवं नंदी का ख्याल रखने वाले ग्वाल विशेष रूप से उत्साहित एवं प्रफुल्लित दिखे। सभी ने एक दूसरे को रंग एवं अबीर लगाकर बधाई दी। वहीं ग्वाल बंधुओं के जोश, उत्साह एवं उल्लास ने इस होली के पर्व को यादगार बना दिया।

### इनकी रही उपस्थिति

इस अवसर पर गेनाराम पुरोहित, मंछाराम सुथार, मुकेश पुरोहित, तोलाराम माली, प्रकाश राजपुरोहित, राहुल पुरोहित, मुकेश भाटी, बलवंत कोली, मुकेश माली, जवनाराम रेबारी, गमनाराम गरासिया, प्रताप सिंह, गेलाराम रबारी, कालाराम रबारी, जीतू जोगी, मुकेश भील, ताराराम भील एवं अन्य गणमान्यों तथा गो पालकों की विशेष उपस्थिति रही।







## रंग लगाने को लेकर मारपीट में युवक की मौत

**दौसा।** राजस्थान के दौसा जिले में होली के मौके पर रंग लगाने को लेकर बड़ा विवाद हो गया। लाइब्रेरी में तीन युवकों ने मिलकर एक युवक को बेरहमी से पीटा, जिससे उसकी मौत हो गई। घटना का सीसीटीवी वीडियो सामने आया है, जो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। घटना दौसा के लालसोट क्षेत्र की है, गांव की लाइब्रेरी में पढ़ाई कर रहे युवकों के बीच होली पर रंग लगाने को लेकर विवाद हो गया। हंसराज नाम के युवक से अशोक, बबलू और कालूराम नाम के तीन युवकों ने मारपीट शुरू कर दी। तीनों ने उसे लाइब्रेरी के अंदर घसीटकर बेल्ट और लात-घूंसों से पीटा।

- वारदात सीसीटीवी में कैद

